राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 08 अंकः 64 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने करनाल के इंद्री रोड स्थित श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में नवनिर्मित आधुनिक सुविधाओं से युक्त मल्टी स्पेशलिटी चेरिटेबल हॉस्पिटल का लोकार्पण किया।

# सीबीआई-ईडी के खिलाफ विपक्ष की मोर्चाबंदी

## नौ विपक्षी नेताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र, केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग पर कही यह बात, भाजपा ने किया पलटवार

**पीएम निशाने पर**

= विपक्ष के नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, लगता है हम एक लोकतंत्र से तानाशाही की ओर बढ़ रहे

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**आबकारी** नीति मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के मामले पर अरविंद केजरीवाल समेत विपक्ष के नौ नेताओं ने पीएम मोदी को पत्र लिखा है। चिट्ठी में कहा गया है कि इस बात से आप में सहमत होंगे कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। विपक्ष के नेताओं के खिलाफ जिस तरह से केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, उन कार्रवाई से ऐसा प्रतीत होता है कि हम एक लोकतंत्र से तानाशाही की ओर बढ़ रहे हैं।
**चिट्ठी लिखने वाले विपक्षी नेताः** अरविंद केजरीवाल (आप), के. चंद्रशेखर राव (बीआरएस), ममता बनर्जी (तृणमूल कांग्रेस), भगवंत मान (आप), तेजस्वी यादव (राजद), फारूक अब्दुल्ला (जेकेएनसी), शरद पवार (एनसीपी), उद्धव ठाकरे (शिवसेना, यूबीटी), अखिलेश यादव (सपा)।

पत्र में कहा गया कि 26 फरवरी 2023 को दिल्ली में मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी काफी लंबी कवायद के बाद और बिना कोई सबूत साझा किए की गई।





**'सरकार के कामकाज में राज्यपालों का हस्तक्षेप बढ़ रहा'**


**पत्र** में यह भी कहा गया कि विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में सरकार के कामकाज में राज्यपाल का हस्तक्षेप बढ़ रहा है, जिसके कारण केंद्र और राज्यों के बीच दूरियां बढ़ रही है। पत्र में आरोप लगाया कि कुछ राज्यों में राज्यपाल जानबूझकर संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन कर रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए ठीक संकेत नहीं है। पत्र के जरिए नेताओं ने केंद्रीय एजेंसियों की धूमिल हो रही छवि, उनकी स्वायत्तता और निष्पक्षता पर लगातार उठ रहे सवाल पर भी गहरी चिंता जताई है।

सिसोदिया पर लगाए गए सभी आरोप निराधार और राजनीति से प्रेरित हैं। इस कार्रवाई से पूरे देश की जनता में रोष है। मनीष सिसोदिया को स्कूल शिक्षा में शानदार बदलाव लाने के लिए जाना जाता है। ऐसे में सिसोदिया का गिरफ्तारी दुनिया के सामने राजनीतिक साजिश का उदाहरण पेश करती है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि भारत में लोकतांत्रिक मूल्य भाजपा शासन में खतरे में हैं। पत्र में आगे कहा गया कि 2014 में भाजपा के केंद्र की सत्ता में आने के बाद अब तक जिन नेताओं के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों ने मामले दर्ज किए हैं, उनसे पूछताछ की है, उन्हें गिरफ्तार किया है या उनके आवासों या परिसरों पर छापेमारी की है, वे ज्यादातर विपक्षी पार्टियों से संबंधित हैं।

**विपक्ष का भ्रष्टाचार उनका सत्तासिद्ध अधिकारः भाजपा**

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और विपक्ष के सात अन्य दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी। इसमें केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए। इस पर अब भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा ने कहा कि आरोप लगाने वाली वह पार्टियां हैं, जिन्होंने संवैधानिक पदों पर बैठकर भ्रष्टाचार को अपना अधिकार मान लिया। आज उस अधिकार से उपजा हुआ अहंकार इस सीमा तक पहुंच गया है कि वो जांच से भी इनकार कर रहे हैं। दुखद है कि जांच एजेंसियों और देश की व्यवस्थाओं को धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज हम उस पार्टी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से निपट रहे हैं, जिसने भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से अपनी यात्रा शुरू की थी।

## पंजाब की जेल में गैंगवार के बाद जश्न



**अमृतसर/टीम एक्शन इंडिया**
**पंजाब** की गोइंदवाल जेल में मूसेवाला के कातिलों के बीच हुई गैंगवार के 2 वीडियो सामने आए हैं। ये वीडियो लॉरेंस गैंग के सचिन भिवानी ने बनाए हैं। इसमें अंकित सेरसा के अलावा उसके दूसरे साथी गैंगस्टर भी नजर आ रहे हैं। ये सब गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया के गुर्गे मनदीप तूफान और मनमोहन सिंह मोहना के कत्ल का जश्न मना रहे हैं। दोनों वीडियो सामने आने के बाद जेल में मोबाइल इस्तेमाल होने को लेकर पंजाब सरकार में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने दोनों वीडियो की जांच शुरू कर दी है। सचिन भिवानी जेल के अंदर मारकर फेंके गए मनदीप तूफान और मनमोहन मोहना के शव दिखा रहा है। इस दौरान जेल के सुरक्षाकर्मी भी नजर आ रहे हैं।

## पुलिस देख भागे इमरान, गिरफ्तारी की लटकी तलवार



**लाहौर/टीम एक्शन इंडिया**
**पाकिस्तान** पुलिस रविवार को तोशाखाना मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तार करने उनके घर पहुंची। इस्लामाबाद पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि जब एसपी उनके कमरे में पहुंचे तो इमरान वहां मौजूद नहीं थे। इसके चंद घंटों बाद ही इमरान खान ने लाहौर में अपने समर्थकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इतना जलील कभी नहीं हुआ, हमारा क्राइम मिनिस्टर भीख मांगता घूम रहा है। इमरान ने अपने समर्थकों से कहा- आप मेरे टाइगर्स हैं। मैं कभी किसी के सामने नहीं झुका हूं, हम सिर्फ अल्लाह के सामने झुकने वाले लोग हैं। पाकिस्तान गर्त में जा रहा है। हमारा प्राइम मिनिस्टर 16 अरब का घोटाला करके सजा पाने वाला था। जनरल बाजवा ने उसे प्राइम मिनिस्टर बनवा दिया। हमारे होम मिनिस्टर ने 8 कत्ल किए हैं।

## तुनिषा सुसाइड केस में शीजान को मिली जमानत



**मुंबई/टीम एक्शन इंडिया**
**तुनिषा** शर्मा सुसाइड मामले में मुख्य आरोपी शीजान खान को जमानत मिल गई है। उसे लेने के लिए उसकी मां और दोनों बहनें फलक नाज और शफक नाज वसई कोर्ट पहुंचीं थीं। जेल से निकलने के बाद शीजान उनके गले लगकर फूट-फूट कर रोता दिखाई दिया। करीब 70 दिन जेल में रहने के बाद शीजान को 4 मार्च को वसई कोर्ट से जमानत मिली थी। टीवी एक्ट्रेस तुनिषा ने 24 दिसंबर को शूटिंग के सेट पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। तुनिषा के खुदकुशी करने के कुछ ही घंटे के बाद उसकी मां ने उसके को-स्टार शीजान मोहम्मद खान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शीजान को पुलिस ने 25 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार कर लिया था।

## पर्यटन को बढ़ावा देने का पीएम मोदी का नया मंत्र!



**नई तस्वीर उभरेगी**

= समुद्र तटीय, हिमालयन और आध्यात्मिक पर्यटन जैसे कई पर्यटन क्षेत्रों को चिह्नित कर पूरी दुनिया में आगे बढ़ाया जाएगा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**इस** साल से देश में पर्यटन की एक नई तस्वीर उभरने वाली है। यह तस्वीर होगी देश के उन चुनिंदा पचास पर्यटन स्थलों की। जिसमें समुद्र तटीय, वन्यजीव, रोमांचकारी, सांस्कृतिक, हिमालयन और आध्यात्मिक पर्यटन जैसे कई पर्यटन क्षेत्रों को चिह्नित कर पूरी दुनिया में आगे बढ़ाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इन क्षेत्रों पर विशेष जोर देने के लिए मंत्रालय के अधिकारियों को कहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने वेडिंग डेस्टिनेशन समेत देश में आयोजित होने वाले खेलों और अन्य आयोजनों से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी नीति निर्धारण करने को कहा है। अधिकारियों के मुताबिक अगले कुछ महीनों के भीतर ही ऐसे टूरिस्ट डेस्टिनेशन और भव्य तरीके से तैयार हो जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिन पहले बजट के बाद पर्यटन के विकास को एक बड़े अभियान देने के लिए पर्यटन मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय समेत कई मंत्रालयों, राज्यों समेत पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों से न सिर्फ देश में पर्यटन को नई गति देने के लिए सुझाव मांगे बल्कि उनको कई सलाह भी दी।

## मैंने नहीं, पीएम मोदी ने देश का अपमान कियाः राहुल गांधी

**लंदन/टीम एक्शन इंडिया**
**7 दिन** के ब्रिटेन दौरे पर गए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर मोदी सरकार की खुले मंच पर आलोचना की है। लंदन में इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने इंडिया इनसाइट्स के तहत राहुल गांधी से चर्चा की। इस दौरान राहुल ने कहा कि देश का अपमान मैं नहीं, बल्कि खुद पीएम मोदी करते हैं। राहुल ने कहा कि जो लोग प्रधानमंत्री मोदी या उनकी सरकार पर सवाल उठाते हैं, उस पर हमला किया जाता है। बीबीसी के साथ भी यही हुआ। राहुल ने इनकम टैक्स रेड,



लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारी और इंडिया-चीन रिलेशनशिप पर भी बात की।
**मैं नहीं पीएम करते हैं देश का अपमानः** मुझे याद है कि पिछली बार प्रधानमंत्री ने विदेश जाकर घोषणा की थी कि आजादी के 70 साल में कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा था कि हमने एक दशक खो दिया है। भारत में बेहिसाब भ्रष्टाचार है। यह सब उन्होंने विदेश में कहा था। मैंने कभी अपने देश का अपमान नहीं किया। मैं ऐसा कभी नहीं करूंगा। जब वे कहते हैं कि 70 साल में कुछ नहीं हुआ, तो क्या यह हर भारतीय का अपमान नहीं है?"
**जो सरकार से सवाल करता है उस पर हमला होता हैः** यदि कोई पीएम नरेंद्र मोदी का सपोर्टर है, तो उसका भी आँख मूंदकर समर्थन किया जाता है। इसका उलटा जो लोग उन पर या उनकी सरकार पर सवाल उठाते हैं, उस पर हमला किया जाता है। कुछ ऐसा ही ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन बीबीसी के साथ हुआ है। बीबीसी ने गुजरात दंगों पर डॉक्यूमेंट्री बनाई और मोदी सरकार ने विवाद पैदा कर दिया।

**मोदी सरकार की आलोचना की**

= भारत में बेहिसाब भ्रष्टाचार है। यह सब पीएम ने विदेश में कहा था। मैंने कभी अपने देश का अपमान नहीं किया। मैं ऐसा कभी नहीं करूंगाः राहुल गांधी

## विपक्ष मोदी सरकार को बदनाम कर रहाः रिजिजू



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**केंद्रीय** कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि दुनिया को यह बताने की कोशिश की जा रही है कि भारतीय न्यायपालिका और लोकतंत्र संकट में है। टुकड़े-टुकड़े गैंग को बेहतर ढंग से समझ लेना चाहिए कि अब भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की नई यात्रा शुरू कर रहा है। इन गिरोहों को भारत विरोधी विदेशी संस्थाओं का समर्थन मिलता है ताकि वे भारत के खिलाफ सीधे हमले कर सकें। इसलिए वे इंडियन डेमोक्रेसी, सरकार, न्यायपालिका, डिफेंस, चुनाव आयोग, जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता पर हमला करते हैं। भारतीय न्यायपालिका पर सवाल नहीं उठाया जा सकता खासकर न्यायाधीशों के ज्ञान को सार्वजनिक जांच में नहीं डाला जा सकता है। न्यायाधीशों की बुद्धि सार्वजनिक जांच से परे है। रिजिजू ने ये बात एडवोकेट कॉन्फ्रेंस में कही।
**कुछ लोगों को पता नहीं भारतीय न्यायपालिका कैसे काम करती है:** रिजिजू की टिप्पणी कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में दिए लेक्चर के बाद सामने आई है, जिसमें राहुल ने कहा था कि भारतीय लोकतंत्र पर हमला हो रहा है।

## एमपीः लाडली बहना योजना का हुआ शुभारंभ

**भोपाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने जंबूरी मैदान में रविवार को महत्वाकांक्षी लाड़ली लक्ष्मी योजना के बाद लाड़ली बहना योजना का शुभारंभ किया। इससे पहले सीएम मंच से उतरकर महिलाओं पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिवादन किया। इसके बाद सीएम ने कन्यापूजन- महिलाओं का सम्मान कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय शुरू हो रहा है। सीएम ने रिपोर्ट का बटन दबाकर लाडली बहना योजना और योजना के थीम सॉन्ग लांच किया। बता दें शिवराज सरकार प्रदेश की बहनों को लाडली बहना योजना के तहत हर माह एक हजार रुपए देंगी। यह राशि हर माह की 10 तारीख को बहनों के खाते डाली जाएगी।



**महिला सशक्तिकरण**

= बहनों को लाडली बहना योजना के तहत हर माह एक हजार रुपए देंगी। राशि हर माह की 10 तारीख को डाली जाएगी

लाड़ली बहना योजना को लेकर सांस्कृति कार्यक्रम से बहनों को आर्थिक रूप से मजबूत होने का संदेश दिया गया। सीएम ने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के ब्रोशर और योजना पर आधारित लघु फिल्म का विमोचन किया।


**कार्यक्रम** मुख्यमंत्री ने हिमाचल स्टूडेंट्स यूनियन के वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'हिमाचल एक झलक' में शिरकत की

## युवाओं को आधुनिक शिक्षा प्रदान करेगी सरकारः सीएम सुक्खू

**शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने युवाओं का आह्वान किया कि हिमाचल की समृद्ध संस्कृति को देश-विदेश तक पहुंचाने के लिए वे प्रदेश के युवा दूत के रूप में कार्य करें, ताकि विश्व हिमाचल की विशिष्टता को आत्मसात कर सके। उन्होंने गत दिवस को पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में हिमाचल स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'हिमाचल एक झलक' में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में यह बात कही। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल की मनभावन संस्कृति, सरल रहन-सहन, सुंदर पहनावा और पौष्टिक आहार देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। युवाओं को न केवल इस विशेषता को जीवंत रखना होगा अपितु लोगों को इससे रू-ब-रू भी करवाना होगा। उन्होंने कहा कि संस्कृति और लोकाचार का प्रसार पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देकर प्रदेश की आर्थिकी को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।




उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति से जुडकर ही सुरक्षित समाज का निर्माण किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार सत्ता को जनहित के लिए व्यवस्था परिवर्तन का साधन मानकर कार्य कर रही है। अभी तक के अपने कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने समाज के विभिन्न वर्गों को राहत पहुंचाने का किया कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकार मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना शुरू कर बेसहारा एवं अनाथ बच्चों की शिक्षा एवं अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में सफलता के साथ आगे बढ़ रही है।



# 'गोवंश के संरक्षण के लिए सरकार वचनबद्ध'

## सरकार ने बढ़ाया गौशालाओं का बजट, 40 से किया 400 करोड रुपए, 28 मार्च से एमएसपी पर खरीदेगी किसानों की सरसों

**8 ग्रामीण गाय के गोबर से बनने वाली वाली खाद पर आधारित प्राकृतिक खेती करें ताकि खाने के लिए शुद्ध अनाज मिल सके**

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि सरकार गौशालाओं के बजट में निरंतर बढोतरी कर रही है, ताकि गायों के पालन-पोषण में किसी प्रकार की दिक्कत न आए। इस वर्ष 40 करोड़ रुपए से बढाकर 400 करोड़ रुपए किया गया है। कृषि एवं पशुपालन मंत्री कदलाल रविवार को भिवानी के गांव जीतवानबास में स्थित कशिवमुनी गौशाला के वार्षिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कृषि एवं पशुपालन मंत्री ने कहा कि सरकार गौ संरक्षण एवं संवर्धन पर पूरा जोर दे रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे गाय के गोबर से बनने



वाली वाली खाद पर आधारित प्राकृतिक खेती करें ताकि खाने के लिए शुद्ध अनाज मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यूरिया व डीएपी आदि खाद से खानपान जहरीला हो गया है, जिससे अनेक प्रकार की जानलेवा बीमारियां हमें अपनी चपेट में ले रही हैं।
कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार 28 मार्च से एमएसपी पर किसानों की सरसों खरीदेगी। उन्होंने जीतवानवास की गौशाला में 11 लाख देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार अंत्योदय की भावना से काम कर रही है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर नई-नई परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। सरकार द्वारा वर्ष 2023 को मौटे अनाज का पोषक वर्ष घोषित किया गया है, जिससे सबसे अधिक फायदा हरियाणा के किसानो को होगा, इससे किसानों को आय बढाने के लिए



नए अवसर मिलेंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा गरीब लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाया जा रहा है, जिसके चलते एक लाख 80 हजार रुपए तक की सालाना आय वाले करीब 29 लाख लोगों के चिरायु कार्ड बनाए गए हैं। इससे वे साल भर में जरूरत पड़ने पर पांच लाख रुपए तक का उपचार फ्री में ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि पशुधन को बचाने के लिए प्रदेश में 112 की तर्ज पर एंबुलेंस सेवा शुरू की जाएगी, जिसमें 200 एंबुलेंस शामिल होंगी। किसी भी प्रकार के हादसे में घायल व बीमार, पशुओं का तुरंत प्रभाव से उपचार किया जाएगा।
कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री कनरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दिन दुगनी रात चौगुनी उन्नति कर रहा है। विश्व के मानचित्र पर भारत की साख बढ़ी है। आज भारत एक बार फिर से विश्व गुरु

## 'भारतीय त्यौहार देते है आपसी भाईचारे को बढ़ावा'

**चण्डीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**सहकारिता** एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि होली का पर्व सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली के रंग लेकर आता है। हर्ष और उल्लास के रंगों से भरपूर होली का पर्व आपसी मतभेदों और कटुता को भुलाकर एक दूसरे के प्रति प्रेम-भाव और सहयोग को प्रोत्साहित करने का पर्व है। सहकारिता मंत्री रेवाड़ी जिला के बावल में होली मिलन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। समारोह में पहुंचे आमजन व भाजपा कार्यकताओं ने कैबिनेट मंत्री डॉ. बनवारी लाल के साथ फूलों की होली खेल कर मनाया होली मिलन समारोह। सहकारिता मंत्री ने जनमानस से आपसी प्रेम एवं सद्भावना के साथ सुरक्षित होली खेलने और मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली के त्योहार में जितना संभव हो सके उतना कम पानी का इस्तेमाल करे तथा पानी को व्यर्थ न बहाएं। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की युवा पीढ़ी ने सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हुए देश को बदला है और अब होली का त्योहार शान्तिपूर्वक तरीके से मनाया जाने लगा है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति का निचोड़ त्योंहारों के जरिये आपसी सौहार्द व प्रेम को बढ़ावा देना है।

## दिग्विजय चौटाला की शादी में पहुंचेगी बॉलीवुड हस्तियां

### सलमान खान से लेकर बाबा रामदेव तक को न्योता, लगन रंधावा से लेंगे 7 फेरे



**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के भाई दिग्विजय चौटाला की शादी की तैयारियां जोरों पर है। दिग्विजय चौटाला खुद अपनी शादी के निमंत्रण दे रहे हैं। उनकी शादी में बॉलीवुड हस्तियां से लेकर राजनीतिक हस्तियां शामिल होंगी। खुद दिग्विजय चौटाला बॉलीवुड स्टार सलमान खान, सिंगर कैलाश खेर, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, पतंजलि अध्यक्ष बाबा रामदेव को शादी का निमंत्रण दिया है। हाल ही में अजय चौटाला ने पंजाब के पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल को भी बेटे की शादी का निमंत्रण दिया था।
**अमृतसर से हैं रंधावा परिवार:** पंजाब के अमृतसर की रहने वाली लगन कौर रंधावा से दिग्विजय चौटाला की शादी तय हुई है। लगन कौर रंधावा के दादा अकाली सरकार में डिप्टी स्पीकर रह चुके हैं। जबकि उनके पिता दीपकरण रियल एस्टेट कारोबारी हैं।
**सिरसा में समारोह की तैयारियां:** सिरसा में समारोह की तैयारियां चल रही हैं। करीब 18 एकड़ जमीन में टैंट लगाया जा रहा है। इसके बाद 15 मार्च को दिल्ली में शादी की रिसेप्शन है। चौटाला परिवार ने सिरसा में शादी समारोह में शामिल होने के लिए प्रदेश की सभी पंचायतों को निमंत्रण दिया है।
**ओपी चौटाला से ले चुके आशीर्वाद:** दिग्विजय चौटाला अपने पिता अजय चौटाला के साथ अपने दादा ओपी चौटाला से भी आशीर्वाद ले चुके हैं। खुद दिग्विजय चौटाला ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी फोटो शेयर की थी।
**कौन हैं दिग्विजय चौटाला?**
दिग्विजय चौटाला, अजय सिंह चौटाला और नैना सिंह के बेटे हैं। वहीं ओम प्रकाश चौटाला और स्नेहलता के पोते हैं। दिग्विजय चौटाला के भाई दुष्यंत चौटाला हरियाणा की बीजेपी-जजपा सरकार में उपमुख्यमंत्री हैं। वहीं उनके चाचा अभय सिंह चौटाला हैं। दिग्विजय चौटाला के दादा ओम प्रकाश चौटाला हरियाणा के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। दिग्विजय चौटाला इस समय जननायक जनता पार्टी के महासचिव हैं।

## कार पर बैठकर हुड़दंग मचा रहे युवाओं को भेजा पोस्टल चालान

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
तीन दिन पूर्व कार के बोनट व ऊपर बैठकर हुड़दंग मचा रहे युवाओं का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक्शन लेते हुए रविवार को पोस्टल चालान उनके घर पहुंचाए है। एक मार्च को मथुरा हाईवे पर युवाओं ने हुडदंग मचाया था। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने रविवार को बताया कि एक मार्च को कुछ असामाजिक तत्वों ने मथुरा हाईवे पर अपनी गाड़ी के बोनट पर छत पर बैठकर यातायात के बीच अवरोध उत्पन्न किया था। फरीदाबाद में स्मार्ट सिटी के तहत लगे सीसीटीवी कैमरे में वारदात सामने आई तो सीसीटीवी टीम ने तुरंत मामले में कार्रवाई करते हुए गाड़ी चालकों के घर पोस्टल चालान कर पहुंचा दिए गए थे।

## सरकार ने व्यापारियों के हित में बनाया कानून: कमल गुप्ता

### दशकों पुराने आवासीय क्षेत्रों में कमर्शियल गतिविधियों को मिलेगी मान्यता : मंत्री डॉ. कमल गुप्ता

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**शहरी** स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा है कि राज्य सरकार जल्द ही दशकों पुरानी आवासीय कॉलोनियों अथवा सोसायटियों में कमर्शियल गतिविधियों को मंजूरी प्रदान करने जा रही है। डॉ. गुप्ता आज रोहतक में पालिका बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित व्यापारियों को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा स्वामित्व योजना के तहत व्यापारियों को उनकी दुकानों का मालिकाना हक प्रदान करने के



उपलक्ष में आयोजित किया गया था। डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में दशकों पुरानी ऐसी कॉलोनियां अथवा सोसाइटी है, जहां पर व्यावसायिक गतिविधियां चल रही है, लेकिन उन्हें मान्यता नहीं है। इसी के मद्देनजर सरकार ने एक अधिनियम पास किया है, जिसके तहत उपरोक्त कॉलोनियों में कमर्शियल गतिविधियों को मान्यता प्रदान कर दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि व्यापारियों के हित में राज्य सरकार ने ट्रेड लाइसेंस को भी समाप्त कर

**8 प्रदेश में दशकों पुरानी ऐसी कॉलोनियां अथवा सोसाइटी है, जहां पर व्यावसायिक गतिविधियां चल रही हैं**

दिया है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के हितों के मद्देनजर ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 20 साल से अधिक समय से शहरी स्थानीय निकाय विभाग की दुकानों पर अपना व्यापार चलाने वाले व्यापारियों के लिए विधानसभा में कानून पास करवाया। मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि कानून बनने के बाद 7000 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 4000 दुकानों का किराया शहरी स्थानीय निकाय द्वारा दिया जा रहा था, लेकिन शेष दुकाने अन्य विभागों की संपत्ति थी। इस संबंध में उन्होंने कहा कि शीघ्र ही एक ऐसा कानून लाया जाएगा, जिसके तहत अन्य विभागों की दुकानों का मालिकाना हक भी संबंधित व्यापारियों को दिया जाएगा।
उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि 31 मार्च से पहले-पहले यह कार्य पूर्ण हो जाए। डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि व्यापार का धंधा कर रहे लोग व्यापारी होने के साथ-साथ देश के नागरिक भी है इसलिए उन्हें देश के सशक्तिकरण के बारे में भी सोचना चाहिए।

## बजट अध्ययन के लिए सोमवार को होगी विधायकों की ट्रेनिंग

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य में बजट अनुदान की मांगों का अध्ययन करने के लिए गठित आठ विभागीय समितियों के सदस्यों को सोमवार को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन समितियों का गठन हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने किया है।
यह प्रशिक्षण सोमवार को संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) की ओर से दिया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने इन समितियों के सभापतियों और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर चुके हैं। दरअसल, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बीती 23 फरवरी को प्रदेश का बजट पेश किया था। उसके बाद से हरियाणा विधानसभा को स्थगित कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने बजट अनुमानों पर मंथन के लिए आठ अलग-अलग कमेटियों का गठन किया है। यह कमेटियां 17 मार्च से शुरू होने वाले विधानसभा के दूसरे सत्र के दौरान बजट के संबंध में अपनी रिपोर्ट देंगी। जिसके आधार पर सरकार बजट में संशोधन का प्रस्ताव रख सकती हैं। इन कमेटियों की रिपोर्ट के बाद ही बजट को पास किया जाएगा। बजट पर अनुदानों की मांगों पर विचार विमर्श करने में विधायकों को स्थायी समितियों की कार्यप्रणाली की प्रक्रिया एवं अन्य कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## २ सीएम को मिले उपहारों की नीलामी के लिए शुरू किए गए पोर्टल को मिला जबरदस्त रिस्पांस

### उपहार पोर्टल के जरिए नीलामी के लिए रखे गए कुल 51 उपहार लिए ही खर्च किया जाएगा

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**खुद** को मिले उपहारों को नीलाम कर उससे मिले डोनेशन को जन कल्याण के कार्यों में लगाने के प्रधानमंत्री कनरेन्द्र मोदी के विचार से प्रेरित होकर हरियाणा के मुख्यमंत्री कमनोहर लाल द्वारा बनवाए गए उपहार पोर्टल को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है।
हरियाणा में किसी मुख्यमंत्री ने पहली बार यह कार्य किया है जो साबित करता है कि मुख्यमंत्री जब यह कहते हैं कि पूरा हरियाणा ही उनका परिवार है तो यह सिर्फ.एक बयान भर नहीं होता बल्कि इसमें पूरी सच्चाई निहित होती है। मुख्यमंत्री को मिले उपहारों की नीलामी से प्राप्त डोनेशन को समाज की भलाई के लिए ही खर्च किया जाएगा।
उपहार पोर्टल के जरिए नीलामी के लिए रखे गए कुल 51 उपहारों को 1 करोड 14 लाख 95 हजार रुपए का डोनेशन मिला है। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव व सूचना, जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि कमनोहर लाल की थ्री डी प्रिंटेड प्रतिमा की 21 लाख



रुपए की बोली लगाई गई है। अर्जुन रथ की आकृति को 6 लाख 41 हजार रुपए, कामाख्या देवालय की आकृति को 5 लाख 80 हजार रुपए और राम जन्म भूमि मंदिर की प्रतिमा को 1 लाख 75 हजार रुपए की बोली लगाई गई है। उन्होंने कहा कि उपहारों से प्राप्त धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा होगी और इसे जन कल्याण के कार्यों पर खर्च किया जाएगा। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री कमनोहर लाल ने विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान सामाजिक संस्थाओं या व्यक्तियों द्वारा सम्मान स्वरूप भेंट किए गए उपहारों को नीलाम करने का निर्णय लिया था। कमनोहर लाल की इस पहल के बाद मुख्यमंत्री उपहार पोर्टल लॉन्च किया गया और पहले चरण में 28 फरवरी तक 51 उपहारों की नीलामी की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उपहार पोर्टल पर हर उपहार के साथ उसकी बेस राशि अंकित की गई थी। उन्होंने बताया कि पहले चरण की नीलामी प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही मुख्यमंत्री स्वयं अपने कर कमलों से बोली दाताओं को उपहार को ससम्मान भेंट करेंगे। हालांकि यदि बोली दाता चाहे तो वह उपहार कोरियर से भी प्राप्त कर सकता है।
गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 72वां जन्मदिन के मौके पर एक नीलामी प्रक्रिया का आयोजन करवाया था, जिसमें उन्हें देशभर से मिले लगभग 1200 तोहफों की ई नीलामी की थी।

## बीजेपी-जेजेपी सरकार जनता का वोट लेकर जनता को ही भूल गयी: आशा हुड्डा

**रोहतक/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की धर्मपत्नी आशा हुड्डा ने शहर में आयोजित सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने लोगों को रंगों के त्योहार की बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार आपस में खुशी से मिलजुल कर मनाएं। एक-दूसरे के सुख-दुःख में शामिल हों। इस अवसर पर हुड्डा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई का बुरा हाल है। महिलाएं होली के त्योहार की तैयारी कर रही थी कि सरकार ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम ही बढ़ा दिये ताकि वो होली की गुझिया भी न बना सकें। उन्होंने कहा कि रोहतक में पीने का साफ पानी तक उपलब्ध नहीं है। अच्छी सड़कें, पीने का साफ पानी, बढ़िया सीवर व्यवस्था बिजली आदि देना सरकार का फर्ज होता है। ये सरकार जनता का वोट लेकर जनता को ही भूल गयी। जनता की बात सुनना ही भूल गयी। किसान, कर्मचारी, सरपंच, नौजवान, आंगनबाड़ी वर्कर, मनरेगा मजदूर जब सरकार से अपनी बात कहने जाते हैं तो बदले में लाठियां मिलती हैं। प्रजातंत्र का मतलब होता है कि यदि कोई अपनी समस्या लेकर आये तो सरकार उसकी समस्या सुने और उसका समाधान निकाले।बेरोजगारी और भ्रष्टाचार की बात करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। हर बार पेपर लीक और भर्ती कैंसल हो रही है। आठ साल से पेपर लीक हो रहे है, लेकिन कोई पकड़ा नहीं गया। इस सरकार ने हरियाणा के युवाओं के साथ सबसे भद्दा मजाक ये किया है कि हरियाणा की नौकरियों में गैर-हरियाणवियों को वरीयता दे रही है। पहले हरियाणा के बच्चों को नौकरियों में अहमियत देने के प्रावधान थे, लेकिन ये सरकार हरियाणावासियों के बच्चों को बेरोजगार बना रही है।

## विधायक रणधीर सिंह गोलन ने गांव पाई में किया सड़क का उद्घाटन

**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
विधायक रणधीर सिंह गोलन ने कहा कि समूचे क्षेत्र वासियों की सुविधा के लिए पेयजल, जल निकासी, बिजली इत्यादि मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से मुहैया करवाया जा रहा है, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है। करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए गति प्रदान की गई है, जिसके पूरा होते ही इस क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। विधायक, गांव पाई में एक करोड़ 25 रुपये की लागत से तैयार सडक का उद्घाटन करने उपरांत बोल रहे थे।

## ग्रामीण विकास के लिए बजट में 70 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई: ढांडा

**चण्डीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा ग्रामीण विकास के लिए बजट में 70 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। अब सभी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वह गांवों की समस्याओं का सुनियोजित तरीके से समाधान करें। उन्होंने कहा कि चुने हुए सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर ही विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी। महिला एवं बाल विकास मंत्री कलायत खण्ड के गांव बढसिकरी खुर्द में चाय पर चर्चा कार्यक्रम में पहुंची। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास



को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा पैसे की कमी नहीं आने दी जाएगी। गांवों में पीने के पानी, गन्दे पानी की निकासी व सिंचाई के पानी के लिए परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला परिषद, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से गांवों में विकास कार्यों को लेकर अलग-अलग योजनाओं के तहत पैसा दिया जाएगा। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि ग्रामीणों के साथ बैठकर चर्चा करें।

## हरियाणा का सबसे छोटा शार्प शूटर: 20 साल की उम्र में 2 मर्डर केस

### 20 साल की उम्र में 2 मर्डर केस, पहले मूसेवाला को मारा, अब भगवानपुरिया के गुर्गे कत्ल किए

**रोहतक/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** का सबसे छोटा शार्प शूटर अंकित सेरसा उर्फ छोटू फिर से सुर्खियों में है। सोनीपत के गांव सेरसा के रहने वाले अंकित उर्फ छोटू ने 9 महीने में दूसरा कत्ल कर दिया। इस बार उसका नाम डबल मर्डर केस में जुड़ा है। 19 साल की उम्र में उसने मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला का कत्ल किया। अब जेल में कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया के गुर्गे मनदीप तूफान और मनमोहन मोहना को मार डाला। पंजाब की जेल में गैंगवार के आरोप में पंजाब पुलिस ने लॉरेंस गैंग के जिन 7 आरोपियों पर मर्डर केस दर्ज किया है, उनमें अंकित सेरसा का नाम भी शामिल है। इसके बाद पंजाब पुलिस फिर अंकित सेरसा




के सारे कनेक्शन खंगालने में जुट गई है। हरियाणा पुलिस भी अंकित सेरसा के कॉन्टैक्ट को लेकर अलर्ट मोड पर है।
**19 साल की उम्र में सिद्धू मूसेवाला की पहली हत्या:** अंकित सेरसा ने जिस समय सिद्धू मूसेवाला की हत्या की, उस समय उसकी उम्र करीब 19 साल थी। वह करीब 6 माह पहले ही वह लॉरेंस गैंग के गैंगस्टर गोल्डी बराड़ से संपर्क कर शामिल हो गया। इसके बाद उसने लगातार ट्रेनिंग ली। ट्रेनिंग लेने के बाद उसने पहला मर्डर सिद्धू मूसेवाला का ही किया। इससे पहले केवल अंकित ने हथियार चलाने ही सीखे थे। इसके बाद सिद्धू मूसेवाला पर दोनों हाथों से ताबड़तोड़ गोलियां चलाई।
**सिद्धू मूसेवाला के सबसे करीब जाकर मारी थी गोली:** अंकित सेरसा सिर्फ 9वीं कक्षा तक ही पढ़ा लिखा है। जिसने मर्डर से पहले गोलियों से सिद्धू मूसेवाला का नाम लिखकर तस्वीर भी खिंचवाई थी। सिद्धू मूसेवाला के सबसे नजदीक जाकर अंकित ने ही गोलियां मारी थी। पुलिस जांच में पता चला था कि उसने दोनों हाथ में पिस्टल लेकर मूसेवाला पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई। हत्या की बाद वह गुजरात में भाग गया। गुजरात से दिल्ली आए तो गिरफ्तार हो गए।
**मोनू डागर के जरिए लॉरेंस गैंग तक पहुंचा था अंकित:** अंकित सेरसा सबसे पहले लॉरेंस गैंग के गुर्गे मोनू डागर के संपर्क में आया। इसके बाद मोनू डागर ने अंकित की मुलाकात अनमोल नामक व्यक्ति से करवाई। अनमोल के जरिए वह लॉरेंस बिश्नोई गैंस से जुड़ गया। वहीं अंकित के खिलाफ सिद्धू मूसेवाला मर्डर से पहले राजस्थान में भी हत्या के प्रयास के दो मामले भी दर्ज थे। अंकित सेरसा का शुरूआत से ही पढ़ाई में ध्यान नहीं था। वहीं दसवीं कक्षा में फेल भी हो गया था। वह 6 बहन-भाईयों में सबसे छोटा है। परिजनों ने उसे बुआ के पास बहादुरगढ़ भेज दिया। वहां लॉकडाउन के दौरान अंकित की नौकरी चली गई थी। वहां मोबाइल फोन की चोरी में उसका नाम आया था।

# पूर्णता प्राप्त करने का नाम ही सेवा है, यही धर्म है: डॉ. मोहन भागवत

8 करनाल स्थित श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर परिसर में नवनिर्मित आधुनिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का किया लोकार्पण





**करनाल/राजकुमार प्रिंस।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को करनाल के इंद्री रोड स्थित श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में नवनिर्मित आधुनिक सुविधाओं से युक्त मल्टी स्पेशलिटी चेरिटेबल हॉस्पिटल का लोकार्पण किया। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर उत्प्रवर्तक जैन संत श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात डॉ. मोहन भागवत ने पट्टिका का डोरी खींच कर अनावरण किया और अस्पताल परिसर में घूम कर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।

अस्पताल के अनावरण के बाद सभागार में पहुंचने पर जैन समाज के प्रमुख व्यक्तियों की ओर से डॉ.मोहन भागवत को पगडी पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंच पर सर्व धर्म विभूतियां उपस्थित रहीं। महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देव तीर्थ स्थान के वार्षिक स्थापना महोत्सव पर आयोजित भव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण में डॉ. मोहन भागवत व अन्य विभूतियों ने दीप प्रज्वलन कर समारोह की औपचारिक शुरूआत की।

समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हम वे नहीं हैं जो केवल अपने लिए जीते हैं। हमारी संस्कृति और परंपराओं में सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय की भावना निहित है। उन्होंने कहा कि हर परिस्थिति में परोपकार को हमने जीवन का अभिन्न अंग माना है। श्री भागवत ने कहा कि समाज को मजबूत करके ही हम देश में अच्छी चीजें होते हुए देख सकते हैं। यदि हम सुखी रहना चाहते हैं तो समाज को सुखी बनाना होगा।

डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि मेरी वाणी के कारण यहां कुछ होने वाला है ऐसा नहीं है और ऐसा होता भी नहीं है। शब्दों का असर बहुत देर तक नहीं रहता, वह क्षणभंगुर रहता है। शब्द सुनाई देते हैं बाद में उनका सुनाई देना भी बंद हो जाता है। शब्द जिनके पीछे तपस्या है, कृति है वह कृति ही परिणाम को जाती है। उसका परिणाम भी चिरकाल तक टिकता है। उन्होंने कहा कि यहां प्रत्यक्ष काम हुआ है। आज अपने देश में सबसे बड़ी आवश्यकता है कि सबको को शिक्षा मिले, सभी स्वस्थ रहें। स्वास्थ्य लाभ के लिए व्यक्ति कुछ भी करने को तैयार हो जाता है, क्योंकि यह दोनों बातें आज महंगी हो गई है और दुर्लभ भी हो गई है। ऐसी कोई विधि निकालनी होगी, जिससे इसे सस्ता किया जा सके। अपनी परंपरा में कहा गया है कि सबसे बड़ा दान ज्ञान का दान है और सबसे बड़ी सेवा स्वास्थ्य की है। इन दोनों बातों को ध्यान में रखते हुए अपने देश के प्रत्येक व्यक्ति के पास यह सुलभ और सस्ते दर में पहुंचे यह काम होना आवश्यक है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि यह काम तब तक नहीं हो सकता, जब तक इसे पूरा समाज मिलकर ना करे। पहले ऐसा होता था क्योंकि पहले इसको समाज ने संभाला था। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश लोगों ने भारत में अंग्रेजी शिक्षा किस प्रकार लागू की थी यह एक प्रमाणित बात है। अंग्रेजों के आने से पहले हमारे देश में 70 से 80 प्रतिशत तक जनता साक्षर थी और बेरोजगारी लगभग नहीं के बराबर थी। अंग्रेजों ने इंग्लैंड में जो शिक्षा व्यवस्था उस समय थी उसे यहां लागू किया और यहां की शिक्षा व्यवस्था को तहस नहस कर दिया। हमारी शिक्षा व्यवस्था की खासियत थी कि उसमें वर्ण, जाति का भेद नहीं होता था। आदमी अपना जीवन खुद से चला सके उस प्रकार की शिक्षा मिलती थी। शिक्षा केवल रोजगार के लिए नहीं बल्कि ज्ञान का भी माध्यम थी। इसलिए शिक्षा का सारा खर्च समाज ने उठा लिया था। इनसे जो विद्वान, कलाकार, कारीगर निकले उनका लोहा दुनिया में माना जाता था। शिक्षा सस्ती और सुलभ थी। ऐसे ही स्वास्थ्य का था।

उन्होंने कहा कि गांव में वैद्य हुआ करते थे, उनको बुलाना नहीं पड़ता था। मरीज का पता चलने पर घर जाकर उनका इलाज करते थे। पूरा गांव उनके बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य की चिंता करता था। अब यह परंपरा भारत से लुप्त होती जा रही है। दो तीन पीढ़ी तक एक ही परिवार के डॉक्टर रहते थे। उनको मरीज की हिस्ट्री पता रहती थी, इसलिए निदान आसान रहता था। यही नहीं उनका मरीज के साथ आत्मीयता का भाव बन जाता था। यही कारण है कि पूरी दुनिया में आज भी भारत के डॉक्टर को खोजा जाता है। इलाज के साथ-साथ मरीजों का हौसला बढ़ाने का उसके स्वभाव में है। शिक्षा और स्वास्थ्य आम आदमी तक कैसे पहुंचाया जाए अब यह विचार करने की आवश्यकता है। डॉ मोहन भागवत ने कहा कि यहां जो अस्पताल खोला गया गया वह केवल दवाखाना नहीं है बल्कि एक सेवा है। सेवा अभाव दूर करती हैए सेवा आवश्यकता को पूरा करती है। उन्होंने कहा कि सेवा मनुष्य की प्रवृत्ति है उसका लक्षण है। अगर खाना खाते समय कोई भूखा सामने अगर आए तो मनुष्य का स्वभाव है कि वह उसको भी भोजन देता है। जब तक भूखा सामने होता है हम भोजन नहीं करते यह संवेदना है। इसकी यह विशेष पहचान भारत में आरंभ से ही है। यह हमारे डीएनए का एक भाग बन गई है। इसलिए हमारी संवेदना दुनिया को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि हमारी मान्यता है सुख परोपकार में है। परोपकार करके जीवन जियो, स्वार्थ की सेवा का कोई लाभ नहीं होता। हमारी जो सेवा होती है इसमें अहंकार भी नहीं होता है। मनुष्य केवल अपने लिए नहीं जीता है, हमेशा समूह में ही जीता है। सबको अपना मानना यह मनुष्य का स्वभाव है। जो व्यक्ति जितना बड़ा काम करता है उसे उतना ही सम्मान मिलता है। सत्ता और संपन्न लोग भी उसे खड़े होकर नमस्कार करते हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि जिसके पास कुछ है वह तो सेवा करेगा ही लेकिन जिसके पास कुछ नहीं है वह भी सेवा कर सकता है, जो कुछ है वह समाज का ही दिया हुआ है। जिसने दिया है उसे वापस भी करना चाहिए, यह हमारा कर्तव्य है। सेवा केवल धन से ही नहीं बल्कि शरीर से भी कर सकते हैं। पशु और मनुष्य में जो अलग है, वह धर्म है। धर्म का अर्थ पूजा नहीं है वह स्वभाव है।

## पंचायत समिति भूना के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन पद पर बबली समर्थकों का कब्जा



**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया** जिले की भूना पंचायत समिति के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के रविवार को हुए चुनावों में पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली समर्थकों का दबदबा रहा। दोनों पदों पर बबली समर्थकों ने जीत हासिल की है जबकि भाजपा के दोनों ही उम्मीदवारों को करारी हार का सामना करना पड़ा। जीत के बाद बबली समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया और पंचायत मंत्री को फूलमालाओं से लाद दिया। हालांकि मंत्री ने चेयरमैन व वाइस चेयरमैन चुने जाने के बाद गठबंधन की जीत बताया है। भूना के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में रविवार को पंचायत समिति के प्रधान व उपप्रधान के पद हेतु चुनावी बैठक रखी गई थी। जिला परिषद फतेहाबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुलभूषण बंसल की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। बैठक में पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली पौने घंटे पहले 11 समिति सदस्यों के साथ बैठक कक्ष में पहुंचे, जबकि फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम व सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला चुनावी प्रक्रिया से दूर रहे। हालांकि विधायक दुड़ा राम ने अपने सदस्य समर्थकों की राय भी जानी, किंतु बैठक में सदस्यों की पर्याप्त संख्या नही होने के कारण वह चुनावी दंगल से पीछे हट गए। भाजपा ने चेयरमैन व वाइस चेयरमैन पद पर उम्मीदवार तो उतार दिए, मगर उनकी करारी हार हुई है। गांव जांडलीखुर्द के महेंद्र सिंह चेयरमैन व गांव ढाणी सांचला की मोना कुमारी वाइस चेयरमैन बन गई। चुनाव के दौरान भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। बीडीपीओ कार्यालय भूना में पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली चुनावी बैठक में जब काफिले के साथ पहुंचे तो उनके साथ मात्र 11 समिति सदस्य थे, परंतु जब वोटिंग हुई तो जजपा के चेयरमैन उम्मीदवार को 20 में से 15 वोट मिले, जबकि भाजपा के उम्मीदवार को मात्र 5 वोटों पर ही संतोष करना पड़ा। वाइस चेयरमैन पद की दावेदारी के लिए चार लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मगर वाइस चेयरमैन पद पर जजपा प्रत्याशी मोना कुमारी को 10 वोट मिले वहीं भाजपा समर्थक कृष्णदास को मात्र 3 वोट मिले। वार्ड नंबर 18 के राजबीर सिंह को तीन व वार्ड नंबर 20 के राजेश कुमार को 4 वोट मिले। हालांकि पंचायत मंत्री 11 लोगों के संगठित रूप से लेकर के आए थे, मगर वाइस चेयरमैन पद के चुनाव में एक मत क्रॉसिंग की भेंट चढ गया। प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने नव निर्वाचित चेयरमैन व वाइस चेयरपर्सन को बधाई देते हुए कहा कि सभी सदस्य आम जनता की सेवा करें तथा मिल-जुलकर अच्छा कार्य करें।

8 भाजपा ने चेयरमैन व वाइस चेयरमैन पद पर उम्मीदवार तो उतार दिए, मगर उनकी करारी हार हुई है

## अस्थाई व गैर मान्यता प्राप्त स्कूल संचालकों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**रोहतक/टीम एक्शन इंडिया** अस्थाई व गैर मान्यता प्राप्त स्कूल संचालकों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 11 मार्च को हड़ताल कर भाजपा राज्य कार्यालय के घेराव का निर्णय लिया है। साथ ही स्कूल संचालकों ने सरकार पर स्कूलों के निजीकरण का भी आरोप लगाया और कहा कि प्रदेश भर के लगभग 3200 अस्थायी व गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के लिए सरकार ने 31 मार्च से पहले बंद करने का जो फरमान जारी किया है, वह सरासर गलत है। रविवार को सेक्टर छह स्थित राजीव गांधी स्टेडियम के सामने बाग में अस्थाई व गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई।

जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद ने स्कूल संचालकों की जायज मांग का समर्थन किया और कहा कि पहले ही हरियाणा बेरोजगारी में देश मे पहले स्थान पर है और अब भाजपा सरकार इन स्कूलों को बंद करके जो इन स्कूलों के नौकरीपेशा लोग है उन्हें बेरोजगार करने पर तुली हुई है। साथ ही जो 6 लाख बच्चे इन स्कूलों में पढ़ रहे है उनका भविष्य भी खतरे में डाल रही है। उन्होंने कहा कि जब शराब के ठेके खोलने की बात होती है तो सरकार तुरंत मान्यता दे देती है। जहां किसी को रोजगार मिलता है, बच्चों का भविष्य बनता है, उन स्कूलों की मान्यता सरकार रद्द कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी अस्थायी ० गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को जल्द से जल्द मान्यता देने का वायदा किया था, लेकिन अब सरकार अपने वायदे से मुकर गई।

## हरियाणा डीएसपी को कुचलने वाली कार बरामद



**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा में** फतेहाबाद के डीएसपी चंद्रपाल को टक्कर मारकर भागी वेगनॉर कार पुलिस ने बरामद कर ली है। एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर कार छोड़कर फरार हो गया। यह कार साबरवास क्षेत्र से बरामद हुई। पुलिस ने कार जब्त कर ली। उसका नंबर RJ18-CE1747 राजस्थान का है। पुलिस रजिस्ट्रेशन नंबर की डिटेल निकलवाकर आरोपी को पकड़ने की तैयारी में है। वहीं डीएसपी चंद्रपाल को रविवार दोपहर 12 बजे पैतृक गांव झलनिया स्थित उनकी ढाणी पर बिश्नोई पंथ की प्रथा अनुसार मिट्टी देकर अंतिम विदाई दी गई। राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ। इस दौरान विधायक दुड़ाराम, एसपी आस्था मोदी सहित सभी आलाधिकारी मौजूद रहे।

**कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त, फ्रंट शीशा भी टूटाः** पुलिस ने जब कार बरामद की तो उसका अगला हिस्सा टूटा हुआ था। कार का फ्रंट शीशा भी टूट चुका है। ऐसे में स्पष्ट है कि कार काफी तेज गति से चलाई जा रही थी। जिसने साइकिल पर जा रहे डीएसपी चंद्रपाल को जोर की टक्कर मारी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। डीएसपी चंद्रपाल शनिवार शाम फतेहाबाद पुलिस लाइन से साइकिलिंग करते हुए हिसार की तरफ जा रहे थे।

## 'राहुल घटिया किस्म की बयानबाजी करते हैं'

**यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया** राहुल गांधी घटिया किस्म की बयानबाजी कर रहे हैं। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया भारत को उभरती हुई विश्व शक्ति के रूप में देख रही है। यह बात पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अंबाला के सांसद रतनलाल कटारिया का जो रविवार शाम को जगाधरी के लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकार वार्ता में कही। अंबाला से बीजेपी सांसद रतन लाल कटारिया राहुल गांधी पर जम कर बरसे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संसद में तो किसी बात का सामना नहीं करते है। कभी यात्रा और दर्शन के बहाने भाजपा पर घटिया बयान बाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद भाजपा का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ा है और कांग्रेस का दिन प्रतिदिन खत्म हुआ है। उन्होंने कहा कि हाल ही में पूर्वी उत्तर के 3 राज्यों के चुनाव में जहां पर हिंदुओं के मुकाबले 88 प्रतिशत अधिक ईसाई धर्म के लोग रहते हैं। उन्होंने भाजपा की नीतियों पर जीत दर्ज कराई है। लेकिन कांग्रेसी दिन-रात जहर उगलती है। उन्होंने कहा कि देश में जी-20 देशों की बैठक हो रही है जिसमें विश्व के एक लाख से अधिक जनप्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। राहुल गांधी एक तरफ चीन की पॉलिसी को ठीक बताते हैं। यह उनकी ओछी मानसिकता को दशार्ता है। राहुल गांधी सेना का मनोबल गिराने की बात करते हैं।

## होली घुल-मिलकर, भाई-चारे, प्रेम और सौहार्द्र के साथ रहने का त्यौहार: संजय भाटिया



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हरियाणा कला परिषद द्वारा 4 से 6 मार्च तक तीन दिवसीय मनोहारी होली महोत्सव 2023 स्थानीय कालीदास रंगशाला में मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में सत्यवान सरोहा की टीम ने हरियाणवी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम तथा पानीपत से रसिया की टीम ने राधा-कृष्ण पर आधारित प्रस्तुतियां दी तथा उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। हरियाणवी लोक गीत ह्यबूढ़ी ऐ लुगाई मस्ताई फागण मैह्ल , ह्यआज ब्रज में होली रे रसियाह्ल पर उपस्थित करनालवासी झूम उठे।

मनोहारी होली महोत्सव के तहत दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रम में सांसद संजय भाटिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर सांसद ने करनाल लोकसभा क्षेत्रवासियों को होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि होली अंदर के अहंकार और बुराई को मिटा कर सभी के साथ घुल-मिलकर, भाई-चारे, प्रेम और सौहार्द्र के साथ रहने का त्योहार है।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन व राजीव जैन ने किया होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन



**सोनीपत/संजीव कौशिक**
**भाजपा** की प्रदेश उपाध्यक्षा व पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा कविता जैन व मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने रविवार को वृंदावन गार्डन कबीरपुर में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन कर जिलेवासियों को होली के पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी । कविता जैन ने कहा कि पूर्वोत्तर के राज्यों में भाजपा की शानदार चुनावी जीत से कार्यकताओं में उत्साह है। इससे होली का रंग और भी गहरा हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा गठबंधन को मिली जीत उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वीकार्यता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के पूर्वोत्तर में शांति और विकास के एजेंडे की वजह से भाजपा गठबंधन को जीत मिली है । इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा कविता जैन व मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कार्यकताओं को गुलाल का तिलक लगाकर राज्य की उन्नति की कामना की। होली मिलन समारोह में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। कार्यकर्ताओं के साथ-साथ शहर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी भारी संख्या में पहुंच कर समारोह में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया । सभी ने पूरे उत्साह के साथ एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी । इस दौरान गीत-संगीत की धुनों पर सभी झूमते नजर आए। विदित हो कि जैन दंपती पिछले कई वर्षों से शहरवासियों के साथ सामूहिक रूप से होली मनाने के लिए होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन करते रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने जिलावासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली सबके लिए खुशियां लेकर आई है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का भी आह्वान किया कि वे सबसे मिलजुल कर इस त्योहार को मनाएं। उन्होंने कहा कि होली पर्व से पहले पार्टी को पूर्वोत्तर राज्यों में मिली शानदार सफलता से सभी उत्साहित हैं । नार्थ-ईस्ट के लोगों ने पहली बार देखा है कि केंद्र ने शांति और विकास के लिए कितनी बारीकी और ईमानदारी से काम किया है। उन्होंने इस शानदार सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई दी।

8 शहर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी भारी संख्या में की शिरकत

## अवैध रूप से बनाई जा रही कफ सीरप के कारखाने पर नारकोटिक्स ब्यूरो का छापा

**पलवल/टीम एक्शन इंडिया**
**यहां** ख्याली एंक्लेव में धीरज गुप्ता नामक व्यक्ति के मकान में चल कफ सीरप के कारखाने पर हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पलवल एवं फरीदाबाद की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। छापेमारी टीम को मौके से कोई कागजात नहीं मिले, जिससे यह साबित हो सके कि यह कार्य वैध है। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पलवल एवं फरीदाबाद के इंचार्ज इंस्पेक्टर सतपाल सिंह ने रविवार को बताया कि अभी काउंटिंग की प्रक्रिया चल रही है। अभी मुकदमा दर्ज करने के बाद दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। पता चला है कि आरोपियों ने यह मकान 10 हजार रुपये महीने पर किराए पर लिया हुआ है। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पलवल एवं फरीदाबाद टीम इंचार्ज सतपाल सिंह, सब-इंस्पेक्टर कीमतीलाल व टीम उनकी टीम ने सीनियर ड्रग्स कंट्रोल अधिकारी करण गोदारा और जिला ड्रग्स ऑफिसर संदीप गहलान की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना पर छापेमारी की। यहां लोगों को भ्रमित करने के लिए मकान में नीचे ढक्कन बनाने की फैक्ट्री चलाई जा रही थी और ऊपर की मंजिल पर यह नकली दवाई बनाने का गोरखधंधा चल रहा था। विंग्स कंपनी की नकली खांसी के दवाई बनाई जा रही ओनरेक्स की 3087 भरी हुई बोतलें, 6000 खाली बोतल, विंग्स कम्पनी के लगभग 2000 ढक्कन, ओनरेक्स के नाम से सात-आठ सौ नकली लेबल, तथा पूरी दवाई तैयार करने का कच्चा मैटेरियल इस फेक्ट्री से बरामद किया है।

## 'हम चौधरी देवीलाल के वारिस हैं, आवाम की आवाज को दबने नहीं देंगे'



**पलवल/टीम एक्शन इंडिया** हरियाणा परिवर्तन पदयात्रा रविवार को 10 वें दिन में प्रवेश कर गई। गांव हसनपुर के लोगों को सम्बोधित करते हुए इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल ने प्रदेश को आगे बढ़ाने का काम किया था। निश्चित ही आने वाले समय में चौ. देवीलाल की नीतियों पर चलने वाली इनेलो की सरकार होगी। हम चौधरी देवीलाल के वारिस हैं और जनता की आवाज को दबने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान देश एवं प्रदेश की सरकार ने सभी वर्गों को दिशाहीन कर दिया है और तानाशाही नीतियों को लागू करके आम लोगों की कमर तोड़ी जा रही है। ऐलानाबाद से विधायक चौटाला ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के गढ़ में कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस तो खुद अपने अस्तित्व को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रही है तो ऐसे में यह पार्टी लोगों का क्या हित करेगी। इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। उन्होंने पुनः विधानसभा में हुए घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि एक तरफ वे हरियाणा में व्याप्त भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठा रहे थे तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सरकार का समर्थन करते हुए उल्टा उन्हें ही चुटकुले सुनाने लगे।अभय चौटाला ने कहा कि इससे साफ जाहिर हो गया है कि कांग्रेस गठबंधन सरकार की ही टीम का हिस्सा है। अभय चौटाला ने कहा कि इनेलो की सरकार आने के बाद महिलाओं को प्रति माह एक घरेलू गैस सिलैंडर मुफ्त दिया जाएगा।

वहीं हर घर से एक शिक्षित युवक को नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा जो किन्हीं कारणों के चलते नौकरी पाने से वंचित रह गया तो उसे प्रति माह रोजगार भत्ता दिया जाएगा।

इसके अलावा बुनियादी सुविधाओं की भी कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव होगा जब सभी मिलकर देश और प्रदेश में परिवर्तन लाएंगे और हरियाणा में इनेलो की सरकार बनाने में अपना सहयोग देंगे। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश में स्वास्थ्य और शैक्षणिक सुविधाओं की स्थिति चिंतनीय है।

# भाजपा नेता एवं पार्षद विजय जैन ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत ग्रा**मीण हलके के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्षद विजय जैन ने सेक्टर 6 स्थित अपने कार्यालय के सामने रविवार को ग्रामीण हलके के कार्यकताओं के लिये होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण हलके के विभिन्न गांवों एवं कालोनियों के हजारों लोगों ने पहुंचकर भाजपा नेता विजय जैन का फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। भाजपा नेता विजय जैन ने भी समारोह में पहुंचे सभी लोगों को गुलाल का तिलक लगाकर व उनपर फूल बरसा कर होली पर्व की बधाई दी। पार्षद विजय जैन ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है और इसको हमें मिलझुल कर आपसी प्रेम प्यार से मनाना चाहिये। इस अवसर पर जैन को आशीर्वाद देने के लिए स्वामी



दयानंद सरस्वती जी महाराज, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, सांसद पुत्र चांद भाटिया, भाजपा जिला अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता, जिला परिषद के वाईस चेयरमैन आर्य सुरेश मलिक, पार्षद रविंद्र भाटिया, मेयर अवनीत कौर, डिप्टी सीनियर मेयर दुष्यंत भट्ट, प्रमुख समाजसेवी सुरेंद्र रेवड़ी, राजेश गोयल, महेंद्र कंसल, कृष्ण छौक्कर, सरपंच सुधीर मलिक, पार्षद अशोक कटारिया, पार्षद अनिल बजाज, हाजी साधना, भीम सचदेवा, पूर्व पार्षद रामकुमार सैनी, सुरेंद्र परुथी, महावीर संधू, पंडित वेद पराशर, राजेश ठेकेदार, जगदीश डोलिया, राजू राणा, मास्टर विनोद, बलदेव अरोड़ा हनुमान, अशोक कबीरपंथी, धर्मवीर सैनी, आशु सैनी, सुरेंद्र शर्मा, रविंद्र शर्मा ,जेपी शर्मा, दिनेश अग्रवाल, कपिल शर्मा, रमेश डांगी, जेपी त्यागी, वजीर सिंह, श्री भगवान, डा पिंटू राणा व जसबीर राणा आदि शामिल है।

~~8 सरकार द्वारा उचित रकम का भी भुगतान नहीं करने से इन अस्पतालों के दैनिक काम-काज पर असर पड़ रहा~~

# विस्तार अधिकारियों को सोशल मीडिया का प्रयोग प्रभावशाली तरीके से करना चाहिए : डा. रोहिला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में चल रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का रविवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण के संयोजक डा. अनिल कुमार रोहिला ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बागवानी एवं वानिकी अधिकारियों के लिए विस्तार विधियां विषय पर किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हरियाणा पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश के बागवानी एवं वानिकी अधिकारियों ने हिस्सा लिया है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आधुनिक विस्तार विधियां, एक्सटेंशन टॉक, कृषि विस्तार में सोशल मीडिया का प्रयोग, समय प्रबंधन, प्रभावशाली नेतृत्व कौशल, कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका इत्यादि विषयों पर व्याख्यान दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विस्तार में किन-किन



सूचना प्रौद्योगिकी माध्यमों को प्रयोग किया जा रहा है। इसके बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया के माध्यम से किसानों को विस्तार कार्यक्रमों से जोडने के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में किसान सोशल मीडिया के माध्यम से कृषि संबंधी जानकारियां प्राप्त करते हैं, इसलिए विस्तार अधिकारियों को सोशल मीडिया का प्रयोग प्रभावशाली तरीके से करना चाहिए। इसके अतिरिक्त किस प्रकार से विस्तार अधिकारी विभिन्न जानकारीपरक पोस्टर, फलैक्स आदि में रंगों को बेहतर एवं कलात्मक प्रयोग कर सकते हैं इस बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आगामी महिला दिवस को भी सेलिब्रेट किया गया। प्रतिभागियों ने महिला सशक्तीकरण सबंधी दिए गए विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। प्रशिक्षण प्रतिभागी कनिका ने अपने व्याख्यान में कहा कि महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की आवश्यकता है।

## न्यूज फ्लैश

### सेक्टर-7 स्थित जन औषधि केन्द्र में जन आरोग्य मेले का हुआ आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत रविवार को सेक्टर-7 स्थित जन औषधि केन्द्र में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला शिरकत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कैंप में डॉ.जयवर्धन (ईएनटी), डॉ.सचिन (एमडी मेडिसिन), डॉ.विनोद कमल (ऑर्थोपेडिक), डॉ. प्रेम जट्टन (डेंटिस्ट) डॉ. ुमित सिंघल (पीडियाट्रिक) और डॉ.दीनानाथ (बी.एम.एस.) आदि ने थायराइड, डायबिटीज, बीपी, ईएनटी, जनरल फिजिशियन, डेंटिस्ट के तौर पर मरीजों का चेकअप किया। कैंप में 130 मरीजों से अधिक लोगों ने अपना चेकअप किया गया। जन औषधि परियोजना के हरियाणा राज्य के नोडल अधिकारी ओम प्रकाश वर्मा ने बताया कि आज पूरे भारतवर्ष में जन आरोग्य मेला का अभियान चलाया गया है,जिसके चलते आम मरीजों का इस कैंप में निशुल्क चेकअप किया गया है। जन औषधि केंद्र के फार्मासिस्ट राजेश चौधरी व उनके साथी संग्राम सिंह राणा, पंकज कुमार, हरि सिंह आदि सभी लोगों ने इस स्वास्थ्य जन आरोग्य मेला को सफल बनाने में हरसंभव प्रयास किया।

### रचनाओं के माध्यम से बिखेरे होली के रंग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** कुंजपुरा गांव स्थित रामलीला भवन में रविवार को विकास क्लब साहित्य कला मंच कुंजपुरा की ओर से आयोजित सांझा विरासत कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने होली के पर्व के उपलक्ष्य में रचनाएं पेश करते हुए माहौल को खुशनुमा बना दिया। क्लब के संचालक स्वामी प्रेमपाल सागर जी महाराज ने रचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि होली का उल्लास गजब है, बसंती मधुबास गजब है, प्रकृति ने श्रृंगार के पहना सतरंगा लिबास गजब है। मोहम्मद साबिर खान ने गजल पेश करते हुए कहा कि जुल्फें रख के साये में जिंदगी गुजारी है, धूप भी हमारी है छांव भी हमारी है। चतुर्थ कक्षा के विद्यार्थी खुशाल रोजड़ा ने स्वामी प्रेमपाल सागर जी द्वारा रचित कविता की पंक्तियां पेश करते हुए युवाओं में नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने हरियाणा के जाक्कत दारू पी पी उधम मचाण लगे, धरती गहणे गिरवी धर के विदेशां मैं जाण लगे, रचना के माध्यम से उन युवाओं की हालत को उजागर किया, जो अवैध आव्रजन कर विदेश जाते हैं। साथ ही संदेश दिया कि अवैध आव्रजन का खामियाजा न केवल युवाओं को, बल्कि संपत्ति गंवा देने के कारण परिजनों को भी भुगतना पड़ता है। रचनाकार आशीर्वाद आर्य ने शहीद सैनिकों के सम्मान में पंक्तियां प्रस्तुत की। मास्टर अश्वनी शर्मा ने कहा कि मैं होश में था तो फिर उस पे मर गया कैसे, ये जहर मेरे लहू में उतर गया कैसे। पंकज ने छोटा सा इक पंछी हूं, आकाश में उडने.की तलब रखता हूं गीत गाया। छात्रा ऋतिका कल्याण ने आंखों में नई उम्मीद नया विश्वास रख, अंधेरे मिटेंगे रोशनी की तलाश रख। इसके अलावा विकास वर्मा, सलिंद्र मचल, अमित कामरा, प्रणवीर कल्याण, प्रमोद प्रजापत, राजन पाल, अजय जुंडला, दिलबाग, सचिन पाल, पूर्ण शर्मा, पूर्व सरपंच संदीप सूभरी, भारतीय सद्भावना संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजपाल रोजड़े, छात्रा सेजल, अंशुल राणा व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### वी ने लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म अतरंगी को वी ऐप पर लाकर अपने रीजनल कंटेंट को बनाया सशक्त

**गुरुग्राम।** अब हिंदी के सर्वश्रेष्ठ कंटेंट का लुत्फ उठाने के लिए तैयार हो जाएं क्योंकि भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने यूजर्स को बिना किसी अतिरिक्त लागत के प्रीमियम सब्सक्रिप्शन रीजनल कंटेंट उपलब्ध कराने के लिए अतरंगी के साथ साझेदारी की है। अतरंगी के एक्सक्लुजिव डिजिटल कंटेंट के एक्सेस के साथ, वी के यूजर अब विभिन्न श्रेणियों जैसे थ्रिलर, माइथोलोजी, क्राइम, कॉमेडी, रोमांस आदि में अपने पसंदीदा शोज का आनंद उठा सकेंगे। इस पेशकश में नई रीलिजेज़ जैसे द गोल्डन हार्वेस्ट, पांचाली, पारो, द डेविल इनसाईड से लेकर शोज जैसे द बुल ऑफ दलाल स्ट्रीट, तंदूर, पेपर, क्लाइंट नंबर 7, तड़प, शुद्धि, चहल, पहचान, ऑनलाईन फ्रॉड और परशुराम का विविध हिंदी कंटेंट कैटलॉग शामिल है। इस पेशकश के साथ वी ने वी ऐप पर अपनी समृद्ध कंटेंट लाइब्रेरी को और भी सशक्त बना लिया है। वी के यूजर अब इन सभी को एक्सेस कर सकते हैं:

1. प्रीमियम ओटीटी प्लेटफॉर्म: अतरंगी, जी5, डिस्कवरी, शेमारो, हंगामा, यूप टीवी, पॉकेट फिल्म्स
2. 400 से अधिक लाईव टीवी चैनल जिसमें जी टीवी, जी सिनेमा, कलर्स एचडी, कलर्स इन्फीनिटी, डिस्कवरी, एमटीवी, हिस्ट्री टीवी, कॉमेडी सेंट्रल, एनिमल प्लेनेट, निक आदि शामिल हैं।
3. आज तक, इंडिया टुडे, सीएनबीसी आवाज, रिपब्लिक टीवी, एबीपी न्यूज, एनडीटीवी 24 ग 7, सीएनएन न्यूज 18 सहित कई चैनलों पर लाईव न्यूज

ये सभी कंटेंट वी ऐप और इसक समर्पित एंटरटेनमेन्ट प्लेटफॉर्म वी मुवीज एण्ड टीवी पर उपलब्ध हैं।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**मो. नं.: 9991270143**

# धूमधाम से मनाया गया प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव

**नारनौल/संजय शर्मा**
मोहल्ला नई सराय स्थित सिटी किड्स प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर समाजसेवी नरेंद्र राव इंजीनियर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य संतोष यादव ने की।
कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।
इस मौके पर स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुत देश भक्ति नाटक में बच्चों ने मार्मिक प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया। इस नाटक में एक फौजी की कहानी की जीवंत प्रस्तुति दी गई थी। इसके अलावा अनेक देश भक्ति से ओतप्रोत नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। जिन्हें उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। देश भक्ति के अलावा बच्चों द्वारा राजस्थानी, हरियाणवी व पंजाबी गानों पर भी सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। स्कूल की विभिन्न कक्षाओं के बच्चों द्वारा कविता पाठ भी किया गया। जिसमें उन्होंने माता-पिता के प्यार व उनके द्वारा किए गए संस्कारों के बारे में बताया। इस मौके पर बच्चों द्वारा 40 से अधिक प्रस्तुति दी गई। जिनको देखकर अभिभावक गदगद हो गए।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेंद्र राव इंजीनियर ने कहा कि प्ले स्कूल की शिक्षा की असली बुनियाद होती हैं।

# प्रेमी के साथ रहने के लिए महिला की हत्या करने वाली युवती काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
सीआईए वन पुलिस टीम ने वर्ष 2022 में थाना घरौंडा में दर्ज एक ऐसे मामले का खुलासा किया है, जिसमें एक लडकी ने पड़ोस की ही रहने वाली एक महिला की हत्या कर दी थी और उस महिला को अपने कपड़े व जेवरात पहनाकर, उसके ऊपर तेल छिडककर उसको अधजला करके अपने घर से फरार हो गई थी। ताकि उस लडकी के परिजनों को लगे कि उनकी लडकी ने आत्महत्या कर ली है। इसके बाद वह लडकी अपने प्रेमी के साथ रहने लग गई थी।
प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 नवंबर 2022 को राजवंती पत्नी सतवीर वासी गांव हरिसिंहपुरा थाना घरौंडा जिला करनाल उम्र करीब 55 साल के बिना बताए घर से कहीं चले जाने



बारे थाना घरौंडा में एक शिकायत प्राप्त हुई थी। इस संबंध में राजवंती के लडके राकेश के बयान पर थाना घरौंडा में भादसं की धारा-346 के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार 24 नवंबर 2022 को ही पड़ोस में रहने वाली एक लडकी अंतिम पुत्री डॉक्टर सुशील की करंट लगकर मृत्यु होने वाली खबर फैल गई। मामले की जांच सीआईए वन की टीम को सौंपी गई। दौराने तफ्तीश टीम द्वारा 3 मार्च को आरोपी लडकी अंतिम पुत्री सुशील कुमार वासी हरिसिंहपुरा को रसूलपुर गुजरान जिला शामली उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया।
पुलिस टीम द्वारा की गई जांच में खुलासा हुआ था कि आरोपी लडकी अंतिम का रसूलपुर गुजरान के रहने वाले एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग था और आरोपी लडकी अपने घरवालों को बिना बताए अपने प्रेमी के संग रहना चाहती थी, जिसके कारण लडकी ने अपनी मृत्यु की कहानी बनाई और राजवंती नामक महिला की हत्या कर दी। पुलिस की अब तक की जांच में सामने आया है कि आरोपी लडकी ने पहले से ही महिला की हत्या करने का प्लान बना रखा था। लडकी द्वारा 24 नवंबर को महिला राजवंती को बहाने से अपने घर बुलाया।
इसके बाद आरोपी लडकी ने महिला को नशे की गोलियां पानी में मिलाकर पिलाई और चुन्नी व बिजली के तार से गला घोंटकर हत्या कर दी और बिजली से करंट भी लगा दिया।

# रिटायर्ड पुलिस कर्मचारियों द्वारा मनाया गया होली मिलन समारोह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा पुलिस से रिटायर्ड कर्मचारियों द्वारा करनाल क्लब में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। एसपी ने रिटायर्ड पुलिस कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं दी व उनके साथ फूलों से होली खेली। समारोह में मौजूद रहे 80 साल से अधिक उम्र वाले पुलिस कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया व मार्च माह में जन्मे समारोह में मौजूद पुलिस कर्मचारियों का जन्मदिन भी मनाया गया। एसपी द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों को



अपनी सेहत का ध्यान रखने, जनहित में कार्य करने व पुलिस और जनता के बीच समन्वय स्थापित करने की बातें कहीं। समारोह में हरियाणा पुलिस रिटायर्ड कर्मचारी एसोसिएशन करनाल के प्रधान कलीराम राणा, जनरल सेक्रेटरी सुखबीर सिंह त्यागी, कार्यकारी सदस्य राममेहर सिंह, सुरेंद्र शर्मा, सुल्तान सिंह, सत्यदेव सिंह, श्रीदत्त शर्मा व महावीर सिंह तालियाद जनरल सेक्रेटरी, स्पोर्ट्स एसोसिएशन करनाल और 80 साल से ऊपर के उम्र वाले रिटायर्ड कर्मचारियों में निहाल सिंह प्रेमचंद मेहता, कलीराम राणा, चंदगीराम, चंदगी राम, बलकार सिंह, राजकुमार वालिया, महेश प्रसाद शर्मा व हुकुमचंद मौजूद रहे।

# 'लाला मदन लाल के जाने से महेंद्रगढ़ नगर को अपूर्णीय क्षति हुई है'

**महेंद्रगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
नगर के सबसे बड़े वयोवृद्ध 94 वर्षीय महेंद्रगढ़ रत्न लाला मदन लाल जी सोलूवाले ने शनिवार की रात को अंतिम सांस ली। रविवार को मोदाश्रम स्थित स्वर्गाश्रम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र बजरंग लाल ने उनको मुखाग्नि दी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गये है। उनको अंतिम विदाई देने पहुंचे पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने कहाकि मदन लाल जी नगर की अनेकों संस्थाओं के प्रधान रहे और सभी संस्थाओं को नई गति देते हुए खूब सामाजिक कार्य किया। उनके जाने से महेंद्रगढ़ नगर को अपूर्णीय क्षति हुई है।

# बाईक चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपी अरेस्ट



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से चुराई गई 17 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।
प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस पुलि टीम द्वारा आरोपी मनीष पुत्र भोपाल व अजय पुत्र वीरपाल वासियान गांव बम्भहेडी जिला शामली उत्तर प्रदेश को चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित मेरठ रोड करनाल से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा जिला करनाल के थाना सिविल लाइन, थाना सदर, थाना शहर व सेक्टर 32-33 के एरिया से मोटरसाइकिल चोरी की 9 वारदातों को अंजाम देने वाले खुलासा किया गया। इसके अलावा आरोपियों द्वारा उत्तर प्रदेश के शामली व हरियाणा के अन्य जिलों से मोटरसाइकिल चोरी की आठ अन्य वारदातों को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। आरोपियों के कब्जे से सभी 17 वारदातों में चुराई गई 17 मोटरसाइकिलों को बरामद किया गया है।
आरोपियों से की गई पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी नशा व अय्याशी करने के आदी हैं। अपने इन्हीं शौक को पूरा करने के लिए आरोपी मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं और आरोपी ज्यादातर हॉस्पिटल व पार्कों के पास खड़ी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाते हैं। हॉस्पिटल व पार्कों के पास बिना लॉक के खड़ी मोटरसाइकिलों को चोरी करते हैं या लॉक लगी मोटरसाइकिल में डुप्लीकेट चाबी लगाकर चोरी करके मौका से फरार हो जाते हैं। दोनों आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# 'योग करते समय तन की तरह मन भी स्वच्छ होना चाहिए'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के तत्वावधान में गुलमोहर पार्क सेक्टर-13 में आयोजित चार दिवसीय योग शिविर का आज समापन हुआ। मिशन के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने बताया कि छह और सात मार्च को दो दिन का शिविर सेक्टर 13 ग्रीन बेल्ट में लगाया जाएगा। दिनेश गुलाटी के निर्देशन में गुलमोहर पार्क शिविर में सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर योग का लाभ लिया। योग कक्षा में अन्य शिक्षकों नीलम बठला, निधि गुप्ता, राजीव शर्मा, नरेश चौधरी और ऐनफ चौधरी ने भी साधकों को योग प्रशिक्षण दिया। यहां



मौजूद साधकों ने उत्साह और जोश के साथ योगाभ्यास किया। दिनेश गुलाटी ने योग साधकों को योगिंग जोगिंग, सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, त्रिकोणासन, वीरभद्रासन करवाकर उनके लाभ भी बताए। उन्होंने योग प्राणायाम का अभ्यास करते हुए कहा कि योग करते हुए कुछ नियमों का भी ध्यान रखना चाहिए। अगर आप कुछ सरल नियमों का पालन करेंगे तो अवश्य योग का पूरा लाभ ले पाएंगे। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम योगाभ्यास की शुरूआत प्रशिक्षित योग शिक्षक के निर्देशन में करें और योग खाली पेट करना चाहिए। योग करते समय आरामदायक सूती कपड़े पहने और दरी या आसन जरूर बिछाएं। उन्होंने कहा कि योग करते समय तन की तरह मन भी स्वच्छ होना चाहिए। योग करने से पहले सभी तरह के विचार मन से निकालकर शांत वातावरण में योगाभ्यास करें। पूरा ध्यान अपने योगाभ्यास पर ही केंद्रित करें और दृढ़ निश्चय संकल्प के साथ इसे पूरा करें। दिनेश गुलाटी ने कहा कि प्रतिदिन कम से कम एक घंटा योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए। अगर कोई गंभीर बीमारी या अन्य तकलीफ हो तो योग निरीक्षक की सलाह अवश्य लें।

# विधायक विज ने सड़कों, नालों की स्थिति सुधारने हेतु लगवाए टेन्डर

**पानीपत:** पानीपत शहरी विधानसभा के वार्ड 08,23,10,और 04 में मूलभूत विकास कार्यो हेतु पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज के द्वारा लगभग 314 लाख रुपये की लागत से होने वाले कार्यों का टेन्डर लगवा दिया गया है, लंबे समय से वार्ड की जनता और पार्षदों के द्वारा विकास कार्यो के लिए टेन्डर लगवाने की माँग की जा रही थी जिसे देखते हुए विधायक ने टेन्डर लगाने के आदेश दे दिए है इस क्रम में वार्ड 09 में लगभग 36.91 लाख की लागत से आरसीसी नाला किला चौक से श्री राम चौक तक जल निकासी की समस्या को खत्म

# हर दिन प्रत्येक महिला को सशक्त बनाने की आवश्यकता: डा. वैशाली

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अंतर्राष्ट्रीय म**हिला दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को गांव बल्ला की नई अनाज मंडी में वीरांगना जन कल्याण जागृति संस्था द्वारा प्रथम रानी लक्ष्मीबाई अवार्ड राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में मोटिवेटर रोनी रमन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। वीरांगना जन कल्याण जागृति संस्था की प्रधान रीना मान व प्रवेश जांगड़ा ने मुख्य अतिथि को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त ने उपस्थित जन समूह को




संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जाता है, लेकिन हर दिन प्रत्येक महिला को सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन को महिला सशक्तिकरण के रूप में मनाना चाहिए। महिला स्वयं सशक्त हैं तथा वे शक्ति का रूप हैं। महिलाओं में कार्य करने की अद्भुत क्षमता है, जरूरत है समाज का सशक्त करने की। उन्होंने, सावित्रीबाई फुले, सरोजनी नायडू, झांसी की रानी का उदाहरण देते हुए कहा कि ये ऐसी सशक्त महिलाएं देश में हुई हैं जिन्होंने समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया है। इन्होंने महिलाओं की शिक्षा को बढ़ावा दिया। समाज के लोगों को चाहिए कि वे महिलाओं को आगे बढ? में सहयोग करें। हमें इस बात का गर्व है कि देश बदल रहा है। पहले बेटियों के जन्म पर शोक मनाया जाता था लेकिन अब बेटियों के पैदा होने पर मिठाईयां बांटी जाती हैं और कुआं पूजन जैसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे समाज में बेटियों के प्रति लोगों की सोच बदली है। उन्होंने मौके पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक महिला अपने जीवन में संघर्ष करती है और चुनौतियों का सामना करती है। हमें और अधिक प्रयास करने होंगे कि महिलाओं को किसी पर मोहताज न रहना पड़े और वे हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहें। इस अवसर पर उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और वीरांगना जन कल्याण जागृति संस्था व ग्रामीणों को अच्छे कार्य करने के लिए बधाई दी।

## संपादकीय

# मॉब लिंचिंग, भीड तंत्र के खतरे

**भीड़तंत्र** द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग। वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10% लोगों के पास देश की 58% संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70% भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है ।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं।

और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है। भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है।

और सिगमंड फ्रायड के अनुसार भीड़ में व्यक्ति अपने सारे मूल्य खोकर आदिम काल में पहुंच जाता है, और भीड़ में कोई धर्म नहीं रह जाता है। कार्यपालिका तथा न्यायपालिका की लेटलतीफी के कारण भीड़ को कानून का भय लगभग समाप्त हो गया है।

धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन कर किसी विशेष धर्म के लोगों को खानपान तथा व्यंजन के आधार पर कथित लोगों द्वारा किसी को भी निशाना बना कर उसकी हत्या कर दी जाती है, यह देश के लिए अत्यंत दुर्भाग्य जनक है। रही सही कसर सोशल मीडिया पूरा कर रहा है, फर्जी समाचार तथा राजनीतिक नियंत्रण के कारण सोशल मीडिया कई बार किसी विशेष वर्ग के द्वारा राजनीतिक संरक्षण में संचालित किया जा रहा है।

# आखिर लेना पड़ा येदियुरप्पा का साथ

अशोक भाटिया

> "केन्द्रीय मंत्री शोभा करंदले, राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि और भाजपा के संगठन मंत्री बीएल संतोष की भी निगाह कर्नाटक पर टिकी है। भाजपा ने 2023 के प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के लिए जिन सीटों पर 2018 में हारे थे, उसे इस बार जीतने की रणनीति बनाई है। भाजपा मुख्यालय के एक नेता का दावा है कि 2023 में पुराना मैसूर क्षेत्र से भाजपा को 20 सीटें अधिक मिलने वाली हैं। हालांकि पुराना मैसूर का इलाका वोक्कालिगा बहुल है। भाजपा नेता डा. सीएन अश्वथनारायण भी वोक्कालिगा हैं। वोक्कालिगा को साधने के लिए भाजपा ने अश्वथनारायण को काफी अहमियत दी है। कांग्रेस के नेता डीके शिवकुमार भी वोक्का लिगा हैं। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और उनका परिवार वोक्कालिगा है"

**पिछले** सप्ताह मोदी ने शिवमोगा एयरपोर्ट के उद्घाटन की तारीख भी येदियुरप्पा के 80वें जन्मदिन की ही चुनी थी । यह बात बताती है कि राजनीति में हर बात कोई ना कोई संदेश देती है। बड़े नेता अक्सर बहुत सोचकर कुछ करते हैं जिसका कुछ ना कुछ मायने होता है। प्रधानमंत्री मोदी येदियुरप्पा का हाथ पकड़कर नवनिर्मित शिवमोगा एयरपोर्ट तक गए। फिर मंच पर ऐसा नजारा दिखा जो कर्नाटक में भाजपा का हाल बहुत हद तक बयां कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने येदियुरप्पा से गर्मजोशी के साथ मेल-मिलाप के जरिए कर्नाटक की जनता को बड़ा संदेश दिया, खासकर लिंगायत समुदाय के मतदाताओं को। प्रदेश में इसी वर्ष विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। पार्टी ने येदियुरप्पा को जुलाई 2021 में मुख्यमंत्री पद से हटाकर बासवराज बोम्मई को गद्दी सौंप दी है। लेकिन उसका आत्मविश्वास डगमगा रहा था । भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने वंशवादी राजनीति का ठप्पा लगने से बचने के लिए येदियुरप्पा को हटा तो दिया, लेकिन अब उसे लिंगायत समुदाय के वोट बैंक की चिंता सता रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने येदियुरप्पा के साथ गलबहियां करके पार्टी को इसी चिंता से उबारने की कोशिश की है। गौतलब है कि कर्नाटक में लिंगायत की बड़ी आबादी है। मुख्यमंत्री बसावराज बोम्मई लिंगायत हैं, लेकिन अभी तक भाजपा के पास पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा जैसा जमीनी पकड़ वाला लिंगायत नेता नहीं है। मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद येदियुरप्पा कुछ नाराज से चल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 80 साल के पार्टी के नेता बीएस येदियुरप्पा से रिश्ते की एक अलग केमिस्ट्री बनाते हैं। इसी केमिस्ट्री ने बीएस येदियुरप्पा को 26 जुलाई 2019 को येदियुरप्पा को चौथी बार मुख्यमंत्री बनने का अवसर दिया था। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद भी प्रधानमंत्री ने कर्नाटक से लेकर दिल्ली तक येदियुरप्पा का रुतबा कम नहीं होने दिया। वह हाल में उनके 80 वें जन्मदिन में शामिल हुए और येदियुरप्पा ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में 224 विधानसभा सीटों में 130-140 सीटें जीतने का लक्ष्य रख दिया है। पार्टी को बहुमत के लिए 113 सीटें चाहिए और 2018 के विधानसभा चुनाव में येदियुरप्पा के चेहरे पर चुनाव लड़कर 106 सीटें ही ला सकी थी। येदियुरप्पा मुख्यमंत्री बने और उन्हें अल्पमत में होने के कारण हटना पड़ा। इसके बाद कांग्रेस के समर्थन से जद(एस) ने सरकार बनाई। एचडी कुमारस्वामी मुख्यमंत्री बने, लेकिन



कुछ महीनों के बाद आपरेशन लोटस-2 के बाद वह फिर राज्य सरकार के मुखिया बन गए थे। यही नहीं पिछले हफ्ते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी पहली बार कर्नाटक सरकार की विकास योजनाएं गिनाने की जगह मोदी और येदियुरप्पा के चेहरे पर वोट मांगा था। उन्होंने बेल्लारी की चुनावी रैली में कहा था, 'मेरी आपसे अपील है कि प्रधानमंत्री मोदी और येदियुरप्पा में अपना भरोसा बनाए रखें और भाजपा को फिर से सत्ता में लौटाएं।' उसके बावजूद ऐसे कई कारण है जिसके कारण भाजपा को कर्णाटक चुनाव की लड़ाई कठिन लग रही है हालाँकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 48 दिन के भीतर पांच बार कर्नाटक राज्य का दौरा कर चुके है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी लगातार कर्नाटक को अहमियत दे रहे हैं। यह पूरी कवायद मुख्यमंत्री बसावराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा और अन्य भाजपा नेताओं में तालमेल बनाकर दो महीने के भीतर प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में सफलता पाने की है। प्रधानमंत्री और अमित शाह दोनों को पता है कि कर्नाटक विधानसभा का चुनाव हिमाचल विधानसभा की तरह खासा मुश्किल है। वैसे कर्नाटक को साधने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां काफी कुछ अपने स्तर से ठीक किया है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पार्टी नेताओं को चुनाव जीतने के मंत्र दिए। बूथ स्तर पर तैयारियों को तेज करने के सूत्र बताने के साथ आपसी गुटबाजी को शांत करने की कोशिश में लगे हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा लगातार पार्टी के पदाधिकारियों से फीडबैक ले रहे हैं। दिलचस्प है कि भाजपा ने कर्नाटक में अजमाए हुए चेहरों को विधानसभा चुनाव में सफलता पाने की जिम्मेदारी सौंपी है। उ.प्र. विधानसभा चुनाव में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कड़ी मेहनत की थी। प्रधान को कर्नाटक में जिम्मेदारी मिली है और वह बेहद संवेदनशील हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ,के.अन्नामलाई ने भी जीत का समीकरण बनाने में जोर लगाया है। केन्द्रीय मंत्री शोभा करंदले, राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि और भाजपा के संगठन मंत्री बीएल संतोष की भी निगाह कर्नाटक पर टिकी है। भाजपा ने 2023 के प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के लिए जिन सीटों पर 2018 में हारे थे, उसे इस बार जीतने की रणनीति बनाई है। भाजपा मुख्यालय के एक नेता का दावा है कि 2023 में पुराना मैसूर क्षेत्र से भाजपा को 20 सीटें अधिक मिलने वाली हैं। हालांकि पुराना मैसूर का इलाका वोक्कालिगा बहुल है। भाजपा नेता डा. सीएन अश्वथनारायण भी वोक्कालिगा हैं। वोक्कालिगा को साधने के लिए भाजपा ने अश्वथनारायण को काफी अहमियत दी है। कांग्रेस के नेता डीके शिवकुमार भी वोक्का लिगा हैं। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और उनका परिवार वोक्कालिगा है। पुराने मैसूर में जबरदस्त पकड़ रखता है। डीके शिवकुमार भी कांग्रेस के बेहद प्रभावी नेता हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में पुराने मैसूर की 64 सीटों में भाजपा को केवल 11 मिली थीं। 17 कांग्रेस ने जीती थी। 37 जद (एस) के पाले में गई थी। जद (एस) कुल 37 सीटें जीतने में सफल रहा था। भाजपा की कोशिश इसी क्षेत्र में विपक्ष को पटखनी देखकर कम से कम 30-35 सीटें जीतने की है। वैसे भाजपा के नेता बातचीत में मानते हैं कि इस बार कर्नाटक में मुकाबला दिलचस्प होगा। हालांकि उन्हें लग रहा है कि कांग्रेस की अंदरुनी कलह का बड़ा फायदा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने एक मीडिया हाऊस के संपादक गए थे। प्रधानमंत्री ने उनसे बातचीत के दौरान कहा था कि कर्नाटक में भी सरकार और भाजपा की स्थिति अच्छी नहीं है। माना जा रहा है कि चुनाव से पहले भाजपा अपनी सभी कमियों को दूर कर लेना चाहती है। भाजपा के रणनीतिकारों का कहना है कि उसे विपक्ष की कमजोरी और विपक्षी दल में अंतर्कलह का भी लाभ मिलेगा। कहते हैं कि कांग्रेस के नेता डीके शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया में भी प्रतिस्पर्धा चल रही है। सिद्धारमैया कुरुबा समुदाय से आते हैं। डीके शिवकुमार की लोकप्रियता काफी बढ़ रही है। उनकी लोकप्रियता एचडी कुमारस्वामी को भी भीतर से परेशान करती है। डीके शिवकुमार वैसे भी पूर्व मुख्यमंत्री एस एम कृष्णा परिवार से करीबी संबंधों के लिए जाने जाते हैं। सिद्धारमैया कैम्प डीके शिवकुमार को रोकने के लिए पूर्व मंत्री और लिंगायत नेता एमबी पाटील को आगे कर देते हैं। भाजपा को लग रहा है कि कर्नाटक में उसे इसका फायदा मिलेगा।

कर्नाटक विधानसभा में कुल 224 सीटें है और सत्ता के लिए 113 सीटों की जरुरत होती है। विधानसभा चुनाव के नजरिए से कर्नाटक को 6 भागों में बांटा जा सकता है। हैदरबाद से सीमाएं जुड़ने वाला क्षेत्र हैदराबाद कर्नाटक में 40 सीटें आती हैं। बॉम्बे कर्नाटक यानी महाराष्ट्र से लगे इलाकों में 50 सीटे, तटीय क्षेत्रों में 19, मैसूर के इलाके में 65 सीटें आती हैं। वहीं सेंट्रल कर्नाटक में 22 और बेंगलुरु में 28 सीटें आती हैं। पिछली बार 2018 में हुए चुनाव में भाजपा 104 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। भाजपा को 36।35% वोट मिले थे। कांग्रेस सबसे ज्यादा वोट (38।14%) लाने के बावजूद 80 सीट ही ला सकी थी और जेडीएस को 37 सीटों पर जीत मिली थी। 2013 के चुनाव में भाजपा को महज 40 सीटें मिली थी। इस लिहाज से उसे 2018 के चुनाव में 64 सीटों का फायदा मिला था। 2013 के मुकाबले 2018 में भाजपा के वोट बैंक में करीब दोगुना का इजाफा हुआ था। हालांकि त्रिकोणीय समीकरण बनने की वजह से भाजपा बहुमत हासिल करने में नाकाम रही थी। वहीं 2018 के चुनाव में कांग्रेस को 42 सीटों का नुकसान हुआ। ऐसे तो भाजपा कर्नाटक में अकेले चुनाव लड़ना चाहेगी। लेकिन एक फैक्टर है जिसे भाजपा रोकना चाहेगी।

## कविता

बच्चे घरों की जान होते हैं,
दीवारों के अब कान होते है।

बेईमानी ईमान है उनका अब,
बेईमानो के अलग ईमान होते है।

सियासत में होती है चालबाजी,
हुक्मरानों के कच्चे कान होते है।

पर्दा किया करो जितना हो सके,
रिश्तेदारों में हैवान होते है।

इबादत भी किया करो शिद्दत से,
खुदा कइयों से अनजान होते है।

चला करो सीधे रास्तो से हमेशा,
कई कई रास्ते सुनसान होते है।

कातिल भला बेखौफ क्यों है अब,
बचाने उन्हें सारे हुक्मरान होते है।

किस किस पर यकीन करोगे ,
सगे रिश्तो में भी शैतान होते है।

पड़ोसियों से भी रखो अच्छे संबंध
मुसीबत में वो सच्चे इंसान होते हैं।

मोहब्बत जिंदगी का इक फलसफा है संजीव,
कुछ नेक आशिक बड़े कद्रदान होते हैं।।

संजीव ठाकुर

## कैसे मिली होली को अखिल भारतीय पहचान

आर.के. सिन्हा

**कोरोना** के कारण दो-तीन सालों तक जनधड़कन के पर्व होली का रंग फीका सा पड़ने लगा था। होली मिलन समारोहों पर भी विराम सा लग गया था। पर इस बार लगता है कि देश रंगोंत्सव को पुराने अंदाज में मनाने जा रहा है। होली के रंग फिजाओं में बिखरे हैं। कहीं गुलाल और गुजिया की खुशबू को तो कहीं दही बड़ा और मालपुआ के अनोखे स्वाद को हर तरफ महसूस किया जा रहा है। होली मिलन समारोहों की भी वापसी हो चुकी है। इनके आयोजन लखनऊ से रायपुर, मुम्बई तथा पटना से दिल्ली वगैरह में सभी जगह हो रहे हैं। सब एक-दूसरे से गले मिल रहे हैं। गिले-शिकवे भुलाए जा रहे हैं। यही मौका है कि जब विभिन्न दलों के तमाम राजनीतिक नेता भी अपने मतभेद भुलाकर एक साथ होली खेलें और राष्ट्र निर्माण में लग जाएं। आखिर यह देश तो सबका है। राष्ट्र के प्रति जिम्मेवारी भी सबकी ही है क एक दौर था जब होली पर अटल बिहारी वाजपेयी के आवास पर भव्य होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित होता था। उसमें तमाम राजनीतिक कार्यकर्ता, नेता, लेखक, पत्रकार, कवि आदि भाग लेते थे। अटल जी खुद सब अतिथियों को गुलाल लगाया करते थे। उनमें देश के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी भाग लेते थे। वे तब भाजपा के संगठन से जुड़े हुए थे। इस अवसर पर सुस्वादु गुजिया और स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था रहती थी। अटल जी के घर पर होने वाले होली मिलन की सारी व्यवस्था उनके आत्मीय सहयोगी शिव कुमार पारीख जी किया करते थे। वे अटल जी के घर के स्थायी चेहरा थे। वे अटल जी के 111 साउथ एवेन्यू, 6 रायसीना रोड, फिर लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास और अंत में 6-ए कृष्ण मेन मार्ग के घरों में सुबह से दे? शाम या रात तक रहा करते थे। अटल जी राजधानी के इन सब घरों में लगभग छह दशकों तक रहे थे। अटल जी के घरों में होने वाले कवि सम्मेलनों और होली मिलन के आयोजन में शामिल होने के लिए आने वाले अतिथियों के लिए शिव कुमार पारीख जी चांदनी चौक के घंटे वाले या गोल मार्केट के बंगला स्वीट हाउस की बालूशाही अवश्य मंगवाते। अटल जी का व्यक्तित्व भी तो बेहद उदार और विराट था। वे सर्वप्रिय थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के पृथ्वीराज रोड स्थित आवास पर भी होली बड़े प्रेम से खेली जाती रही है। आडवाणी जी के घर भी होली का रंग शालीनता के दायरे में ही रहता है। आडवाणी जी जब राजधानी के पंडारा पार्क में रहते थे तब वहां पर भी होली कायदे से मनाई जाती थी। होली पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सरकारी आवास 1, सफदरजंग रोड के गेट भी सबके लिए खुल जाते थे। इंदिरा गांधी मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाइयां खिलवाती थीं। पर 1980 के बाद इंदिरा जी के होली मिलन पहले की तरह भव्य नहीं रहे गए थे सुरक्षा कारणों के चलते।

## विचार

## चुनाव आयुक्त और अडानी मामलें सुप्रीम कोर्ट का नजरिया

प्रेम शर्मा

**सुप्रीमकोर्ट** ने हाल में चुनाव आयुक्त, और आयुक्त की नियुक्ति तथा अड़ानी हिडनबर्ग मामलें में जो फैसले सुनाए है उसके दूरगामी और देशहित के परिणाम सामने आएगें। निश्चित तौर से हिडनबर्ग का मामला सरकार की प्रतिष्ठा से जुड़ा है। भारत की तेजी से उभरती अर्थ व्यवस्था चीन जैसे राष्ट्रो के लिए किरकिरी, ईर्ष्या का पर्याय साबित हो रही थी। ऐसे में हिडनबर्ग की रिपोर्ट पर एकाएक विश्वास कर लेना वाजिब नही था। एक रिपोर्ट के आधार पर देश विदेश तक लगभग हर क्षेत्र में भारी भरकम निवेश कर इफास्टेक्चर खड़ा करने वाली अडानी फर्म के कितने व्यापारिक दूश्मन है। इसकी गिनती भी नही होगी। ऐसे में प्रतिस्पर्धा की दौड़ में अगर साजिशन यह रिपेर्ट तैयार कर अडानी और भारतीय अर्थव्यवस्था को चोट पहेचाने की कोशिश की गई हो तो इस बॉत को नजर अंदाज नही किया जा सकता। इस तरह के तमाम पहलुओं और विपक्ष की तमाम याचिकाओं के बाद सुप्रीम का जो निर्णय आया है। वह वाकई सुप्रीम का सुस्पष्ट नजरिया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर जिस तरह से समिति गठित कर चुनाव आयुक्त की नियुक्ति का निर्णय लिया है उससे चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में पारदर्शिता रहेगी। भारत एक लोकतांतिक देश है जिसके लोकतंत्र की पूरे विश्व में चर्चा होती है। ऐसे देश के चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया में अब तक पैदा होने वाले संशय को खत्म करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्णय लिया है। निश्चित तौर सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने बीते गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया पर जो ऐतिहासिक फैसला दिया, वह निश्चित रूप से देश में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाला है। इस फैसले ने पिछले सात दशकों से चले आ रहे उस शून्य को भरा है, जो संसद के समय पर उपयुक्त पहल न करने की वजह से बना हुआ था। जैसा कि फैसला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा, संविधान निमार्ताओं को उम्मीद थी कि देश की संसद कानून बनाकर मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की एक वाजिब प्रक्रिया निर्धारित कर देगी। मगर सत्तारूढ़ पार्टियां संभवतरू अपने हाथ से यह ताकत निकलने देना नहीं चाहती थीं और उनके प्रभाव में संसद अपनी इस जिम्मेदारी को पूरा करने से परहेज करती रही। यही वजह है कि 1990 में एक बार जब राज्यसभा में इस आशय का संविधान संशोधन विधेयक पेश किया भी गया तो बात नहीं बनी।चार साल तक ठंडे बस्ते में पड़े रहने के बाद यह विधेयक चुपचाप वापस ले लिया गया। इसके बाद 2015 में लॉ कमिशन ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की सदस्यता वाली एक समिति बनाने की सिफारिश की थी। लेकिन इसका भी कोई नतीजा नहीं निकला। हालांकि मुख्य चुनाव आयुक्त की सरकार द्वारा नियुक्ति की अब तक प्रचलित प्रक्रिया में साफ तौर पर हितों का टकराव था।चुनाव आयोग देश में मतदाता सूची तैयार कराने से लेकर चुनाव संचालित कराने तक की जिम्मेदारी निभाता है, जिससे सत्तारूढ़ पार्टी का हित-अहित भी जुड़ा होता है। इसलिए कायदे से सरकार यानी कार्यपालिका को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से दूरी बनाए रखनी चाहिए। यह न केवल निष्पक्ष चुनाव कराने बल्कि खुद चुनाव आयोग की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए भी जरूरी है।इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अपने ताजा फैसले में लॉ कमिशन की सिफारिशों के अनुरूप ही मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की नई प्रक्रिया निर्धारित कर दी।

कोर्ट ने संदेह की कोई गुंजाइश न रखते हुए यह भी कहा कि अगर नेता प्रतिपक्ष उपलब्ध न हों तो सदन में विपक्ष के सबसे बड़े दल के नेता को इस समिति में शामिल किया जाना चाहिए।इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी ध्यान रखा कि चुनाव आयोग को पैसों के लिए सरकार का मोहताज न होना पड़े। आयोग के लिए बजट की अलग और स्वतंत्र व्यवस्था करना निश्चित रूप से सरकार पर उसकी निर्भरता कम करेगा। हालांकि व्यवहार में इन सबका कैसा और कितना असर होता है, यह तभी पता चलेगा जब यह प्रक्रिया लागू होगी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## चंग की ताल पर होली का लुफ्त उठाते हैं लोग

रमेश सर्राफ धमोरा

**बसंत** पंचमी के दिन से ही राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में होली का हल्ला शुरू हो जाता है। क्षेत्र के हर गांवो के मोहल्लों में अपनी- अपनी चंग (ढफ) पार्टी होती है। चंग बजाने के साथ धमाल गाने का सिलसिला बसंत पंचमी से शुरू होकर गणगौर तक चलता है। चंग वादन की अभिव्यक्ति इतनी प्रभावशाली होती है की ढफ पर थाप पड़ते ही लोगों को नाचने पर मजबूर कर देती है। चंग के साथ गाये जाने वाले लोक गीतो को धमाल के नाम से जाना जाता है। इन धमालों में होली से सम्बन्धित स्थानीय किस्से, कहावतें होती है जिनका धमाल के रूप में गाकर वर्णन किया जाता है।

होली के दिनों में बजाये जाने वाले चंग के साथ धमाल व होली के गीत गाये जाते हैं। पुरुष चंग को अपने एक हाथ से थामकर और दूसरे हाथ से छड़ी के टुकड़े से व हाथ की थपकियों से बजाते हैं। साथ में झांझ, मंजीरे बजाते रहते है। एक घेरा बनाकर लोग धमाल गाते हैं। इसमें भाग लेने वाले पुरुष ही होते हैं, किंतु उनमें से कुछ पुरूष महिला वेष धारण कर नाचते हुये लोगो का मनोरंजन करते हैं। चंग वादन के बीच में गांव के पुरूषो द्वारा विभिन्न प्रकार के सांग निकाले जाते हैं। गांवो में ढफ मण्डली की कोई विशेष वेश-भूषा नहीं होती है। लोग प्रतिदिन पहनने वाले कपड़े पहनकर ही ढफ बजाते हैं। ढफ वादन का आयोजन रात को होता है। ढफ वादन बहुत ही अनुशासित, व्यवस्थित तरीके से होता है। शेखावाटी इलाकों में देर रात तक ढ़प की थाप पर गूंजती होली की धमाल फाल्गुनी रंग को परवान चढ़ा देती है। गांवों की चौपालों पर रसिकों की टोलियां ढफ की थाप पर थिरकते हुए दिखाई देती है। कलाप्रेमी होली तक चलने वाले इन आयोजनों में धमालों की टेर लगाते हैं। जो देखने-सुनने वालों को भी क्षेत्रीय संस्कृति के आनंद की अनुभूति करवाती है।

पहले गांवों में होली के दिनो में औरते घरो के बाहर चौक में इक्कठी होकर होली के गीत गाती थी जिन्हे क्षेत्र में होली के बधावा गाना कहा जाता है। हालांकि अब ये नजारे कम ही देखने को मिलते हैं। शेखावाटी में ढूंढ का चलन अभी भी व्याप्त है।

## मंगल के सपने और पाँव खींचे अपने

डॉ. सुरेश कुमार

"**क्या** माँ जमाना कहाँ से कहाँ पहुँच गया और आप हैं कि अभी भी दकियानूसी बातों में उलझी पड़ी हो। मुझे वैज्ञानिक बनने के लिए कहती हो। आसमान के सपने दिखाकर अंधविश्वास वाली बातों से जमीन पर पटकने वाला व्यवहार करती हो। अभी आप भैया के साथ बैठने से रोक रही थी, अब आरती में जाने से रोक रही हो, यह मत करो, वह मत करो, ऐसा क्यों मम्मी?"...इस नादान प्रश्न के जवाब में मां लेटेस्ट जमाने का हाईफाई स्मार्टफोन थामे, अधुनातन टॉप-जिंस पहने बस इतना ही कह पाती है, "यही औरतों की नियती है बेटी।" बदले में बेटी ने पूछा आखिर औरतों की नियती क्या है माँ? क्या चाँद-सितारों को नापने वाली सदी में जब हम अडवांस सोच के साथ मंगल पर घर बसाने की सोच रहे हैं, उस समय औरतों को मासिक धर्म के नाम पर यह मत करो, वह मत करो कहना कहाँ तक ठीक है। यहाँ तक कि पाठशाला में बॉयोलॉजी में इसके बारे में एक चैप्टर भी है। अध्यापिका हैं कि सह-शिक्षा के कारण अध्याय पढ़ाने से बच-बचाकर आगे बढ़ गयीं। पढ़े-लिखों की यह हालत है तो अनपढ़ों की पूछिए ही मत। महिला दिवस के नाम पर लंबे-चौड़े भाषण देते हैं। कहते हैं कि औरत फलाना-फलाना क्षेत्र में तीर मार रही हैं और जमीनी हकीकत यह है कि वह मासिक धर्म के समय एक औरत दूसरी औरत को अंधविश्वास के पाठ पढ़ा रही है। जो चीज जितनी छिपाई जाती है उसके प्रति लोगों की जिज्ञासा उतनी ही बढ़ती है। हम बोलने में कुछ और आचरण में कुछ हैं। औरत दुनिया तो जीत सकती है लेकिन घर की चौखट के भीतर कई बार हार जाती है। यह हार उस समय और चुभती है जब हराने अपना ही कोई हो। माँ कुछ कहना चाहती थी, लेकिन बेटी अपनी धाराप्रवाह में बोलती गई - देश दुनिया को स्मार्ट बनाने के चक्कर में दिया तले अँधेरा जैसी हरकत वाले अंधविश्वास मासिक धर्म को प्रकृति का नियम न मानकर शर्म का कारण मानते हैं। लाख अच्छी पढ़ाई कर लो लेकिन मासिक धर्म को पाप के रूप में ही देखा जाता है। सबसे मुँह छिपाते फिरो। न जाने ऐसा कौन सा पाप कर दिया है कि सिर उठाकर समाज में चल भी नहीं सकते। यह समाज पुरुष के चोर-उचक्का, बलात्कारी होने पर एक बार के लिए सम्मान दे सकता है, लेकिन लड़की मासिक धर्म में हो तो घृणा की दृष्टि से देखते हैं।

# गौ पूजन कर गौ सवामणि का आयोजन किया

**नारनौल/संजय शर्मा**

श्री गौ गोपाल प्रचार एवं असहाय सेवा संस्थान (रजि.) के तत्वाधान मे आचार्य श्री बजरंग शास्त्री के सानिध्य में रविवार को श्री गोपाल गौशाला रेवाडी रोड पर संस्थान के सभी सदस्यों द्वारा गौ पूजन कर गौ सवामणि का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम पंडित मनीष शास्त्री जी ने मुख्य यजमान राकेश यादव सपत्नीक, रमेश शर्मा सपत्नीक, प्रदीप संघी रेखा संघी व संस्था के सभी सदस्यों के द्वारा श्री गणेश जी ,नवग्रह सहित विधि विधान से गौ पूजन करवाया, जिसमें और आरती करवाई और सभी सदस्यों ने मिलकर गौ पूजन किया और गऊओ को हरी सब्जी,हरा चारा सहित खल, मेथी ,गुड़, सरसों ,तेल ,नमक मिलाकर सवामणि



तैयार कर गौओं को खिलाई गई। इस अवसर पर घनश्याम गर्ग ने बताया की गाय के शरीर मे सभी देवताओं का वास होता हैं उन्होने बताया की गाय की सेवा करने से मनुष्य के सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।दान पुण्य करने से विशेष फल की प्राप्ति होती हैं।इस अवसर पर राकेश यादव ने बताया कि सभी मनुष्य को कोई पुण्य का कार्य जरूर करना चाहिये सभी वेदों एवं शास्त्रों का सार है कि परोपकार के समान कोई पुण्य नही है और दूसरो को दुख देने के समान कोई पाप नही है ।हमे भी असहाय लोगो की सहायता करके कुछ पुण्य कमाना चाहिये।गाय की सेवा करनी से जीव अनेक प्रकार के दोष दूर होते व अलौकिक पुण्य की प्राप्ति होती है जो जीव श्रद्धा विश्वाश के साथ गौ पूजन व गौ सेवा करते है उन पर भगवान श्री कृष्ण की विशेष कृपा प्राप्त होती है, इस अवसर पर रमेश शर्मा ने कहा की यदि हम अपने घर में गाय नही पाल सकते तो कोई बात नही लेकिन कम से कम रोज अपने घर से गाय के लिये रोटी व अन्न हरा चारा गाय को खिलाये तथा विशेष शुभ अवसर जन्मदिन ,विवाह उत्सव ,विवाह की वर्ष गाँठ शुभ अवसर पर और श्राद्ध अथवा पुण्य तिथि पर भी गौ सवमणि कर पुण्य की प्राप्ति अवश्य करनी चाहिये इस अवसर पर संस्था के महेन्द्र नूनिवाल,विनोद सोनी,सुरेंद्र गोयल, महेश भालोठिया, कृष्ण ,सुधीर यादव , प्रदीप संघी , राकेश बंसल , राजेंद्र गुप्ता, मनोज अग्रवाल,पवन शर्मा,जितेश बंसल,रमा सोनी,मंजू शर्मा, अनुराधा नूनिवाला,मोनिका शर्मा, रेखा संघी, मुस्कान अग्रवाल,राधा बंसल, कल्पना बंसल, पिंकी शर्मा सहित काफी संख्या मे गौ भक्त उपस्थित रहे ।

# पत्रकारों ने खेली होली

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**किसान** भवन मे रविवार को हरियाणा युनियन आँफ जर्नलिस्ट ट्रेड यूनियन के तत्वावधान होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदेश व पानीपत जिला भर के पत्रकारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि एएचपीसी वर्कर युनियन हिसार के सब युनिट इसराना प्रधान दलबीर सिह पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार अजय जैन व मंच संचालन डा. राजबीर सिंह जागलान ने किया। कार्यक्रम मे सभी पत्रकारों ने फुलों के साथ होली खेल कर एक दुसरे को बधाई दी। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरपी वशिष्ठ ने कहा कि हर त्योहार जीवन मे खुशी लेकर आता है। पत्रकार सभी के दुख सुख मे शामिल होता है। कस्बों मे समस्याओं को मंत्रीयों के सामने लाने का काम करते है। लेकिन पत्रकारों की समस्या कोई नही समझता। जिसको दुसरा



पत्रकार ही समझ सकता है। इसलिए युनियन अब हर ब्लॉक मे हर त्योहार पर कार्यक्रम कराने का काम करेगी। जिससे पत्रकारों को एक दुसरे से मिलने का मौका मिलेगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दलबीर सिह ने कहा कि देश मे लोगों की समस्या को उठाने वाला पत्रकार ही होता है। अगर पत्रकार नही हो तो इस देश मे पत नही क्या होता। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष आरपी वशिष्ठ, प्रदेश प्रवक्ता राजीव शर्मा, कोषाध्यक्ष ललित शर्मा, जिला प्रधान सुमित शर्मा, जिला सचिव सचिन सिधवानी, बलराज बापौली, अजय जैन, विक्रम शर्मा, मदन बरेजा, डा. राजबीर जागलान, सुनील मराठा, उमेश त्यागी, अनिश कोशिश, बिजेंद्र, धर्मबीर व जिला के पत्रकार उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### छह पीढ़ी देख चुकी 104 वर्ष की नोरंगी ने ली अंतिम सांस



**सोनीपत: नाहरा** गाँव की सबसे वृद्ध महिला 104 साल की नोरंगी , जो छह पीढियां देख चुकी थी उसने मंगलवार को अंतिम सांस ली । उसके बेटे रामचन्द्र ने गाँव के श्मशान घाट मेंअपनी माँ नोरँगी को मुखाग्रि दी । रामचन्द्र ने बताया कि उनकी माता नोरँगी 104 साल की हो गयी थी । छह पीढ़ियों के सुख देखने के बाद 7 मार्च 2021 को उनके 102वें जन्मदिन के मौके पर जीवन जग करवाया गया था । वो अपने पीछे भरापूरा परिवार जिन में 4 बेटे ,20 पोते पोती ,11 पड़पोते पड़पोती और एक एक दडोता व दडोती छोड़ कर प्रभु के चरणों मे लीन हो गई है । उनकी तेहरवीं की रस्म 6 मार्च को की जाएगी ।

### बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक




**पानीपत:** एसडी पीजी कॉलेज में कुरुक्षेत्र विश्विद्यालय कुरुक्षेत्र के एनएसएस पाठ्यक्रम के अनुसार जारी सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का आज पांचवा दिन रहा। जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों ने गाँव काबड़ी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर वहां उपस्थित बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को अच्छी सेहत होने के फायदे गिनाये और उन्हें कुपोषण से बचने के तरीके सुझाए। स्वयंसेवकों ने गाँव में रैली निकाल कर खेतों में पराली न जलाने का जागरूकता अभियान चलाया। एनएसएस कार्यकताओं को प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा के मार्गदर्शन में तथा कॉलेज में एनएसएस एवं वाईआरसी प्रभारी डॉ.राकेश गर्ग,डॉ.संतोष कुमारी और डॉ.एसके वर्मा की अगुआई में गांव काबड़ी के लिए रवाना किया गया। वहीं डॉ.राकेश गर्ग ने गांव काबड़ी के युवाओं से मोबाइल की लत पर बातचीत की और उन्हें इसके अत्यधिक प्रयोग से बचने की नसीहत दी। सांयकालीन सत्र में सांस्कृतिक गतिविधियाँ पेश की गई तथा स्वयंसेवकों ने खुद की मेहनत से बने पौष्टिक भोजन का भी आनंद लिया। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने एनएसएस कार्यकताओं की सराहना करते हुए कहा कि देश के विकास का सबसे अच्छा मानक हमारे देश की महिलाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ा है। जब तक महिलाएं तंदुरस्त और शिक्षित नहीं होंगी कोई भी परिवार खुशहाल नहीं होगा। उन्होंनें कहा कि एनएसएस स्वयंसेवक बहुत अच्छे और पुनीत कार्य कर रहे हैं। युवा अवस्था में अच्छे कार्य करने की क्षमता वैसे भी ज्यादा होती है। कॉलेज के सभी स्वयंसेवी युवा हैं और वे समाज के सबसे गतिशील एवं उजार्वान वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### लाडी शाह सरकार की कव्वालियों के कार्यक्रम में राजीव परूथी रहे अतिथि



**पानीपत:** बाबा मुराद शाह सेवा क्लब सोसाइटी ने लाडी शाह सरकार की कव्वालियों के प्रोग्राम महफि ल फ कीरा दी में पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी बतौर अतिथि पहुंचे। यहां उनका आयोजकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। यहां पर बोलते हुए परूथी ने कहा जिस तरीके से यह संस्था पानीपत की ऐतिहासिक धरती पर महफिल करवा कर जो सूफी संतों को बुलाकर उनके गानों के माध्यम से जो इंसान में प्रभु को पाने की एवं शुक्रिया करने की मस्ती पैदा करते हैं वह बहुत ही काबिले तारीफ है। इस तरह के कार्यक्रम से इंसान के अंदर फकीरी शब्द का महत्व असल में क्या है यह पता चलता है । वहीं इस मौके पर संस्था के सभी सदस्यों ने राजीव परुथी का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। एवं मौके पर मौजूद मंच पर गायकों ने अपनी सुरीली आवाज से आए हुए श्रोताओं का मन मोह लिया। इस मौके पर लाडी शाह सरकार के भाई दीपक मदान ने भी कार्यक्रम में शिरकत की एवं आए हुए सभी अतिथिगणों का स्वागत किया। इस मौके पर उस्ताद गुलशन मीर एवं रितु मीर ने शिरकत की एवं अपनी आवाज से फकीरी शब्द का महत्व बताया।

### श्याम बाबा के दर्शन करा कर लौटी बाबा श्याम सेवा समिति की बस

**पानीपत:** बाबा श्याम सेवा समिति पानीपत द्वारा आज हरि सिंह चौक से एक बस को श्री चुलकाना धाम के लिए रवाना किया गया। बस को मुख्य अतिथि परी किरयाना स्टोर के संचालक गर्ग परिवार द्वारा श्री श्याम ध्वज दिखाकर रवाना किया गया। बस में सवार सभी श्याम प्रेमी श्याम के भजनों पर नाचते गाते हुए श्री चुलकाना धाम पहुंचे तथा पूरी श्रद्धा के साथ श्याम बाबा के दर्शन किए। जिसके बाद वहां चल रहे भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया तथा सभी ने मिलकर गुलाल की होली खेली। इसके उपरांत मिठाई का प्रसाद लेकर सभी बस के द्वारा वापसी पानीपत के लिए रवाना हुए।

# स्वास्थ्य जांच कैंप मे 213 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**सेफ** इंडिया फाउंडेशन व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत इकाई, महिला व युवा जिला इकाई द्वारा शम्भूदयाल स्कूल मे आयोजित मेगा स्वास्थ्य जाँच कैंप का 213 मरीजों ने लाभ लिया। सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि हर महीने के पहले रविवार को यह कैंप लगेगा ताकि जरूरतमंद लोग अपना इलाज करवा सके। सम्मेलन के प्रधान अनिल गुप्ता व महासचिव एडवोकेट अरविन्द मित्तल ने बताया कि सक्सेना हस्पताल की टीम द्वारा 213 मरीजों के शुगर बी पी व स्वास्थ्य जाँच की गई। डॉक्टर वरुण शर्मा द्वारा 70 मरीजों के दांतो का चेकअप किया गया। 23 रक्तदाताओं ने रोटरी ब्लड बैंक की टीम को रक्तदान किया। वर्मा लैब द्वारा मुफ्त मे हड्डीयों के कैल्शियम टेस्ट किये गए। जील बायोटेक फार्मा कम्पनी के मालिक सतीश



अग्रवाल द्वारा मरीजों को तीन दिन की दवाई मुफ्त मे दी गई। दृष्टि सेवा समिति के सहयोग से डॉक्टर श्रॉफ आई हस्पताल के विशेषज्ञ द्वारा 128 मरीजों की आँखों की जाँच की गई। जिसमें 12 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। जिनका ऑपरेशन बिल्कुल मुफ्त मे किया जायेगा। संस्थाओं द्वारा शम्भूदयाल स्कूल की कार्यकारिणी का विशेष आभार जताया गया। इस कैंप मे सी ए दीपक गुप्ता, प्रवीण वर्मा, मास्टर दिलबाग, हवा सिंह आँतील, अशोक गुप्ता, आशीष गर्ग,सतीश बाल्याण, शशिकांत भारद्वाज, संजय बेनीवाल, अमित सिंगला, राहुल शर्मा, अनुज मंगला ,बलराज वशिष्ठ, नरेंद्र भूटानी, विपिन गुप्ता,संगीता मंगला, उमा, अनीता बंसल, नीतू गोयल, मनीषा, बबीता गर्ग, प्रवीण गोयल, प्रदीप, सुभाष, सिद्धार्थ वशिष्ठ, सुभाष जिंदल, प्रिंसिपल सौरभ शर्मा, पवन जैन, महावीर बंसल, परुण, विवेक, अंकित, गौरव आदि ने सेवा की।

# 'बीजेपी अपने मित्र काल में जनता की जेब काट रही'

**नारनौली/संजय शर्मा**

इस बीजेपी के राज में आज देश में बेरोजगारी, बेकारी, महंगाई तथा अराजकता का तांडव है, और सरकार बहरी एवं अंधी है उसे बढ़ती महंगाई का ये विकराल रूप नजर नही आ रहा, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।' उक्त बातें नांगल चौधरी कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी भाई राजा राम गोलवा ने प्रेस के नाम जारी विज्ञप्ति में कही उन्होंने कहा कि आज महंगाई से हर घर में हाहाकार मचा हुआ है, महिलाओं के लिए गैस सिलेंडर महंगा, पुरुषों के लिए पेट्रोल - डीजल महंगा, बच्चों के लिए दूध महंगा और परिवार के मुखिया के लिए आज सब कुछ महंगा है, उसके लिए परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। महिला कांग्रेस नेत्री ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां मुफ्त में मिल रहे 5 ` गेहूं को पकाने के लिए 1150 ? का सिलेंडर खरीदना पड़ता है। उन्होंने बीजेपी को पूंजीपतियों की पार्टी तथा गरीब विरोधी पार्टी बताते हुए कहा कि अमीरों को तो इन्कम टैक्स में भी छूट और गरीबों के लिए सिलेंडर में भी लूट। वर्मा ने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर की कीमत पर 250 रुपए कम करके 350 रुपए बढ़ाना और घरेलू गैस सिलेंडर पर 20 रुपए कम करके 50 रुपया बढ़ाने की जादूगरी, कोई इस लूट, झूठ और धोखे की राजनीति करने वाली इस जुमलेबाज भाजपा की केंद्र सरकार से सीखे। उन्होंने कहा कि कुछ अंधभक्त लोग कहते हैं की देश सुरक्षित हाथों में, जबकि उन्हें ये समझना चाहिए कि अगर देश का नेतृत्व मजबूत हाथों में है, तो फिर देश कमजोर क्यों हो रहा है? देश में गरीबी व जनता में आर्थिक बदहाली क्यों बढ़ रही है? चीनी फ्रंट पर सब कुछ अच्छा क्यों नहीं है? देश में महँगाई, बेरोजगारी से आम जनता की परेशानी को देश का नेतृत्व हल करने में असफल क्यों है? कांग्रेस नेत्री ने कहा कि आज विकास दर गौता लगा रही है, खुदरा महँगाई दर छलांग लगा रही है औ? उसी के बाद खबर मिलती है कि 50 रुपये घरेलू सिलेंडर पर बढ़ा दिए गए हैं, जब पूरा देश महँगाई कि मार झेल रहा है, रिटेल इनफ्लेशन आरबीआई के अधिकतम 6 फीसदी लक्ष्य के ऊपर है, सरकार महँगाई बढ़ाने मे व्यस्त है। होली के त्यौहार पर कीमतें बढ़ाना मोदी मॉडल को पूरी तरह विफल साबित करता है। वर्मा ने कहा की 2024 में केंद्र में कांग्रेस सरकार बनते ही गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा इसकी शुरूआत राजस्थान से हो चुकी है जिसे अन्य कांग्रेस शासित राज्यों में भी लागू किया जाएगा। उन्होंने शायराना अंदाज में बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि 'हर चीज हो गयी है खरीदने की क्षमता से बाहर, बर्बाद हो गए हैं सभी दिन और त्यौहार, अब नहीं चाहिए फिर से मोदी सरकार।' उन्होंने कहा कि लोगो की जेब लूटने का काम कर रही है भाजपा सरकार को घरेलू और कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर बढ़ी कीमतें तुरंत वापिस लेकर जनता को राहत देनी चाहिए।

# जनहित अभियान फाउंडेशन ने महलाना में लगाया रक्तदान शिविर



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा गांव महलाना में लगाया रक्तदान शिविर इस अवसर पर मुख्य अथिति वर्मा लेब के निदेशक परवीन वर्मा ने किया शिविर का उदघाटन और कहा की हर युवा को वर्ष में चार बार रक्तदान करना चाहिए। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया की आज के रक्तदान शिविर में 42 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर सरपंच रविंद्र, समाज सेवी सतीश बाल्यान,जयवीर गहलावत,सतीश प्रधान,मास्टर दिलबाग,आजाद गहलावत, हवासिंह पहलवान, नितिन जैन,सोनू तंबाकू वाला, काला,मनु वकील, श्री भगवान दहिया, विकी छिकारा, परदीप, मोहित, नितेश, मोहित मलिक,संदीप जिम,सागर रापिडिया,इशिका शर्मा,उपस्थित रहे।

## हाफिजाबादी राम नाटक क्लब में आज होगा होली महोत्सव

**पानीपत:** किला स्थित हाफिजाबादी रामनाटक क्लब में 6 मार्च को श्री कृष्ण सुदामा मित्र मंडल द्वारा 19वां फूल होली महोत्सव एवं संकीर्तन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान अजय हुडिया, दर्शन लाल वधवा, अनिल मदान, रमेश भराड़ा, दीवान चंद चावला ने बताया कि यह कार्यक्रम गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, प्रेम मंदिर की परमाध्यक्ष व महंत अरूण दास महाराज की अध्यक्षता में किया जाएगा। कार्यक्रम में शाम 7 बजे श्री कान्हा जी की इच्छा तक कीर्तन का आयोजन होगा। ज्योत प्रज्वलित सांसद संजय भाटिया करेंगे।

# 7 को लगेगा बाबा खड़का स्वामी का मेला

**नारनौल/संजय शर्मा**

हर साल की भांति दुल्हनडी पर बाबा खड़का स्वामी, कारोता धाम में लगने वाला मेला इस साल 7 मार्च को लगेगा ' इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अनूप लाठर और जोगिंदर दौगंली ने बताया कि समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 6 मार्च को सुबह 10:15 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा 7 मार्च को बाबा खड़का स्वामी मे विशाल भंडारे का आयोजन होगा ' वही इस साल भी रागनी कंपटीशन का भी आयोजन होगा जिसमे जुलाना (जींद) के



प्रसिद्ध गायक कलाकार रोहतास लाठर व उनकी टीम अपनी प्रस्तुति देगी।

# आंनद कुमार को दी महामुर्ख सम्राट की उपाधि

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

फ्रैंडस लाफिंग कल्ब हरियाणा संबंधित लाफ्टर कल्ब इंटरनेशनल द्वारा होली मिलन समारोह के अंतर्गत महामुर्ख सम्मेलन का आयोजन अग्रसेन भवन गुड़ मंडी, सोनीपत में किया गया। हास्यमेव जयते व हास्य द्वारा विश्व शांति की प्रार्थना के साथ महामुर्ख सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। महामुर्ख सम्मेलन में जिला व्यापार मंडल के चेयरमैन संजय वर्मा मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अथिति जिला बार एसोसिएशन सोनीपत के सचिव एडवोकेट वीरेंद्र दुहन, अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, गुड़ मंडी के प्रधान अजय गोयल तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेन्द्र गर्ग रोहट वाले ने की। इस



अवसर पर सुबह 11 बजे शहर के हंसोड लोगों की जमात गुड़ मंडी स्थित अग्रसेन भवन के प्रांगण में एकत्रित हुई। जिन्होंने इस अवसर पर अपनी हास्य रचनाएं, चुटकले, कविताएं, गीत व गजलों द्वारा लोगों का मनोरंजन किया। महामुर्ख सम्मेलन में आए लोगों ने हंसी के रंगीन फव्वारे व बौछारों के साथ लगाए जमकर ठहाके। इस अवसर पर फ्रैंडस लाफिंग कल्ब हरियाणा द्वारा वृद्ध आश्रम के संचालक समाजसेवी आंनद कुमार को महामुर्ख सम्राट की उपाधी से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कल्ब के संस्थापक एवं अध्यक्ष सतपाल सिंह अहलावत ने कहा कि हमारा उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं साम्प्रदायिक सदभावना के लिए कार्य करना है। अहलावत ने अपील की कि होली के पावन अवसर पर पानी की बबार्दी न करे। सुखी होली, चंदन तिलक, फूलों, गुलाल व अबीर के साथ खेले तथा केमिकलयुक्त रंग गुलाल आदि से बचे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय वर्मा ने सभी लोगों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए भाईचारे व रंगों के इस पर्व को शांतिपूर्वक व प्रेम-प्यार के साथ मनाने की अपील की। क्लब के महासचिव सीताराम धवन व विजय वर्मा की हास्य कविताओं, गजल व देवेन्द्र गर्ग रोहट वाले के चुटकुलों पर जमकर ठहाके लगे।

सम्मेलन में सामाजिक सरोकार के अंतर्गत सुशील गोयल, विनोद जांगड़ा, नवीन गर्ग ने होली के अवसर पर पानी बर्बाद न करने की अपील की।

# विकास कार्यों का मेयर मदान ने लिया जायजा

## साथ ही मौके पर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता भी जाँची गई है जो संतोषजनक मिली है

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

नगर निगम मेयर मदान रविवार को फाजिलपुर गांव में पहुंचे और उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे गली निर्माण के कार्य का जायजा लिया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि स्थानीय निवासियों की गली निर्माण को लेकर कुछ समस्याएं थी जिसका आज मौके पर ही समाधान करवा दिया गया है। साथ ही मौके पर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता भी जाँची गई है जो संतोषजनक मिली है। गली निर्माण के मानकों से संबंधित एजेंसी को कुछ दिशा निर्देश दिए गए है जिन्हे नगर निगम अधिकारी द्वारा पूरा करवाया जाएगा।



मेयर निखिल मदान ने बताया कि नगर निगम के ग्रामीण और शहरी दोनो क्षेत्रों में सड़कों और गलियों का काम प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जा रहा है। कल ही नगर निगम द्वारा सेक्टर 14 में 2 करोड़ 22 लाख की लागत से सड़कों के निर्माण कार्य को शुरू किया गया है। मेयर निखिल मदान ने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष में निगम की बजट बैठक के बाद विकास कार्यों को और गति मिलेगी। साथ ही उन्होंने सरकार से नगर निगम सोनीपत के विकास कार्यों के लिए 200 करोड़ की ग्रांट देने की मांग रखी है। जिस पर अभी उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। सरकार से ग्रांट मिलते ही निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जाएगा। मौके पर परवीन सैनी,हवा सिंह,राजेश, अनिल नागर, धर्मेंद्र, जयभगवान, परस राम,अनिल,अशोक राणा,रणबीर,राजेश,जसबीर, रणधीर,महावीर, कुलदीप वत्स,जुगल ज्योति आदि लोग मौजूद रहे।

## होली के रंग सांवरे के संग कार्यक्रम आठ मार्च को

**नारनौल/संजय शर्मा:** होली के रंग सांवरे कार्यक्रम आगामी आठ मार्च बुधवार को मोहल्ला दिल्ली गेट नजदीक गणेश महल के पास आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आयोजक विनोद सर्राफ ने बताया कि समस्त गर्ग परिवार द्वारा दुल्हेंडी के पर्व पर आयोजित इस कार्यक्रम में सुबह आठ बजे से भजनों के कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें क्षेत्र के प्रसिद्ध गायक कलाकर अपने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
मो. नं. : 9896772006

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं. : 9466035040

# 'पीएम कर रहे सीबीआई-ईडी का गलत इस्तेमाल'

## पीएम की कार्यशैली हो गई है कि किसी राज्य में दूसरे दल की सरकार को काम नहीं करने देंगे और उस पर सीबीआई-ईडी छोड़ देंगे: केजरीवाल





**नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री गैर भाजपा शासित राज्य सरकारों को गिराने के लिए सीबीआई-ईडी का इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रधानमंत्री की कार्यशैली हो गई है कि किसी राज्य में दूसरे दल की सरकार को काम नहीं करने देंगे और उस पर सीबीआई-ईडी छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि सीबीआई-ईडी से डराकर दूसरे दलों की सरकारें गिरा देते हैं। गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक इसके उदाहरण हैं। वहीं, भाजपा में आते ही नेताओं पर लगे सारे मुकदमें खत्म हो जाते हैं। जैसे हेमंत विश्वा शर्मा, शुभेंदु अधिकारी, मुकुल राय व नारायण राणे पर लगे सारे मामले खत्म हो गए। अगर मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन मेरा साथ छोड़ भाजपा में चले जाएं तो आज न वो जेल में होते और न उन पर कोई मुकदमा होता। इसी तरह, प्रधानमंत्री गवर्नर का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। सीएम एम.के. स्टालिन, केसीआर, पिनराई विजयन, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार गवर्नर से परेशान हैं, जबकि दिल्ली के उपराज्यपाल तो देश के संविधान और सुप्रीम कोर्ट को मानते ही नहीं हैं। केजरीवाल ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि कपिल सिब्बल हमारे देश के जाने-माने बहुत बड़े वकील हैं। वकील होने के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों के ऊपर वो काफी सक्रिय रहते हैं। कपिल सिब्बल ने इंसाफ के सिपाही नाम से पूरे देश में एक मुहिम शुरू की है। इस मुहिम जरिए वे देश के अलग-अलग हिस्सों से अलग-अलग तबके के लोगों को जोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि खासकर वो इस मुहिम से वकीलों को जोड़ना चाहते हैं। अगर दुनिया का इतिहास देखें तो अमेरिकी व फ्रांस की क्रांति और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वकीलों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था।
उन्होंने वकीलों को जोड़ने के वेबसाइट लांच की है। मैं देशभर के वकीलों और आम जनता से भी अपील करूंगा कि कपिल सिब्बल की यह बहुत अच्छी पहल है, उनके साथ जुड़ें। देश के अंदर जहां भी किसी के साथ किसी भी तरह की नाइंसाफी हो रही है उस नाइंसाफी में न्याय दिलाने के लिए पूरा पूरा प्रयत्न करें।

## सिसोदिया को मेंटली टॉर्चर कर रही सीबीआई: आप

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) रिमांड को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने रविवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि हम लोग एक खुलासा करने जा रहे हैं, पिछले छह दिनों से सिसोदिया को सीबीआई ने रिमांड पर लिया हुआ है, हमें जानकारी मिली है कि सिसोदिया को मेंटली टॉर्चर किया जा रहा है, ताकि वो एक झूठा कबूलनामा साइन कर दें। भारद्वाज ने आगे कहा कि शनिवार को मनीष सिसोदिया ने अपने वकील के जरिए इस बात का संकेत दिया था, ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक ऐसा व्यक्ति जिसने गरीब बच्चों के लिए काम किया और आज जब सीबीआई के पास सबूतों का अभाव है, उनके पास एक रुपए की बेईमानी का सबूत नहीं है. इसलिए टॉर्चर कर दबाव बनाया जा रहा है। ताकि वो कबूल कर लें। भारद्वाज ने आगे कहा कि



पहले दिन से सीबीआई कह रही है कि हमारे पास सारे साक्ष्य है। भाजपा के प्रवक्ता पिछले 10 महीने से टीवी चैनल पर कह रहे थे कि हमारे पास सब कुछ है। लेकिन अब सीबीआई कह रही है कि कैबिनेट नोट भी नहीं है। पिछले दशक से मैं सुन रहा हूं कि भारतीय जनता पार्टी कहती है कि राहुल गांधी को हम जेल में डालेंगे। रॉबर्ट वाड्रा ने हरियाणा, राजस्थान के अंदर बहुत बड़े-बड़े घोटाले और जमीनों में हेराफेरी कि है, हम उन्हें जेल में डालेंगे। लेकिन किसी को जेल में नहीं डाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा के बीच केवल जुबानी जंग है। यह एक दूसरे से लड़कर पूरे देश को बेवकूफ बना रहे हैं। जब- जब देश के सवाल होंगे, कांग्रेस वहां पर गायब रही है। आज भी कांग्रेस गायब है। जब 2016 में मुख्यमंत्री के यहां छापा पड़ा तो कांग्रेस वहां पर ताली बजा रही थी। अजय माकन केंद्र सरकार के चीयर लीडर बने हुए थे। भारद्वाज ने कहा कि जब-जब एलजी दिल्ली की सरकार को परेशान करते थे, अजय माकन कूद-कूदकर एलजी को चिट्ठियां भेजते थे। हमारे विज्ञापनों के विषय में अजय माकन ने चिट्ठी भेजी। आज देश के राज्यों में हर गवर्नर चुने हुए मुख्यमंत्री को परेशान कर रहा है। तमिलनाडु में स्टालिन साहब, तेलंगाना में केसीआर और पंजाब में भगवंत मान साहब को परेशान कर रहे हैं।



यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट ने आस्ट्रेलिया में हिन्दू मंदिरां पर हो रहे लगातार हमलां के विरोध में आज खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू और अमृतपाल सिंह के विरूद्ध प्रदर्शन किया तथा उनके पुतले फूंके।

## आज से हल्के वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा आश्रम फ्लाईओवर

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**राजधानी** दिल्ली के आश्रम फ्लाईओवर कल शाम 5:00 बजे से हल्के वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 12:00 बजे फ्लाइओवर का उद्घाटन करेंगे। फ्लाईओवर के ऊपर से भारी वाहन नहीं गुजर सकेंगे। भारी वाहनों को फ्लाईओवर पर चढ़ने के लिए ऊंचाई वाले बैरियर लगाए जाएंगे। अभी फ्लाईओवर में कई पेंच फंसे हैं इस कारण भारी वाहनों को फ्लाईओवर पर जाने से रोका गया है। इन कमियों को 1 महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

## सरकारी स्कूल में लगे आई लव मनीष सिसोदिया के पोस्टर

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के शास्त्री पार्क इलाके में सरकारी स्कूल के गेट पर 'आई लव मनीष सिसोदिया' के पोस्टर और बैनर लगे मिले थे। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध कर एफआईआर की। जिसके बाद पुलिस ने स्कूल प्रिंसिपल और स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की कोऑर्डिनेटर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली के कई स्कूलों में ऐसे पोस्टर्स लगाए गए हैं, जिनका लोगों ने विरोध किया है।
**आप कार्यकर्ताओं ने विधायक अब्दुल रहमान से परमिशन का दावा किया:** स्थानीय लोगों ने बताया कि स्कूल प्रिंसिपल गीता रानी और कोऑर्डिनेटर गजाला ने बच्चों



के जरिए ये अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि सुबह 8.30 बजे के बीच आम आदमी पार्टी के कुछ कार्यकर्ता शास्त्री पार्क में सरकारी स्कूल में आए। उन्होंने अंदर से डेस्क निकाली और गेट पर चढ़कर 'आई लव मनीष सिसोदिया' का पोस्टर लगाने लगे। इस पर लोगों ने आपत्ति जताई और कहा कि यह शिक्षा का मंदिर है, इसे राजनीति से दूर रखिए। हमने उनसे यह भी पूछा कि क्या उनके पास परमिशन है। उन लोगों ने कहा कि वह विधायक अब्दुल रहमान के लोग हैं। इसके बाद एक शख्स ने विधायक से संपर्क किया और उनसे पूछा कि क्या उन्होंने इजाजत दी है तो विधायक ने हां में जवाब दिया। हम जानते हैं कि

### केस दर्ज

= **पुलिस ने स्कूल प्रिंसिपल और स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की कोऑर्डिनेटर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया**

विधायक झूठ बोल रहा हैं क्योंकि राजनीतिक लाभ के लिए किसी स्कूल का इस्तेमाल करने की अनुमति कभी नहीं दी जाती है। हालांकि लोगों के विरोध करने पर बैनर हटा दिया गया। आप विधायक आतिशी मार्लेना ने भी सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। तस्वीरों में बच्चों के हाथ में कुछ पोस्टर दिख रहे हैं, जिनमें लिखा है- वी मिस यू मनीष अंकल।

## आईएनएस विक्रांत पर सोमवार से होगा नौसेना कमांडरों का सम्मेलन

**नई दिल्ली।** नौसेना कमांडरों का सम्मेलन भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सोमवार से शुरू होगा। यह पहला मौका है जब कमांडरों के सम्मेलन का पहला चरण समुद्र में आयोजित किया जायेगा। इसमें सैन्य रणनीतिक स्तर के महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करने के साथ-साथ वरिष्ठ नौसैन्य अधिकारी आईएनएस विक्रांत के प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करेंगे।

## ई-बाइक से लें ऐतिहासिक स्थलों के सफर का आनंद

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**ई-बाइक** के जरिए पुरातत्व विभाग के ऐतिहासिक स्थलों के मजेदार सफर का आनंद लिया जा सकता है। एमसीडी ने यूलू बाइक के साथ मिलकर लोगों के लिए ई-बाइक हेरिटेज टूर तैयार किया है। केशवपुरम से इसकी शुरूआत कर संरक्षित स्मारकों का दौरा कराया गया। निगम ने पूरी दिल्ली में इस तरह से ई-बाइक हेरिटेज टू कराने की योजना तय की है। पहले चरण में पुरानी दिल्ली जहानाबाद का ई-बाइक हेरिटेज टूर शुरू कराया गया

### पहल

= **एमसीडी ने यूलू बाइक के साथ मिलकर लोगों के लिए ई-बाइक हेरिटेज टूर तैयार किया है**

था। लोग कश्मीरी गेट, दिल्ली गेट, लाहौरी गेट आदि को घूमते हुए ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व को समझ रहे हैं। साथ ही, पुरानी दिल्ली के लजीज व्यंजनों का मजा भी ले रहे हैं। अब निगम के हेरिटेज सेल और केशवपुरम क्षेत्रीय



कार्यालय ने इसका दूसरा चरण शुरू कराया है। निगम की अधिकृत पार्किंग में खड़ी यूलू बाइक को टूर में शामिल किया गया है। टूर में शामिल लोगों को स्थानीय व्यंजन का स्वाद लेने की व्यवस्था भी की गई है। टूर में गाइड विभिन्न स्थलों से परिचय कराते हैं।
**ये पूरी यात्रा 10 किलोमीटर की थी :** लोगों ने हैदरपुर के शीशमहल आगमन द्वार से ई-बाइक टूर शुरू किया। केशवपुरम जोन के क्षेत्रीय निगम उपायुक्त नवीन अग्रवाल ने इसे हरी झंडी दिखाई। पूरी यात्रा 10 किलोमीटर की थी, जो गार्डन हाईलैंडर्स मेमोरियल, बादली की सराय के द्वार, ऐतिहासिक गुरुद्वारा नानक प्याऊ, त्रिपोलिया व रोशनारा बाग की बारादरी और मकबरे से होकर गुजरी।

## एनकाउंटर में दबोचा गैंगस्टर नीरज उर्फ कात्या को



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल की कुतुब मीनार मेट्रो स्टेशन के पास एक गैंगस्टर से मुठभेड़ हुई। कुतुब मीनार मेट्रो स्टेशन के पास सदर्न रेंज की टीम और बदमाश के बीच ये मुठभेड़ हुई। दोनों तरफ से दो दो राउंड फायरिंग हुई। मुठभेड़ में कोई घायल नहीं हुआ लेकिन बदमाश को स्पेशल सेल ने मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया। पूछताछ के बाद स्पेशल सेल ने पता लगाया कि बदमाश का नाम नीरज उर्फ कत्या है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जिस बदमाश को मुठभेड़ में दबोचा है, उसके ऊपर 25 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। बदमाश नीरज उर्फ कटिया पर हत्या, हत्या का प्रयास, लूटपाट, चोरी, रंगदारी, आर्म्स एक्ट जैसे मुकदमे दर्ज हैं। मुठभेड़ के बाद हरियाणा के

### शिकंजा

= **मुठभेड़ में कोई घायल नहीं हुआ लेकिन बदमाश को स्पेशल सेल ने मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया**

कुख्यात गैंगस्टर नीरज उर्फ कात्या को दबोच लिया। गिरफ्तार बदमाश नीरज उर्फ कात्या हरियाणा के झज्जर जिले का रहने वाला है। जानकारी मिली थी कि दिल्ली के कुतुबमीनार इलाके में कात्या किसी वारदात की प्लानिंग के लिए अपने सहयोगियों से मिलने आने वाला है। पुलिस की तरफ से ट्रैप लगाया गया और जैसे ही स्पेशल सेल की टीम ने गैंगस्टर को घेरा तो उसने पुलिस टीम फायरिंग कर शुरू कर दी। जवाब में स्पेशल सेल ने भी फायरिंग की।

## दिल्ली सरकार ने 17 मार्च से बुलाया बजट सत्र

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** सरकार ने 17 मार्च को बजट सत्र बुलाया है। पहली बार ऐसा होगा कि केजरीवाल सरकार मनीष सिसोदिया के बिना बजट पेश करेगी। इस बार का बजट दिल्ली सरकार के वित्त मंत्री कैलाश गहलोत पेश करेंगे। वहीं ऐसा माना जा रहा था कि इस बार मनीष सिसोदिया दिल्ली का बजट पेश करेंगे। लेकिन, आबकारी नीति में कथित घोटोले के आरोपों के बाद सीबीआई ने सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया था, जिसके बाद सिसोदिया ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी के नेताओं ने ऐसे संकेत



पहले ही दिए थे कि वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ही इस बार का बजट पेश करेंगे। मनीष सिसोदिया के 18 विभागों में से वित्त और लोक निर्माण विभाग सहित आठ विभागों का जिम्मा कैलाश गहलोत को मिला है। कैलाश गहलोत के पास वित्त, प्लानिंग, पीडब्लूडी , पावर, गृह, शहरी विकास, इरिगेशन फ्लड कंट्रोल और जल विभाग भी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले

### जिम्मा

= **सिसोदिया के 18 विभागों में से वित्त और लोक निर्माण विभाग सहित आठ विभागों का जिम्मा कैलाश गहलोत को मिला है**

वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने अधिकारियों के साथ बजट की तैयारियों पर भी चर्चा की थी। बैठक के बाद कैलाश गहलोत ने कहा था कि सभी अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। अरविंद केजरीवाल के कुशल नेतृत्व में हम प्रगतिशील बजट पेश करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं।

## दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने किया 'अमृत उद्यान' का भ्रमण

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू के विशेष आमंत्रण पर दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और दिल्ली उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों ने राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान का रविवार को भ्रमण किया। इस दौरान न्यायाधीशों ने प्रकृति की अलौकिक सुंदरता को निहारा और देश-दुनिया के विभिन्न फूल-वनस्पतियों को देखते हुए अमृत उद्यान का भ्रमण किया और तस्वीरें खिंचवाईं। अमृत उद्यान आगंतुकों के लिए 31

### अमृत उद्यान का दौरा

= **प्रकृति की अलौकिक सुंदरता को निहारा,देश-दुनिया के विभिन्न फूल-वनस्पतियों को देखते हुए अमृत उद्यान का भ्रमण किया**

जनवरी से 26 मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक खुला रहता है।
हालांकि 8 मार्च को होली के दिन उद्यान बंद रहेगा। अमृत उद्यान में पेड़-पौधों के साथ-साथ विविध रंगों के खुशबूदार फूल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं।

## बिना किसी पूर्व सूचना के रद्द हुई एसओएल की परीक्षा के संबंध में

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शनिवार को मुक्त शिक्षा विद्यालय (एसओएल) के प्रशासन को बिना किसी पूर्व सूचना के रद्द की गई परीक्षा के संबंध में रविवार को ज्ञापन सौंपा तथा नियमित रूप से बिना किसी बाधा के परीक्षा को आयोजित कराने की मांग की। उल्लेखनीय है कि स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) के बी.ए. और बी.कॉम की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार शनिवार को होने वाली थी लेकिन उसी दिन सुबह बिना किसी पूर्व सूचना के परीक्षा को रद्द कर दिया गया। जिसके कारण छात्रों

### दर्दनाक हादसा

~~= राजकुमारी भागकर डंपर के पास पहुंची। वह पति और बेटे को डंपर के नीचे से निकालने के लिए गिड़गिड़ाने लगी~~

को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस मुद्दे को लेकर एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल ने डूसू की संयुक्त सचिव शिवांगी खरवाल के साथ प्रशासन, स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग, दिल्ली विश्वविद्यालय को छात्रों के हित में इस मुद्दे को हल करने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। एसओएल प्रशासन ने गलती मानते हुए

## पुस्तक मेले में भीड़ ने तोड़ा रिकार्ड, 1.75 लाख से ज्यादा लोग पहुंचे

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**विश्व पुस्तक** मेले में भीड़ ने अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। 1.75 लाख से ज्यादा लोग मेले में पहुंचे। मेला परिसर में प्रवेश पाने के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। पसंदीदा किताब खरीदने के लिए लोगों को बुक स्टॉलों के बाहर भी कतारबद्ध देखा गया। लेखक सत्रों, पुस्तक विमोचनों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पुस्तक प्रेमियों की जबरदस्त भीड़ रही। प्रगति मैदान में आयोजित पुस्तक मेले का लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। दरअसल, यहां पाठकों को एक साथ उनकी पसंद की सारी पुस्तकें मिल जाती हैं और साथ ही उन्हें उनके प्रिय लेखक से मिलने का अवसर भी मिलता है। यही कारण है कि हर साल बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। मेले के पवेलियन, बुक स्टालों के साथ-साथ



खाने-पीने की स्टालों पर भी लाइन लगी रही। सैकड़ों दुकानें होने के बावजूद लोग ऑर्डर देकर एक-एक घंटे तक खाने का इंतजार करते रहे। छोटे बच्चे मस्ती करते दिखाई दिए तो महिलाओं ने भी यहां आकर खुशनुमा समय बिताया।

### लंबी-लंबी कतारें लगी

= **लेखक सत्रों, पुस्तक विमोचनों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पुस्तक प्रेमियों की जबरदस्त भीड़ रही**

**बाल लेखिका नंदिनी ने किया प्रोत्साहित:** बाल मंडप में बाल लेखिका नंदिनी नायर ने नवोदित लेखकों को छोटी उम्र से ही लिखना शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। पतंजलि योगपीठ न्यास ने योग के महत्व और इसके लाभ के बारे में समझाते हुए एक योग कार्यशाला का आयोजन किया। इसके अलावा बच्चों को कहानी लेखन कार्यशाला भी कराई गई।
**दर्जनों किताबों का विमोचन और पिरचर्चा:** मेले में दर्जनों किताबों का विमोचन और परिचर्चा का आयोजन किया गया। इनमें सज्जन सिंह यादव की पुस्तक भारत की वैक्सीन विकास-गाथा, रास बिहारी की किताब पश्चिम बंगाल विधानसभा 2021 - भय आतंक का चुनाव, नीरज बधवार की बातें कम स्कैम ज्यादा, प्रेम जनमेजय की सींग वाले गधे, बीएन जोशी की श्रमतनः ए मेमॉयर, स्वामी कैलाशानंद गिरि की ए रिवर ऑफ मोक्षः पिलग्रिमेजेज विद द गंगा, बालाजी विट्ठल की प्योर एविलः द बैड मेन ऑफ बॉलीवुड और प्रोफेसर शंकर सहाय की चंदौसी जंक्शन प्रमुख रहीं। लोकप्रिय कवि कुमार विश्वास की पुस्तक कोई दीवाना कहता है के नए संस्करण का विमोचन भी किया गया। नाट्यशाला में रेख्ता फाउंडेशन ने काव्य पाठ का आयोजन किया। इसमें सात युवा कवियों ने उर्दू-संस्कृति की कविताएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

## न्यूज फ्लैश

### अगले महीने तक प्रदेश में पूरा संगठन घोषित कर देंगे: ढांडा



**राई।** रविवार को दिपालपुर गांव स्थित हन्नी स्पोंटस अकेडमी में राई हलके से समाजसेवी मास्टर सतनारायण आंतिल आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर जनसभा में हलके से काफी संख्या में पहुंचे। आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के राजनीतिक सलाहकार अनुराग ढांढा व संगठन मंत्री प्रवीन प्रभाकर गौड की मौजूदगी में आम पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए और साथ दर्जनों युवाओं बुजुर्गो ने पार्टी का पटका व टोपी पहनाकर पार्टी में शामिल करवाया। इससे पूर्व राजनीतिक सलाहकार अनुराग ढांढा व संगठन मंत्री प्रवीन प्रभाकर गौड को मास्टर सतनारायण के नेतृत्व में युवाओं का काफिला ढोल नगाड़ो व फूलमाला पहनाकर उत्साह से मंच तक लेकर गए। उसके बाद मास्टर सतनारयण ने सभी अतिथियों को पटका व टोपी पहनाकर स्वात किया। समाजसेवी मास्टर सतनारयण आंतिल ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हलके के लोगों के प्यार व उत्साह को देख बहुत खुश हुं। इतनी बड़ी संख्या में पहुंची मेरी माता, बहनों, बुजुर्गों व युवाओं ने सभा में पहुंचकर उन्हें अपना आशीर्वाद दिया है। वे उनके प्यार व अहसान को कभी नही भूलेंगे। जनता ने उन्हें अपना आशीर्वाद दिया तो वे उनको की लड़ाई लड़कर उनका हक दिलाएंगे। हलके की प्रदेश में विशेष पहचान होगी। इतनी अच्छी पार्टी इस देश में आई है। मंच पर समाजसेवी मास्टर सतनारायण आंतिल के दामाद गुलशन दहिया गढ़ी बाला निवासी का डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में छाने पर नोटो की माला पहनाकर स्वागत किया। डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में गुलशन दहिया उर्फ सेन ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आयोजित मेघा रेसलिंग शो में तीन रेसलर को एक साथ हराकर ट्राफी जीती।

### समाज को लेकर जिम्मेदारी का एहसास होने के साथ समाजसेवा के क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ी : त्यागी



**गन्नौर।** रविवार को होली मिलन एवं अभिनंदन समारोह रेलवे रोड स्थित एक गार्डन में त्यागी ब्राह्मण महासभा गन्नौर की ओर से आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि के तौर जजपा हलका अध्यक्ष अनिल त्यागी, नपाध्यक्ष अरुण त्यागी व पंडित राजकुमार शर्मा ने शिरकत की और भगवान परशुराम की प्रतिमा के सामने पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता त्यागी ब्राह्मण महासभा के प्रधान महाबीर सिंह बजाना ने की। अतिथियों को पटका व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। मुख्यातिथि जजपा हलका अध्यक्ष अनिल त्यागी ने कहा कि त्यागी ब्रहमण समाज ने एक सराहनीय पहल की है। समाज को लेकर जिम्मेदारी का एहसास होने के साथ ही आज समाजसेवा के क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ी है। हालांकि, यह अब भी असंगठित होकर कार्य कर रहे है। जिसके कारण समाज में ज्ञ्यादा सकारात्मक बदलाव नहीं दिख रहा है।

# एचएसजीएमसी महासचिव ने किया औचक निरीक्षण

**अंबाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के महासचिव गुरविंदर सिंह एवं कवलजीत सिंह अजराना ने ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब अंबाला शहर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां साफ-सफाई का प्रबंध एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए संगत से भी बातचीत की। उन्होंने संगत से गुरुद्वारा साहिब के प्रबंध हेतु कुछ सुझाव भी लिए और उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या तो नहीं आ रही, इस बारे में भी पूछा गया। यही नहीं, उन्होंने कर्मचारियों से भी बातचीत करते हुए प्रबंध को ओर भी बेहतरीन



बनाने के लिए उचित दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कर्मचारियों से सुझाव भी मांगे। महासचिव ने इंजिनियर बलबीर सिंह द्वारा गुरुद्वारा साहिब के लिए भेंट किया गया लाखों रुपये का जरनेटर का भी उद्घाटन किया। उन्होंने इंजिनियर बलबीर सिंह द्वारा गुरुद्वारा साहिब के लिए की गई जरनेटर सेवा के लिए उनका आभार जताया। उन्होंने आशा जताई कि बलबीर सिंह भविष्य में भी सेवा भाव से गुरुद्वारा साहिब के प्रबंध में सहायता करने के लिए तत्पर रहेंगे। महासचिव ने संस्था द्वारा हरियाणा की गुरुद्वारा साहिबान की सेवा संभालने के बाद एचएसजीएमसी के प्रमुख कार्यालय के बारे में भी जिक्र किया। उन्होंने बातचीत करते हुए बताया कि जल्द ही संस्था का प्रमुख कार्यालय कुरुक्षेत्र में तैयार कर दिया गया जाएगा। कार्यालय को बेहतरीन ढंग से बनाया जाएगा, जिसमें उच्च तकनीक का प्रयोग होगा। कार्यालय में हाई स्पीड इंटरनेट, अमला शाखा, शोशल मीडिया विंग, लाईब्रेरी, सूचना कार्यालय सहित अन्य शाखाएं स्थापित की जाएगी। यही नहीं, सिख मिशन हरियाणा में स्थापित श्री गुरु रामदास निवास (सरां) की भी कायाकल्प किया जाएगा। सरां के कमरों का नवीनीकरण किया जाएगा। कुछ कमरों का नवीनीकरण जोरशोर से चल रहा है और शेष कार्य भी जल्द ही करवाया जाएगा। इसके उपरांत पूरी सरां में रंग-रोगन करवाया जाएगा और कमरों के अंदर अलमारी, कुर्सियों व अच्छे बैड भी मुहैया करवा दिए जाएंगे। सरां की कायाकल्प कर कम से कम तीन सितारा तर्ज पर बनाने का प्रपोजल तैयार है, जिसे अमलीजामा पहनाने के लिए ड्यूटियां लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि बहुत कम शुल्क में संगत को रिहायश की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।

## धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए: कृष्ण छौक्कर



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**तीन** बाण धारी श्री श्याम परिवार समालखा द्वारा आयोजित बाबा खाटूश्याम की यात्रा मे बतौर मुख्यातिथि भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर ने सम्मलित होकर रथ को खिचकर यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर कृष्ण छौक्कर ने कहा हमें धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए ' यात्रा मे स्वामी विकास दास महाराज ने भक्तों को आशीर्वाद दिया ' इस अवसर पर आयोजक कर्ता समाजसेवी सचिन मित्तल, श्याम प्रेमी मन्नू छाबड़ा, अजय गर्ग पार्षद ,कप्तान छौक्कर, सुभाष कुहाड़,अमन छौक्कर, पिंकी गर्ग, विपिन छाबड़ा सहित हजारों श्याम श्रद्धालु मौजूद थे।

## 'आत्मनिर्भर भारत स्वस्थ भारत और सुदृढ़ भारत' को लेकर रैली निकाली



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
जीटी रोड स्थित आईबी पीजी महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट द्वारा खोतपुरा गांव में सात दिवसीय स्पेशल कैंप का दूसरा दिन का आयोजन किया गया । प्रातः कालीन सत्र में स्वयं सेवक सागर और हिमांशु ने सभी स्वयंसेवकों को योगा और मेडिटेशन करवाया गया । उसके बाद स्वयं सेवकों से सफाई अभियान शुरू करवाया । उसके पश्चात गांव खोतपुरा में "आत्मनिर्भर भारत स्वस्थ भारत और सुदृढ़ भारत" पर पूरे गांव में स्वयंसेवकों द्वारा रैली निकाली गई। रैली के पश्चात स्वयंसेवकों ने गांव के हर घर में जाकर प्रत्येक लोगों को नशा मुक्ति के बारे में जागरूक किया। वही गांव खोतपुरा में पूर्व सरपंच हरिराम द्वारा सबको नशा मुक्ति के बारे में अवगत करवाया गया।
सायंकालीन सत्र में एडवोकेट डॉ अजय पंवार द्वारा स्वयं सेवकों को नशा मुक्ति के बारे में अवगत करवाया करवाया गया । उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि अगर हम सब किसी भी अच्छे काम को करने की ठान ले तो हमें कोई भी नहीं रोक सकता।

## आदेश की तरफ से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**अम्बाला (मनीष कुमार)** मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल व मैडिकल कॉलेज की ओर से अंबाला सिटी के वैष्णो देवी मंदिर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में आदेश के चिकित्सकों ने आंख, नाक, गला, दंत, हड्डी व महिलाओं से स बंधित 573 रोगियों की जांच की और दवाईयां भी निःशुल्क वितरित की गई। शिविर की शुरूआत आदेश अस्पताल के एमडी डा. गुणतास गिल ने की। डा. गुणतास गिल ने कहा कि व्यस्तता के कारण आज लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नहीं है जिस कारण छोटी-छोटी बीमारियों बड़ा रूप धारण कर लेती है। इसलिए लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए और समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिए।

## जेसीआई की महिला टीम "ब्रेक द बाएस" का करेगी आयोजन

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
जेसीआई अम्बाला की महिला टीम द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला दिवस महा-सप्ताह "ब्रेक द बाएस" का आयोजन किया जाएगा। इस सप्ताह में प्रथम प्रोजेक्ट के अंतरगत महिला टीम द्वारा कार रैली का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में महिला एवम पुरुष के समान अधिकारों के लिए जागरुक करना रहा। यह रैली सुभाष पार्क से शुरू हो कर निकल्सन रोड, सदर बाजार एवम राय मार्किट से होते हुए सिविल अस्पताल, जगाधरी रोड पर इसका समापन हुआ। इस दौरान सभी गाड़ीयाँ महिलाओं ने चलाई और यह संदेश देने की कोशिश की कि महिलाएँ भी अच्छी ड्राइवर हो सकती हैं। इस दौरान महिलाओं ने अलग-



अलग सलॉगन्स के द्वारा महिला एवम पुरुष की समानता के लिए जागरुक किया। इस आयोजन के बाद गर्ग पूरी वाला, जगाधरी रोड पर नाश्ते का इंतजाम किया गया। इस दौरान जेसीआई अम्बाला की महिला जेसीस टीम की प्रधान जेसी किट्टी गुप्ता, सचिव दीपाक्षी अरोड़ा, क्रिएटिव हैड अश्मिता मित्तल, फर्सट लेडी जेसी रीया अग्रवाल, जेसी करुणा अग्रवाल, जेसरेट नीधी त्रेहान, जेसी मीनाक्षी गुप्ता, जेसरेट रीम्पी गुप्ता, जेसरेट रजनी बाला, जेसरेट सिमरनप्रीत कौर, जेजे आद्रिका गुप्ता, प्रधान जेसी लक्षित अग्रवाल, आईपीपी जेसी शशांक अग्रवाल, उप-प्रधान जेसी विभू अरोड़ा एवम जेसी अंतेश मित्तल, जेसी विवेक गुप्ता, जेसी दलवीर सिंह, जेसी सौरभ गुप्ता, जेसी गौरव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## 'कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं'

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**महाराणा** प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल में मशरूम उत्पादन प्रसंस्करण व विपणन विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का विधिवत समापन हुआ। प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए करीब 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिन्हें मुख्य अतिथि स्वामी दयानंद सरस्वती ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। स्वामी दयानंद सरस्वती ने कहा कि भारतवर्ष दो चीजों से जाना जाता हैं, एक है ऋषि, दूसरा है कृषि। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में आगे बढने.की अपार संभावनाएं है।



उम्मीद है कि प्रतिभागियों ने पांच दिवसीय कार्यशाला में पूरा ज्ञान हासिल किया हैं, जिसे वे कृषि के क्षेत्र में लगाएंगे, जिससे देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि देश का किसान खुशहाल होगा तो तो देश आगे बढ़ेगा। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण हासिल कर कृषि को ओर बढ़ाना हैं।
क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान निदेशक डॉ. अजय सिंह ने प्रतिभागियों को बताया कि मशरूम की खेती कर युवा, किसान, महिलाएं न केवल सफल उद्यमी बन सकते है बल्कि अपनी आय को अन्य फसलों के मुकाबले तीन गुणा बढ़ा सकते हैं। मशरूम की खेती कम जमीन में भी की जा सकती हैं, लेकिन मशरूम की खेती को प्रशिक्षण लेकर किया जाए तो ये काफी बेहतर साबित होता हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखकर एमएचयू द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाता हैं, जो लगातार चलता रहता हैं।
उन्होंने सभी से आह्वान किया वे एमएचयू द्वारा बागवानी के अंतर्गत आने वाली विभिन्न फसलों के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त करें, जो आय को बढ़ाने में सहायक होगा। मंच संचालन डॉ. हरजोत सिंह ने किया। मौके पर डॉ. मुनीष कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## स्वर्गीय दिनेश प्रधान की याद में दंगल करवाया



**समालखा** कमाल हुसैन स्वर्गीय दिनेश प्रधान की याद में श्याम बाबा मंदिर गांव चुलकाना में दंगल करवाया गया। जिसमें 11 हजार रुपए की दो कुश्ती करवाई गई ' दंगल का आयोजन स्वर्गीय दिनेश प्रधान के छोटे भाई बिल्लू चुलकाना ने करवाया ' विजेता खिलाड़ियों को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ' इस मौके बिल्लू ने बताया दंगल के अलावा भी वह अपने भाई की याद में हर साल और भी अन्य कार्यक्रम करवाते रहते

## जीन को नियमित कर किडनी को बीमारी से मुक्त कर रही नीरी केएफटी : अध्ययन




**नई दिल्ली:** मानव जीन पर हो रहे अनुसंधानों से बीमारियों के प्रभावी उपचार के नये रास्ते खुल रहे हैं। इसी तरह के एक शोध में पता चला है कि आयुर्वेद का एक फामूर्ला नीरी केएफटी किडनी की बीमारियों के लिए जिम्मेदार छह जीन के व्यवहार को नियंत्रित करने की क्षमता रखता है। इससे किडनी की बीमारियों के बचाव और उपचार को नई दिशा मिल सकती है। विश्व किडनी दिवस पर बायोमेडिसन जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक नीरी केएफटी का असर जानने के लिए जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एक्सीलेंस में यह शोध किया गया जिसे तीन अलग अलग तरीकों से किया गया। इन सभी के नतीजे बेहद सकारात्मक रहे हैं। अध्ययन के लिए नेशनल सेंटर फार सेल साइंसेज (एनसीसीएस) से किडनी की कोशिकाएं एचईके 293 मंगाई गई। शोधार्थियों ने बताया कि नीरी केएफटी का निर्माण एमिल फार्मास्युटिकल्स ने लंबे अनुसंधान के बाद किया है। यह पुनर्नवा, गोखरू, वरुण, कासनी, मकोय, पलाश तथा गिलोय समेत 19 जड़ी-बूटियों से बनी है। एमिल फार्मास्युटिकल के कार्यकारी निदेशक डा. संचित शर्मा ने कहा कि यह शोध साबित करता है कि नीरी केएफटी किडनी उपचार के साथ-साथ उसे स्वस्थ बनाए रखने में भी प्रभावी है। अध्ययन के अनुसार, नीरी केएफटी को किडनी की अनेक बीमारियों के लिए जिम्मेदार छह जीन सीएएसपी, आईएल, एजीटीआर-1, एकेटी, एसीई-2 तथा एसओडी-1 के व्यवहार को नियंत्रित करने में कारगर है। दरअसल, ये जीन किडनी की कार्यविधि के नियंत्रण के लिए जिम्मेदार हैं। जीन के व्यवहार से तात्पर्य किसी जीन में उपस्थित सूचना के प्रयोग से उत्पादन होना है। जो आमतौर पर प्रोटीन होते हैं। ये प्रोटीन किसी न किसी रूप में किडनी की सेहत को बनाए रखने में कारगर होते हैं।

## भगत हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क जांच शिविर का किया गया आयोजन

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** शहर के लखनोर साहिब गुरुद्वारा में आज भगत हड्डियों व आँखों के हस्पताल द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे डॉ.मुकेश भगत (ओर्थो) और डॉ.अनीता कुमारी (ऑफैथामोलॉजिस्ट) ने लगभग 165 मरीजों की जांच की। शिविर के दौरान हड्डियों की मजबूती (बीएमडी) की जांच अत्याधुनिक मशीन द्वारा की गयी। डॉ.मुकेश कुमार ने मरीजों को हड्डियों की



मजबूती , और जोड़ों के समन्धित जानकारी दी व डॉ.अनीता ने आँखों की जांच करते हुए मरीज को आँखों के रख रखाव और बचाव के बारे में समझाया । साथ ही शिविर में मुफ्त बीपी,शुगर आदि की जांच की व दवाईयां भी वितरित की गई।

## आम आदमी पार्टी के कार्यालय पर मनाया गया होली मिलन समारोह

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**आम आदमी** पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सुखबीर मलिक के कार्यालय में आज होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि हरियाणा प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह रहे जिसमें पार्टी के नेताओं ने भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर होली मिलन समारोह की शुरूआत की। आज सुबह से ही पूर्व जिला अध्यक्ष सुखबीर मलिक के कार्यालय में कार्यकर्ता पहुंचने शुरू हो गए थे। सुखबीर



मलिक ने सबका स्वागत किया और होली की बधाई दी। पूर्व जिला अध्यक्ष सुखबीर मलिक ने कहा कि होली सौहार्द का संदेश देती है। लोगों से होली पर पानी से कम इस्तेमाल करने की अपील की और गुलाल और फूलो से होली खेलने का आह्वान किया। वहीं पार्टी में दो मौजूदा सरपंच राजाखेड़ी प्रवीण मलिक और उग्राखेड़ी सरपंच सुधीर मलिक ने अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी ज्वाइन कराई एवं अन्य बहुत से लोगों को जॉइनिंग कराई व प्रवीण मलिक सरपंच राजा खेड़ी ने कहा के होली पर नशे का इस्तेमाल ना करने की भी अपील की। इस मौके पर राकेश चुघ ,दीपक बग्गा राजेंद्र राठी कृष्ण मालिक,नीलम परनामी,रवि गोस्वामी शाकिर अली, ,विरेंदर आर्य, देवन सलूजा, राजकुमार मुंडे आदि एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस डीएवी स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स-डे पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल, अंबाला शहर के ऑडिटोरियम में नर्सरी विंग में ग्रैंडपेरेंट्स डे के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में बच्चों के दादा-दादी ,नाना-नानी को आमंत्रित किया गया। बच्चों ने सभी ग्रैंडपेरेंट्स का स्वागत तिलक लगाकर और मौली पहना कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ इ-लाइटनिंग व डीएवी गान से किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने बताया कि ग्रैंडपेरेंट्स की परिवार में खास जगह होती है परिवार के संस्कार हमें हमारे दादा-दादी व



नाना-नानी से मिलते हैं। बच्चे अपने ग्रैंडपेरेंट्स के बहुत लाडले होते हैं। उनके साथ बहुत सुरक्षित महसूस करते हैं। हमें सदा उनका सम्मान करना चाहिए।
कार्यक्रम में आए दादा-दादी, नाना-नानी का स्वागत वेलकम सॉन्ग से किया गया। उनका अभिनंदन बच्चों ने अपने अंदाज में पूरे आदर भाव के साथ किया। नर्सरी के छोटे-छोटे बच्चों ने "हैप्पी" सॉन्ग के माध्यम से अपने ग्रैंडपेरेंट्स के प्रति अपने प्रेम भाव को दिखाया, जिसको देखकर सभी अति प्रसन्न हुए। बच्चों ने "रेट्रो डांस" की प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने 60-70 के दशक के गीतों पर सुंदर डांस प्रस्तुत किया ,जिसने ग्रैंडपेरेंट्स में भी जोश व उत्साह भर दिया। बच्चों ने दादा-दादी व स्वर्ग जैसा घर के विषय में डांस के माध्यम से बताया। उनकी जिंदगी में व परिवार में बड़े बुजुर्गों की क्या अहमियत है यह बताया। बच्चों ने गुजराती डांस गरबा प्रस्तुत किया ,जिसमे बच्चों का जोश व उत्साह देखते ही बनता था। सभी बच्चे गरबे की पोशाक में बहुत सुंदर लग रहे थे। ढोल व डांडियां के प्रयोग से उन्होंने अति सुंदर मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद बच्चों ने पंजाबी डांस से समा बांध दिया। पंजाबी डांस के माध्यम से उन्होंने परिवार की अहमियत बताई। परिवार के प्रत्येक सदस्य की घर में क्या अहमियत होती है यह बहुत सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति में दर्शक भावुक हो गए। उन्होंने बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति की सराहना की। अंत में कृष्णा डांस ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इसमें राधा कृष्ण की लीलाओं को बहुत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया।

## युवा विकास मंडल ने जल बचाओ अभियान कार्यक्रम का किया आयोजन

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**नेहरू** युवा केन्द्र सोनीपत के तत्वावधान में युवा विकास मंडल खरखौदा के द्वारा जल बचाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी श्री नवीन गुलिया जी के नेर्तत्व में बढ़चढ़ कर युवाओं ने भाग लिया गुलिया जी ने युवाओं को बताया कि होली का उत्सव रंगों का त्योहार हैं जिसमें पानी का खूब ज्यादा इस्तेमाल होता हैं होली के उत्सव को सूखे रंगों और फूलों से खेलना चाहिए ताकि जितना ज्यादा हो पानी का उपयोग कम



से कम हो और पानी का बचाव हो सके, क्योंकि अब पीने लायक पानी धरती पर कम मात्रा में बचा हुआ है इसलिए हम सब को पानी का इस्तेमाल सोच विचार कर करना चाहिए।
इस त्योहार को आपसी सहयोग और भाईचारे के साथ मनाना चाहिये ।इस दौरान युवा विकास मंडल के अध्यक्ष कुलदीप ने पानी बचाने की शपथ ग्रहण करवाई ।इस दौरान नेहरू युवा केन्द्र से संवसेवक मयंक राणा भी मौजूद रहे।

# मजलिस पार्क अग्रवाल सभा ने किया होली मिलन समारोह आयोजित






**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया आदर्श** नगर स्थित मजलिस पार्क के गली नं. 7 के बारात घर में मजलिस पार्क अग्रवाल सभा ने होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन कर होली के पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। होली मिलन समारोह में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे।

कार्यकर्ताओं के साथ-साथ शहर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी भारी संख्या में पहुंच कर समारोह में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सभी ने पूरे उत्साह के साथ एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान गीत-संगीत की धुनों पर सभी झूमते नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार मंगत राम सिंघल, आदर्श नगर से निगम पार्षद मुकेश गोयल, निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, पैरामेडिकल बोर्ड के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल सहित भारी संख्या में गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर प्रधान जगदीश गर्ग, सचिव घनश्याम दास गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुकेश बंसल के अलावा शिव नारायण बंसल, लक्ष्मीनारायण गोयल, लखपत बंसल, विजय जिन्दल मौजूद रहे।

**दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ:** होली मंगल मिलन का अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। अतिथियों का संस्था के सम्मानित सदस्यों ने अभिनंदन किया।

**हरयाणवी लोक संगीत ने बांधा समां:** कलाकारों ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम और हरयाणवी लोक संगीत से कार्यक्रम में समां बांध दिया और लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

हर किसी ने एक-दूसरे को गुलाल और रंग लगाकर होली पर्व की बधाई दी और मिष्ठान का आनंद उठाया।

**होली का त्योहार हमें हमेशा सन्मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है: पवन शर्मा**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पवन शर्मा ने कहा कि सभी को होली पर्व की बधाई। होली का त्योहार सामाजिक सद्भावना का प्रतीक है। इस त्योहार के कारण लोगों में सामाजिक एकता की भावना मजबूत होती है।

**होली भाई-चारे, प्रेम और सौहार्द्र के साथ रहने का त्योहार है: पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल**

दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल ने कहा कि होली अंदर के अहंकार और बुराई को मिटा कर सभी के साथ घुल-मिलकर, भाई-चारे, प्रेम और सौहार्द्र के साथ रहने का त्योहार है।







# शालीमार बाग में होली मंगल मिलन समारोह का हुआ आयोजन






**नई दिल्ली/तीरथ राज दिल्ली** के शालीमार बाग इलाके में अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग (रजि.) की ओर से होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसीपी शालीमार बाग स्वेदश कुमार, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, निगम पार्षद जलज चौधरी, पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, श्री ब्राह्मण सभा त्रीनगर के अध्यक्ष मोहन लाल गौड, अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग के मुख्य संरक्षक बालमुंकुद शर्मा गुरूजी ठंडई वाले, अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग के चेयरमैन गोविन्द शर्मा, अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग के अध्यक्ष एस.के.मुद्गल, कार्यक्रम संयोजक मुकेश शर्मा, अजय शर्मा, आरपी कौशिक, विकास वत्स, डॉ. हरि नारायण शास्त्री, यज्ञदत्त शर्मा, भगवती स्कूल से कौशल शर्मा, समाजसेवी सत्यपाल शर्मा, महासचिव डॉ. रिशि कांत शर्मा, केपी शर्मा, समाजसेवी बलराम गुप्ता, भाईचारा कमेटी के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, सतीश वत्स, उषा कौशिक, पुष्पा शर्मा, नेहा भारद्वाज, सीमा शर्मा, राजेश शास्त्री, राममेहर शर्मा सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। इस मौके पर अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग के चेयरमैन गोविन्द शर्मा व अध्यक्ष एस.के.मुदगल ने सभा के द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग की स्मारिका का भी विमोचन किया गया। इस मौके पर आये हुए गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की।

# फ्रंट ने पन्नू और अमृतपाल के फूंके पुतले



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया यूनाईटेड** हिन्दू फ्रंट ने आस्ट्रेलिया में हिन्दू मंदिरों पर हो रहे लगातार हमलों के विरोध में खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू और अमृतपाल सिंह के विरूद्ध प्रदर्शन किया तथा उनके पुतले फूंके। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए फ्रंट के अंतराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता भाजपा जयभगवान गोयल ने कहा कि निक्कमी आप सरकार के कारण पंजाब को एक बार पुनः आतंकवाद की आग में झांकने के प्रयास तेज हो चुके हैं। पंजाब में खालिस्तानी गतिविधियां चलाकर हिन्दुओं में भय का वातावरण पैदा करना है ताकि व यहां से पलायन कर जाएं। उधर पाकिस्तान एवं अन्य भारत विरोधी शक्तियां के हाथां खेल रहे खालिस्तानियां द्वारा कनाडा व आस्ट्रेलिया में मंदिरों पर निरंतर हमले करके हिन्दुओं को भयभीत करने के भी प्रयास तेज हो गए हैं। कनाडा सरकार खालिस्तानी समर्थकों की शरणस्थली बनी हुई है, अब आस्ट्रेलिया में भी वैसे ही प्रयास हो रहे हैं। जहां गुरपतवंत सिंह पन्नू को अविलंब भारत लाकर राष्ट्रद्रोह का मुकद्दमा चलाकर फांसी पर लटकाना चाहिए वहीं पंजाब में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अमृतपाल सिंह को भी तुरंत गिरफ्तार करने की हम जोरदार मांग करते हैं। श्री गोयल ने कहा कि पंजाब की युवा पीढ़ी को नशा और आतंकवाद से बर्बाद किया जा रहा है। देश के गृहमंत्री तक को धमकियां दी जा रही हैं। ऐसे में इन तत्वों को हल्के से लेने दूरगामी परिणाम पर गहरे चिंतन की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि हमारे संगठन ऐसे राष्ट्र विरोधी तत्वों की कड़ी भर्त्सना करता है। विदेशों में रह रहे हिन्दुओं और हिन्दू मंदिरों पर हमलों के विरोध में केन्द्र सरकार को वहां की सरकारों से बात कर-के कड़ी कार्रवाई करने की अपील करनी चाहिए। हम पंजाब के हिन्दुओं के साथ मजबूती से खड़े रहे है और भविष्य में भी आतंकवाद का डटकर विरोध करते रहेंगे।



रोहिणी में भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित होली मंगल मिलन कार्यक्रम के दौरान बादली विधानसभा भाजपा सहसंयोजक संजय शर्मा व पूर्व पार्षद विजय भगत व अन्य।

## महिलाएं समाज की प्रेरक शक्ति: सिंह

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया** महिलाएं समाज की प्रेरक शक्ति हैं और यह समय है उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के जश्न मनाने का। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली के नजदीक नोएडा इलाके में स्थित सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट ने "ट्रिप्टिक 2023" वार्षिक फैशन शो आयोजित किया। जिसमें टेक्सटाइल डिजाइन, फैशन डिजाइन, फैशन कम्युनिकेशन, पीजीडीएफडी और लाइफस्टाइल एक्सेसरीज से संबंधित 61 छात्राओं ने 15 थीम्स पर आधारित अलग-अलग कलेक्शन पेश किए गए। सत्यम संस्थान की चेयरपर्सन स्नेह सिंह और सेक्रेटरी प्रदीप गुप्ता ने छात्रों के जोश और रचनात्मकता की प्रशंसा की।

# नरेला आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा होली मंगल मिलन समारोह का हुआ भव्य आयोजन





**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया नरेला** आदर्श रामलीला कमेटी के द्वारा नरेला के रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में शनिवार को होली मंगल मिलन समारोह सह कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

समारोह में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने फूलों की होली खेलकर तथा गले लगकर एक दूसरे को होली की मंगल शुभकामनाएं दी और पूरे जोश व उत्साह के साथ जमकर नृत्य कर होली मंगल मिलन के कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें श्रोताओं ने काव्य रचनाओं का भरपूर आनंद उठाया। होली आपसी द्वेश और अहंकार मिटाने वाला पर्व है। जाति धर्म के भेद एवं संप्रदाय की सोच से ऊपर उठकर यह त्यौहार हमें आपसी भाईचारा बनाए रखने का संदेश देता है। सभी धर्मों के लोग गिले-शिकवे को भूल कर एक दूसरे को गले लगाकर इस पर्व को मनाते हैं। इसलिए इस पर्व को हिंदुओं का महान पर्व भी कहा जाता है। होली में बस कुछ ही दिन शेष है होली का खुमार हर तरफ चढ़ने लगा है। जगह-जगह होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नरेला आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा नरेला के रेलवे रोड स्थित नंदीमल धर्मशाला में होली मंगल मिलन समारोह सह विशाल कवि सम्मेलन का बड़ी ही धूमधाम से आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बांकनेर वार्ड-2 से निगम पार्षद व अर्जुन अवॉर्डी दिनेश भारद्वाज, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, पूर्व निगम पार्षद सविता खत्री, भाजपा किसान मोर्चा दिल्ली प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष जितेंद्र खत्री, दिल्ली प्रदेश कार्यालय मंत्री अमित कुमार, आर के इंटरनेशनल स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा, डायरेक्टर नरेंद्र शर्मा, भाजपा नरेला मंडल अध्यक्ष अशोक अमरोही, महामंत्री पवन खत्री (मोनी) नरेला मंडी के पूर्व चेयरमैन संजय बंसल, विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला अध्यक्ष सुरेंद्र गर्ग, उपाध्यक्ष मनोज बंसल, महामंत्री राजेश जैन, प्रमुख समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा, प्रसिद्ध गो सेवक सुनील खत्री प्रधान, फेडरेशन ऑफ नरेला के अध्यक्ष जोगेंद्र दहिया, सदाराम गुप्ता, सुनील खत्री, राजू अरोड़ा, राजेश भारद्वाज, रणबीर, मनोज एटलस सहित अनेक गणमान्य लोगों ने अपनी गरिमामई उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। नरेला आदर्श रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का पटका पहनाकर माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य गीतों व झांकियों के माध्यम से लोग थिरकते रहे। इसमें शिव पार्वती नृत्य को लोगों ने जमकर सराहा। इस दौरान सबने फूलों के साथ होली खेलकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। नरेला आदर्श रामलीला कमेटी के प्रधान राजेश खत्री ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों का पर्व होली हर किसी के दिल में प्रेम का रंग भरता है। यह न केवल सामाजिक समरसता और आपसी प्रेम को बढ़ाता है बल्कि समाज को भाईचारे के साथ जीने की सीख भी देता है। कार्यक्रम में सुरुचिपूर्ण भोजन की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में नरेला आदर्श रामलीला कमेटी के पदाधिकारी सभी सदस्य सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कैसे ब्रज की होली का अटूट हिस्सा बना चरकुला नृत्य!

**मथुरा/लोकेश चौधरी**
राधारानी की ननिहाल गांव मुखराई का चरकुला नृत्य का आयोजन 9 मार्च को होगा। महिलाओं ने नृत्य का अभ्यास शुरू कर दिया है। ब्रज में जहां भी होली महोत्सव का आयोजन होता है, वहां चरकुला नृत्य का आयोजन देखने को मिलता है। चूंकि चरकुला नृत्य होली का हिस्सा बना चुका है। चाहे मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि की होली हो या बरसाना की लठामार होली। चरकुला नृत्य के बिना होली का कार्यक्रम अधूरा सा दिखाई देता है। मान्यता के अनुसार होली के दूसरे दिन गांव



मुखराई में ग्रामीण महिलाओं द्वारा 108 जलते दीपों के साथ चरकुला नृत्य की परंपरा का निर्वाहन करती है। इस बार भी चरकुला नृत्य को लेकर महिलाएं तैयारियों में जुट गई हैं। इस अनूठी परंपरा का ब्रज की माटी से ही नहीं सात समुद्र पार तक आकर्षण बना हुआ है। मुखराई के चरकुला नृत्य की थाईलैंड, रूस, जर्मन, जापान, मॉरीशस, दुवई, इटली, इंडोनेशिया, श्रीलंका आदि विदेशी मंचों पर प्रस्तुति दी जा चुकी है।

**राधारानी के जन्म से जुड़ी है चरकुला नृत्य की कला**
चरकुला नृत्य की कला राधारानी के जन्म से जुड़ी हुई है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भाद्र मास की शुक्ल पक्ष अष्टमी को पिता वृषभानु और माता कीरत का आंगन आदि शक्ति राधारानी की किलकारियों से गूंज उठा था, जब यह बात राधारानी की नानी मुखरा देवी ने सुनी तो वह बहुत खुश हुईं। राधारानी के जन्म की खुशी में नानी मुखरा देवी ने आंगन में रखे गाड़ी (रथ) के पहिये पर 108 दीपक जलाकर सिर पर रखकर नृत्य किया। इसी को चरकुला नृत्य कहा गया। होली के दूसरे दिन गांव मुखराई में ग्रामीण महिलाएं 108 जलते दीपकों के साथ चरकुला नृत्य की परंपरा का निर्वाहन करती हैं।

**1980 के बाद गांव से बाहर होने लगे आयोजन**
दानी शर्मा ने बताया कि 1980 से पहले चरकुला नृत्य गांव की सीमा से बाहर नहीं गया था। बदलती सोच और समय के अनुसार मुखराई के कलाकारों द्वारा चरकुला नृत्य का आयोजन श्री कृष्ण जन्मभूमि मथुरा में किया गया। इसके बाद चरकुला नृत्य की प्रस्तुति विदेशी मंच मॉरीशस में दी गई। इसके बाद ब्रज के साथ-साथ विदेशों में भी चरकुला नृत्य की लोकप्रियता बढ़ती गई।

## शुरू हुई होली मिलन समारोहों की श्रंखला, एक दूसरे को बधाई दे रहे लोग

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
होली मिलन समारोह भी ब्रज की होली का हिस्सा बनते जा रहे हैं। कभी चैपाल और नुक्कड़ों पर जुटने की परंपरा रही थी। आधुनिक जीवन की भाग दौड भरी जिंदगी में होली मिलन समारोह इसी परिवर्तित रूप है। कोसीकलां के श्री बिहारी जी मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें होली के भजन एवं रसिया कलाकारों ने पेश कर सभी को मोह लिया। एक-दूसरे को चंदन का तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। तीन घटें से अधिक समय तक चले कार्यक्रम में वक्ताओं ने सभी को होली पर्व की बधाई दी और आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के



समय में आधुनिकता को अपनाने के साथ ही युवाओं को संस्कारों को भी अपनाना होगा। पंच यज्ञ प्रचारिणी सभा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन शिव मंदिर प्रांगण में मनाया गया। मंदिर में चल रही श्रीरामचरितमानस पाठ का समापन वैदिक यज्ञ के साथ संयोजक आचार्य विवेक उपाध्याय ने नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर एक दूसरे को चंदन लगाकर होली की बधाई दी। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल गोयल, ब्रह्म कीर्ति रक्षक दल के प्रवक्ता रामदेव भारद्वाज ने कहा कि होली प्रेम एवं भाईचारे का त्योहार है। योगेश धनौतिया, भूदेव प्रसाद शर्मा, दीपक भारद्वाज, राजपाल शर्मा, कमल कांत शर्मा, मोहरसिंह शर्मा, ऋषि राज रावत, दीपक ब्रजवासी, मदनलाल शर्मा, राजकुमार उपाध्याय, प्रवेश, दीपक यादव आदि थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कार सवारों पर फायर झोंकने के आरोप में युवक पकडा

**मथुरा।** चार मार्च की रात्रि में थाना हाईवे क्षेत्र में मथुरा गोवर्धन रोड पर कार में जा रहे लोगों पर जान से मारने की नियत से फायर करने के आरोपी अभियुक्त विष्णु पुत्र ओमवीर निवासी मोरा थाना जैत को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दिलीप कुमार शर्मा पुत्र लख्मी चंद शर्मा निवासी जनकपुरी बीएसए इजिनिरिग कालेज रोड थाना हाईवे ने थाना हाईवे पर तहरीर दी थी कि वह अपने पिता व पिता के दो दोस्तों के साथ नगर राजस्थान गया हुआ था। नगर से वापिस घर आ रहा था गोवर्धन रोड पर त्रिवेणी फैक्ट्री के पास एक कार सवारों ने उनको रुकवाने का प्रयास किया लेकिन वादी ने गाड़ी नहीं रोकी। जब उन्होंने गाडी की स्पीड बढाई तो इन लोगों ने गाड़ी को ओवरटेक करते समय तमन्चा से लोगों पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। जिससे सभी लोग बाल बाल बचगये और गाडी को लेकर भाग गया। पुलिस ने मथुरा गोवर्धन रोड पर सतोहा सीएनजी पैट्रोल पम्प के पास से आरोपित को गिरफ्तार किया है।

### गुमशुदा के परिवार से ठगी के प्रयास में युवक गिरफ्तार

**मथुरा।** 25 फरवरी को थाना हाईवे क्षेत्र से गुमशुदा लडके का बस स्टैंड पर चस्पा पम्पलेट से फोटो व परिवारजनों का नंबर लेकर उसके परिवारजनों को वाट्सऐप के माध्यम से ब्लैकमेल कर अवैध रूप से 50 हजार रुपये की मांग करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पांच मार्च को वकील कुमार पुत्र हरिश्चंद्र निवासी कृष्णा धाम कलोनी थाना हाईवे मथुरा द्वारा थाने पर तहरीर दी गयी कि वादी का भाई लोकेश बिना बताए घर से कहीं चला गया था। बड़े भाई सोनू के मोबाइल पर किसी अज्ञात व्यक्ति के व्हाट्सप मैसेज आ रहे हैं कि अपने भाई लोकेश को चाहते हो तो मुझे 50 हजार रुपये दे दो नहीं तो अपने भाई को भूल जाओ। इसकी शिकायत पुलिस थाने पर की गई। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए रोहित कुमार पुत्र हरिमोहन निवासी मो. सराय भोजराज थाना अतरौली जनपद अलीगढ को धौलीप्याऊ से स्टेट बैंक चैराहे को जाने वाली सडक से गिरफ्तार कर लिया।

### शराब से भरी कार छोड कर फरार हुए तस्कर

**मथुरा।** हरियाणा से तस्करी की शराब की खेप लेकर आ रहे तस्करों को पुलिस ने घेर लिया। पुलिस को देखकर तस्कर शराब से भरी कार को छोड भागे। पुलिस ने कार को कब्जे लेकर कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली कि हरियाणा की ओर से शराब की खेप एक लग्जरी गाडी से आनी है। दोपहर करीब दो बजे ब्रेजा कार में तस्कर जब सुपाना फालैन रोड पर पहुंचे तो उनका सामना पुलिस से हो गया। पुलिस की कार को देखते ही तस्कर कार को छोड़कर जंगलों में फरार हो गए। पुलिस ने शराब से भरी हुई कार को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### राधाकुण्ड में संचालित ई रिक्शा के पंजीकरण की मांग

**मथुरा।** राधाकुण्ड नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन पुत्र कृष्ण मुरारी ने ई रिक्शा चालकों की समस्याओं को लेकर गोवर्धन एसडीएम कमलेश गोयल को ज्ञापन सौंपा। कृष्ण मुरारी द्वारा कहा ई रिक्शा संचालक गरीब व मजदूर लोग है।इन लोगों की रोजी रोटी ई रिक्शा चला कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। जिसमें ई रिक्शा ओं संचालकों की समस्याओं को देखते हुए व्यवस्थित तरीके से ई रिक्शा संचालन का निर्णय लिया गया था। लेकिन समस्या का समाधान ना होने से जस के तस हालत बने हुए हैं।

### रोडवेज डिपो को मिली पांच नई बसों की सौगात

**हमीरपुर। राठ रोडवेज डिपो को परिवहन विभाग ने पांच नई बसों की** सौगात दी गई है। रोडवेज डिपो में बसों की जर्जर स्थिति व बसें कम होने से यात्री परेशान रहते थे। एआरएम राजेश सिंह ने बताया कि विभिन्न मार्गों के नई बसों को संचालित किया जाएगा। रविवार को विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी ने हरी झंडी दिखाकर सभी बसों को विभिन्न रूटों के लिए रवाना किया। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश सिंह ने बताया कि विभाग के द्वारा उन्हें जो नई बसें दी गई हैं। उनमें से एक राजधानी सेवा की बस है, जिसे राठ से सुबह 5 बजे लखनऊ के लिए संचालित किया जाएगा।

## बूथ स्तर पर खुद को मजबूत करेगी बीजेपी

औरैया। दिबियापुर विधानसभा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांती मिश्रा के द्वारा बूथ सशक्तिकरण की कार्यशाला का आयोजन दिबियापुर नगर के नारायणी मंडापम में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस मौके पर उनके साथ मंच पर भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपी चरन वर्मा,जिला महामंत्री चन्द्रकांत्ती मिश्रा जिला उपाध्यक्ष अमरचंद्र राठौर रहे । जिलाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा ने कार्यशाला की शुरूआत सभी मंचासीन के साथ दीनदयाल उपाध्याय एवम श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर की ।

# 10 मार्च से प्रारंभ होगा रंगनाथ मंदिर का ब्रहमोत्स्व

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन स्थित रामानुज संप्रदाय के प्रसिद्ध दिव्यदेश रंगनाथ मंदिर का दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव 10 मार्च से विविध धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठानों के साथ वैदिक परंपरानुसार आयोजित किया जा रहा है। ब्रज के अनूठे उत्सव को लेकर मंदिर प्रबंधन द्वारा दिव्याकर्षक तैयारिया की जा रही है। इस संबंध में रविवार को मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में अनघा श्रीनिवासन ने बताया कि रामानुज संप्रदाय की श्री वैष्णवीय परंपरा के प्रमुख दिव्यदेश में से एक श्री रंगनाथ मंदिर का अपनी विशिष्ट पूजा पद्धति के कारण उत्तर भारत के प्रमुखतम देवालयों में अलग



स्थान है। मंदिर के पुरोहित विजय मिश्र ने बताया प्रथम दिवस 10 मार्च को प्रातः काल ठाकुर रंगनाथ भगवान स्वर्ण निर्मित पूर्ण कोठी में विराजित होकर भक्तो को कृतार्थ करेंगे। इसी क्रम में ठाकुर गोदारंगमन्नार भगवान प्रतिदिन स्वर्ण रजत निर्मित वाहन सूर्यप्रभा,चंद्रप्रभा, गरुण जी,हनुमान जी, पालकी, सिंह,अश्व, सिंहशार्दुल पर विराजित होकर दर्शन देते हैं।लेकिन मुख्य आकर्षण विशालकाय चंदन निर्मित रथ यानि रथ का मेला है। जो अपनी अद्भुत कला शैली के कारण भक्तों में लोकप्रिय है। मंदिर के स्वामी रघुनाथ ने बताया कि लगभग 50 फीट ऊंचे रथ में ठाकुर जी चैत्र कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि पर अपने परिकर के साथ विराजमान होकर भक्तो को कृतार्थ करते हैं। रथ के मेले से पूर्व दिवस होली का आयोजन होगा।जिसमे ठाकुर जी कांच के विमान पर सवार होकर भक्तो पर कृपा रंग बरसाते है। वहीं रथ के मेले के अगले दिन भगवान स्वर्ण निर्मित अश्व पर सवार होते हैं। जिसमें बड़ा बगीचा पर भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया जाता है। सवारी के मंदिर वापसी पर भील लूटन लीला का आयोजन किया जाएगा। समापन 19 मार्च को अद्वितीय पुष्पक विमान से होगा। तदोपरांत स्वर्ण स्तंभ पर विराजित भगवान के प्रमुख वाहन गरुण जी को वेद मंत्रों से विदाई दी जाती है।

**इस वर्ष होली और हाथी की सवारी के समय में किया परिवर्तन**
इस वर्ष ब्रह्मोत्सव में 15 मार्च को होने वाली रंगनाथ मंदिर की होली की सवारी और हाथी की सवारी के समय में परिवर्तन किया गया है। इस बार 15 मार्च को होली की सवारी प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निकलेगी। वहीं हाथी की सवारी का समय शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। यह जानकारी मंदिर की सीईओ अनघा श्रीनिवासन ने दी।

## नववर्ष मेला समिति कार्यकारिणी घोषित

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नववर्ष मेला समिति की बैठक में कमलेश अरोड़ा को अध्यक्ष, प्रदीप श्रीवास्तव को महामंत्री और मुकेश शर्मा को मीडिया प्रमुख बनाया गया है। समिति द्वारा नव संवत्सर (हिन्दू नववर्ष) चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर 2080 की पूर्व संध्या के शुभ अवसर पर एक दिवसीय विशाल नववर्ष मेला चैत्र कृष्ण अमावस्या तदनुसार 21 मार्च 2023 को सेठ बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज मथुरा के मैदान पर आयोजित किया जायेगा। इस वर्ष नव संवत्सर (हिन्दू नववर्ष) 22 मार्च की पूर्व संध्या पर 21 मार्च 2023 को आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू नववर्ष मेला के संबंध में नववर्ष मेला समिति की



बैठक शनिवार को देर रात्रि सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में आयोजित की गई। बैठक में कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यकारिणी संरक्षक मंडल में सुरेश चंद्र अग्रवाल, नारायण दास अग्रवाल, जयप्रकाश शर्मा रहेंगे। मार्गदर्शक मण्डल में राजीव कृष्ण अग्रवाल, आचार्य ब्रिजेन्द्र नागर, प्रदीप अग्रवाल एवं बलदेव प्रसाद अग्रवाल रहेंगे। समिति का अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा एवं महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव को बनाया गया है। उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह लोधी, यादवेंद्र अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, डॉ. सीएल डुल्लू एवं डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह को बनाया गया। डॉ. दीपा अग्रवाल, योगेश उपाध्याय, अनिरुद्ध अग्रवाल एवं सुभाष सैनी को मंत्री बनाया गया।

## पिता ने चाकू गोदकर की बेटे की हत्या

बिजनौर। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में रविवार को एक पिता ने चाकू गोदकर बेटे की हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हाजीपुर गांव में 50 वर्षीय शाहिद ने किसी बात पर नाराज होकर अपने पुत्र गुलफाम (20) को चाकू गोदकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद वो वहां से भाग निकला। परिवार के लोग गुलफाम को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक गुलफाम फरीदाबाद में रहकर सैलून का काम करता था। पिता के बुलाने पर बेटा रविवार को ही घर आया था।

## राम मंदिर निर्माण को देखकर अभिभूत हुए अयोध्या के संत



**अयोध्या/टीम एक्शन इंडिया**
अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण तेजी चल रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन से जुड़े हुए सभी मठ मंदिरों के धमार्चार्यों को दर्शन के लिए रविवार को आमंत्रित किया। श्रीरामलला के मंदिर निर्माण की प्रगति से अयोध्या के संतो को रूबरू कराया गया। मंदिर निर्माण को देखकर अयोध्या के संत समाज अभिभूत हुआ । मंदिर निर्माण की प्रगति पर संतोष जताया और राम मंदिर निर्माण के लिए राम मंदिर ट्रस्ट को किया धन्यवाद ज्ञापित। सन्तों ने कहा 500 वर्षों के संघर्षों का प्रतिफल भगवान राम का मंदिर है। भगवान रामलला के निमार्णाधीन मंदिर की अप्रैल माह में छत डाली जाएगी । मंदिर निर्माण निर्माण की प्रगति को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से वीडिया व फुटेज जारी की जाती है, ताकि आम जनमानस मंदिर निर्माण की प्रगति को देख सके। इसी बीच रविवार को रामनगरी के प्रमुख संत-महंतों ने जन्मभूमि परिसर पहुंच राम मंदिर निर्माण की प्रगति देखी। इस दौरान ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने संतों-महंतों को मंदिर निर्माण के हर पहलुओं की विस्तार से जानकारी भी दी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से रविवार को मंदिर निर्माण की प्रगति से रूबरू कराने के लिए राम मंदिर आंदोलन से जुड़े सभी मठ मंदिरों के धमार्चार्यों को आमंत्रित किया गया था। राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन से जुड़े हुए पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती ने कहा कि मंदिर निर्माण की प्रगति से मन आह्लादित हो गया। जगदगुरु राम दिनेशाचार्य ने कहा कि मंदिर निर्माण बहुत ही अद्भुत तरीके से हो रहा है, 60 प्रतिशत से ज्यादा मंदिर का निर्माण पूरा हो चुका है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य समय से पहले पूरा करने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। सभी स्तंभों को खड़ा कर दिया गया है। अब इन पर बीम और छत को लगाए जाने का क्रम भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने आशा जताई है कि जनवरी 2024 में भगवान को विराजमान कराए जाने के लिए जो भी तैयारियां है।

## वृद्ध माताओं ने खेली आराध्य संग होली

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
राधाकुंड परिक्रमा मार्ग में जवाहर चौक पर स्थित वृंदावन द्वारा संचालित भगवान भजन आश्रम पर निराश्रित माताओं ने आराध्य संग गुलाल रंग और फूलों की होली खेली। विधवा माताओं ने अपने बेरंग जीवन में कन्हैया के रंगों का समावेस किया। जीवन के आखिरी पड़ाव पर भजन आश्रम में रहकर भजन कर रहीं माताओं के बेरंग जीवन में रंग भर गए। एक दूसरे पर गुलाल लगाया। कन्हैया और राधा रानी के ऊपर फूलों की बरसात की। विधवा माताओं ने जब कन्हैया के संग होली खेली तो उन्हें ऐसा लगा सारे संसार की खुशियां उन्हें मिल गई हों। भगवान भजन आश्रम के



प्रबंधक मधुसूदन शर्मा ने बताया कि बारह वर्षों से भगवान भजन आश्रम में होली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। होली महोत्सव वृद्ध माताओं के लिए यादगार समारोह का रूप लेता जा रहा है। भगवान भजन आश्रम में अधिकतर पश्चिम बंगाल की महिलाएं भजन कीर्तन करती हैं। वृद्ध और विधवा महिलाओं ने भगवान कृष्ण के भजन कीर्तन करते हुए कन्हैया के साथ होली खेली शेफाली दासी ने बताया हम जिंदगी से निराश हो चुके हैं। होली के कुछ ऐसे पल हमारे जीवन में आते हैं जिनके सहारे हमें अपने बेरंग जीवन में एक बार रंग भरने का अवसर मिलता है।

# संविधान के प्रति लोगों को कर रहे जागरूक

### तिरंगा शाखाओं में लोगों को बताया जा रहा संविधान का महत्व

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बहादुरपुरा शिवजी का नगला मनीष पुरम गढ़पुरा में आयोजित तिरंगा शाखाओं में देश की आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज को सलाम कर समवेत राष्ट्रीय गान गाया गया तथा संविधान की प्रस्तावना को दोहराया। बहादुरपुरा में तिरंगा शाखा के जिला प्रमुख सुरेश कुमार सैनी ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ी, जिसे सभी ने दोहराया। इस अवसर पर शाखा सेवियों को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि मथुरा जनपद में तिरंगा शाखाओं



के माध्यम से एक ओर जहां राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को पैदा किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर संविधान के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम बहुत जोर शोर से चल रहा है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है कि जनता अपने संविधान को समझे और उसमें दर्ज कर्तव्य एवं अधिकारों के अनुरूप कार्य करे। उन्होंने आगे कहा कि संविधान से ही कानून का राज सुनिश्चित होता है जो विगत की शासन व्यवस्थाओं से अलग है और प्रगति की ओर अग्रसर है। अब सत्ता और उसके द्वारा शासित जनता संविधान से ही तय होती है। राजतंत्र में राजा के मुख से निकले वाक्यों एवं आदेशों का पालन होता था जो अब संवैधानिक व्यवस्था में संभव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम द्वारा नई दरों से की जाने वाली गृहकर जल की वसूली पर रोक लगा दी गई है इस पर स्थानीय निवासियों ने कहा बहादुरपुरा में वसूली की गई है जो कि गलत है और नियमानुसार नहीं की जानी चाहिए। विभिन्न स्थानों पर लगी शाखाओं में शाखा प्रमुख विजय सिंह आप जिला अध्यक्ष भगत सिंह शाखा प्रमुख अंसार शाह अल्वी शाखा प्रमुख देवेंद्र सैनी शाखा प्रमुख धीरेंद्र आप यूथ विंग राज्य कमेटी सदस्य आदेश शर्मा शिवचरण पाल उर्फ लाला प्रिंस योगी राजीव कुमार विजय अमर मनीष राजेश शर्मा राजेश कुमार विशाल बघेल अमित कुमार मनोज कुमार नानक चंद दलीप सिंह गोलू राज कुमार मनोज पवन कुमार सुभाष केशव पाल आदि उपस्थित थे।

# दवा खिलाए बिना देहरी नहीं छोड़ती आशा कार्यकर्ता

**हमीरपुर/टीम एक्शन इंडिया**
नाम अंजूरानी, पेशा आशा कार्यकर्ता। शहर के वार्ड नं.17 खजांची मोहल्ले में बतौर आशा कार्यकर्ता अपनी सेवाएं दे रही हैं। रोज सुबह सूरज से पहले उठ जाती हैं। घर के कामकाज निपटाती हैं और 10 बजते-बजते हाथ में झोला और फाइल लेकर निकल पड़ती हैं, एक-एक घर दस्तक देने। बीमारों का हालचाल लेना, स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देना, गर्भवती को प्रसव पूर्व जांच कराने को तैयार करने जैसी कामकाज करते-करते कब शाम हो जाती है, पता नहीं चलता। फाइलेरिया अभियान में जब तक लोग दवा नहीं खाते, तब तक वह देहरी नहीं छोड़ती हैं। अंजूरानी बताती हैं कि अभी फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चल रहा है। वार्ड में कुल 158 घरों की जिम्मेदारी उनके ऊपर है। 10 फरवरी से रोज सुबह निकल जाती हैं। एक-एक घर में दस्तक देती हैं। किसी को दवा देकर नहीं लौटती, बल्कि अपनी मौजूदगी में अपने सामने जब तक लोग दवा नहीं खाते, वह दरवाजा नहीं छोड़ती। उन्होंने बताया कि अभी उनके वार्ड में एक-दो परिवार ऐसे हैं, जो दवा को लेकर शंका व्यक्त कर रहे हैं और अभी तक दवा का सेवन नहीं किया है। जबकि ऐसे आधा दर्जन परिवार जो दवा खाने को तैयार नहीं थे, उन्हें उन्होंने फाइलेरिया की गंभीरता से रूबरू कराकर दवा खाने को राजी कर लिया है। वार्ड में फाइलेरिया ग्रसित इकलौते मरीज की गतवर्ष वृद्धावस्था की वजह से निधन हो गया। वार्ड में एक भी फाइलेरिया ग्रसित मरीज नहीं है। एक महिला को दवा खाने की वजह से कुछ उलझन हुई थी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 06 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## न्यूज फ्लैश

### तालाब में उतराया मिला अधेड़ का शव

**मीरजापुर:** कोतवाली शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत कजरहवा पोखरा स्थित तालाब में रविवार को एक अधेड़ का शव पानी में उतराया मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को तालाब से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान घूरेलाल सोनकर पुत्र (52) स्व. फूलचंद सोनकर निवासी परमापुर टेडवा के रूप में हुई । मृतक के परिजन ने तीन मार्च को घूरेलाल की गुमशुदगी शहर कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई में जुट गई।

### हत्थे चढ़ा रंगदारी मांगने वाला गुर्गा

**हरिद्वार:** 50 लाख की रंगदारी मांगने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने के आरोपित कुख्यात सुनील राठी के गुर्गे को पुलिस ने दबोच लिया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि उन्होंने पुलिस की सीआईयू सहित अलग-अलग टीम गठित कर स्वयं मामले की मॉनिटरिंग की। इस मामले में पुलिस टीम ने इस मामले में नामजद आरोपित सुशील गुज्जर निवासी मिरगपुर थाना देवबन्द, जिला सहारनपुर-उ.प्र. को सिड़कुल क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से एक पिस्टल, 02 मैगजीन व 10 जिन्दा कारतूस बरामद किए हैं। गौरतलब है कि बूलेट प्रूफ स्कार्पियो गाड़ी में घूमने वाले आरोपित सुशील गुज्जर ने सुनील राठी के लिये काम करता है। विक्रांत मलिक निवासी बड़ा परिवार गुरुकुल, हरिद्वार से नवोदय नगर स्थित एक प्लॉट के मामले को निपटाने के एवज में 50 लाख की रंगदारी मांगी गई थी। जेल में बंद सुनील राठी और उसके गुर्गों ने फोन पर धमकी दी थी। रकम न देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गयी थी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की तहकीकात कर रही थी।

### भामाशाहों की धरती है बीकानेर, सेवा के लिए सदैव तत्पर

**बीकानेर:** मुक्ति संस्था द्वारा कुसुम देवी डागा स्मृति 15वां घुटना दर्द निवारण शिविर रविवार को ब्रह्म बगीचा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के पवन ने कहा कि बीकानेर भामाशाहों और दानदाताओं की धरती है। यहां के लोग सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। डागा परिवार, बीकानेर कि इस विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने मुक्ति संस्थान द्वारा सामाजिक सरोकार की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. भीमराव अंबेडकर फाउंडेशन के महानिदेशक मदन गोपाल मेघवाल ने की। उन्होंने कहा कि परहित से बड़ा कोई धर्म नहीं है। दुखी और पीड़ित व्यक्ति की सेवा करना हमारी परंपरा का हिस्सा रहा है। आज के दौर में यह बेहद प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि घुटना रोग से पीड़ित व्यक्ति को निशुल्क परामर्श और चिकित्सा देना कुसुम देवी डागा को सच्ची श्रद्धांजलि है। मुक्ति संस्थान के अध्यक्ष हीरालाल हर्ष ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा लगातार 15वीं बार यह शिविर आयोजित किया गया है। संस्था द्वारा अब तक 6 हजार से अधिक लोगों को निशुल्क परामर्श एवं चिकित्सा उपलब्ध करवाई गई है वहीं रविवार के शिविर में 450 लोगों को निशुल्क नीकैप उपलब्ध करवाए गए। इससे पहले मेघवाल और डॉक्टर पवन ने दीप प्रज्वलन कर शिविर की शुरूआत की। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा पारिवारिक आवश्यक किट वितरण किए गए। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र जोशी ने किया।

# 'औद्योगिक निवेश की ओर बढ़ा रहा यूपी'

## सीएम योगी ने बर्जर पेंट्स विनिर्माण इकाई का किया वर्चुअली शुभारंभ, संडीला में बनी है बर्जर पेंट्स की सबसे बड़ी विनिर्माण इकाई






**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को होली की पूर्व संध्या पर हरदोई के संडीला में बर्जर पेंट्स की सबसे बड़ी विनिर्माण इकाई का वर्चुअली उद्घाटन किया। अपने सरकारी आवास 5 कालिदास मार्ग से उन्होंने बटन दबाकर इकाई का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में निवेश कर रही विभिन्न कंपनियों से अपनी विनिर्माण इकाइयों के संचालन के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट सेंटर की शुरूआत करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इस तरह की इकाइयां न सिर्फ अपना विस्तार करेंगी बल्कि स्थानीय युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के एक बेहतरीन कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाने का काम करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज समय आ गया है जब हम स्थानीय इंस्टीट्यूशंस को भी इंडस्ट्री के साथ जोड़कर आने वाले समय के लिए मैनपावर की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्किल डेवलपमेंट के साथ भी अपनी इकाई को जोड़ सकते हैं। हाल ही में हमारी सरकार ने टाटा टेक्नोलॉजीज लि. के साथ 150 आईटीआई के एमओयू को आगे बढ़ाया है। जिसमें 35 हजार युवाओं को हम प्रतिवर्ष ट्रेनिंग देंगे। न्यू एज ट्रेड्स के साथ उनके स्किल डेवलपमेंट के कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। टीटीएल ने अपनी सहयोगी इकाइयों में उनके समायोजन की गारंटी भी दी है। अगले दस वर्ष तक वह राज्य सरकार के साथ इस कार्यक्रम के तहत जुड़ी रहेगी। मैं चाहूंगा कि कम से कम एक स्किल डेवलपमेंट का सेंटर भी आपके माध्यम से हरदोई, संडीला में स्थापित होता है तो औद्योगिक विकास विभाग या यूपीसीडा इसमें आपका सहयोग करेगा। इससे स्थानीय युवा न केवल एक सकारात्मक भाव के साथ इस स्किल डेवलपमेंट के साथ जुड़ेंगे बल्कि समय-समय पर हमारे जनप्रतिनिधियों को भी इस सेंटर के माध्यम से अन्य क्षेत्रों के विकास और नवाचार को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**औद्योगिक निवेश के नए युग की ओर बढ़ा यूपी:** सीएम योगी ने अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए कहा कि होली की पूर्व संध्या पर एक हजार करोड़ से अधिक के निवेश का धरातल पर

### 'प्रदेश में किए गए रिफॉर्म के परिणाम सबके सामने हैं'

**प्रदेश** में विकास की टाइमलाइन की ओर इशारा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर जिस मजबूती के साथ आगे बढ़ा है, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे हो, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे हो, गंगा एक्सप्रेसवे पर जिस तेजी के साथ कार्य प्रारंभ हुआ है, एयर कनेक्टिविटी जिस तेजी से आगे बढ़ी है, औद्योगिक संस्थानों ने जिस प्रकार से इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने का काम हुआ है, विद्युत की आपूर्ति में बिना भेदभाव के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने और हर औद्योगिक इकाई को ओपन एक्सेस सुविधा देने के बाद आज उत्तर प्रदेश में समय-समय पर जो रिफॉर्म किए गए उसके परिणाम निवेश के रूप में और रोजगार सृजन के माध्यम से सबको देखने को मिला है।

### 'आज यूपी के पास सेक्टोरल पॉलिसीज'

**प्रदेश** के हर हिस्से में हो रहे निवेश को इंगित करते हुए योगी ने कहा कि पहले जब भी निवेश की बात होती थी तो इसका मतलब एनसीआर माना जाता था। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, बहुत हुआ तो यमुना अथॉरिटी और गाजियाबाद। 2017 के पहले हमारे सामने चुनौती थी कि क्षेत्रीय आर्थिक विषमता को दूर करने के लिए क्या किया जाना चाहिए। निवेश बहुत हद तक लखनऊ तक पहुंच पाता था। लेकिन ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने इन सभी मिथकों को तोड़ा है। 10 लाख करोड़ रुपए के प्रस्ताव पूर्वी उत्तर प्रदेश को प्राप्त होना, 4.29 लाख करोड़ रुपए के प्रस्ताव बुंदेलखंड रीजन को प्राप्त होना, सभी 75 जनपदों के लिए निवेश प्रस्ताव का प्राप्त होना।

## भर्ती के नाम पर ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
**एसटीएफ** ने भारतीय युवा खेल परिषद के बेवसाइट भर्ती के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह भंडाफोड़ कर तीन को गिरफ्तार कर लिया है। गिरोह के सदस्यों के खातों में विगत 06 माह में करीब 55 लाख रुपये का लेनदेन हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि कुछ दिवस पूर्व एसटीएफ कार्यालय में उत्तराखंड के कुछ युवकों ने शिकायत की थी कि एक संगठित गिरोह भारतीय युवा खेल परिषद में फिजिकल एजुकेशन टीचर, भारतीय रेलवे, इन्कम टैक्स आदि विभागों में सरकारी नौकरी के पदों के लिये आनलाइन आवेदन मांगे जा रहे हैं और भर्ती कराने की एवज में फर्जी भर्ती सेन्टरों में ट्रेनिंग देकर मोटी रकम ली जा रही है। इस सम्बन्ध में एसटीएफ ने जांच में पाया कि भारतीय युवा खेल परिषद नाम से एक बेवसाइट बनी हुई है, जिसमें फिजिकल एजुकेशन टीचर जैसे विभिन्न पदों के लिये आनलाइन आवेदन पत्र उपलब्ध हैं। इसमें रजिस्ट्रेशन के लिये 700 रुपये की फीस निर्धारित की गई है। शुल्क भरकर आवेदन के पश्चात सेलेक्शन होने पर युवक/युवती को फिजीकल एजुकेशन टीचर पद के लिये उपयुक्त बताकर ट्रेनिंग के लिये हरिद्वार स्थित एक आश्रम में उपस्थित होने के लिये कहा जाता था।

इसके बाद उनसे परमानेन्ट सलेक्शन के लिये करीब 1.5 से 02 लाख रुपये का खर्चा बताकर यूथ एसोसिएशन के नाम से बने खाते के अलावा अपने खातों में पैसा जमा करा दिया जाता था। फिर युवक और युवतियों को कुछ दिवस की ट्रेनिंग देने के पश्चात ज्वाइनिंग लेटर का इंतजार करने के लिये कहकर वापस भेज दिया जाता है लेकिन फिर दोबारा उन्हें कोई सम्पर्क नहीं किया जाता है।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' का शुभारंभ किया।

## होली के हुड़दंग में भी जी-20 की खुमार

**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**
**काशीपुराधिपति** बाबा विश्वनाथ के साथ प्रतीक रूप से चिता भस्म की होली खेलने के बाद अब रंगों के पर्व की मस्ती और खुमारी युवाओं के सिर चढ़कर बोल रही है। नगर में जगह-जगह युवाओं और कलाकारों की टोली अबीर गुलाल की होली खेलने के साथ भंग के तरंग में भी दिखने लगी है। पाश कॉलोनियों से लेकर गंगा किनारे युवाओं की टोली पारम्परिक होली गीतों की मस्ती के बीच एक दूसरे पर अबीर-गुलाल उड़ा रही है। रविवार को रंगाजलि श्रीकाशी चौदह पचासी( 1485 )विद्वत परिषद् के बैनर तले जुटे युवाओं की टोली ने अस्सीघाट पर सुबहे बनारस के मंच पर भगवान शिव को रंगाजंलि अर्पित की। कार्यक्रम में बाबा विश्वनाथ,माँ गंगा व सभी देवगण को गुलाल अर्पित कर युवाओं ने रंगाजलि मनाई। गायक विजय कपूर ने होली के पारम्परिक गीतों के साथ आगामी दिनों में शहर में होने वाले जी-20 सम्मेलन पर आधारित गीतों की भी दमदार प्रस्तुति की। गायक कलाकार ने चुनाव पर आधारित राजनीतिक,व्यंग्यात्मक व हिन्दुत्व से ओत-प्रोत गीतों की बनारसी अंदाज में प्रस्तुति कर महफिल लूटी।

## एक बार फिर मिला पीआईए लिखित पाक गुब्बारा

**सांबा:** भारत पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के उस पार से आया एक गुब्बारा पुलिस ने बरामद किया है। यह गुब्बारा हवाई जहाज के आकार का है। जिला सांबा के घगवाल ब्लाक के मुट्ठी खुर्द गांव के रिहायशी इलाके में एक घर पर आकर यह गुब्बारा गिरा। गुब्बारे पर पीआईए लिखा हुआ था, जिससे साफ हुआ कि यह गुब्बारा सीमापार पाकिस्तान से आया है। गुब्बारे को देखने के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस टीम को दी।

## काशी विश्वनाथ धाम में अब मिलेगा मिलेट्स से बना लड्डू प्रसादम



**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**
**बाबा** विश्वनाथ की नगरी काशी से निकली हुई बात पूरी दुनिया में पहुँचती है। श्री काशी विश्वनाथ धाम से दिया गया सन्देश विश्वभर में फैले सनातनी मानते हैं।

योगी सरकार की पहल पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में अब मोटे अनाज (मिलेट्स) का चढ़ा हुआ लड्डू प्रसादम के रूप में बिकने लगा है। बता दें कि सन 2023 को संयुक्त राष्ट्र संघ 'मोटे अनाज दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा कर चुका है। मिलेटस कई तरह के पोषक तत्वों से युक्त होता है, जिसे खाने की अपील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी दुनिया से कर रहे हैं।

**साधा निशाना** विडियो क्लिप जारी करते हुए मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरु▯एक्का को कटघरे में खड़ा किया

# 'प्रधान सचिव को पदमुक्त कर केस दर्ज कराएं सीएम'



**रांची/टीम एक्शन इंडिया**
**भाजपा** विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोला। विडियो क्लिप जारी करते हुए मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण एक्का को कटघरे में खड़ा किया। बाबूलाल रविवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मरांडी ने कहा कि ये झारखंड के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव जो गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के भी प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का के काले कारनामों एवं महालूट का एक छोटा सा वीडियो क्लिप हमारे संज्ञान में लाया गया है। यह वीडियो देखकर आसानी से समझा जा सकता है कि झारखंड में सरकार कैसे चल रही है और कौन लोग चला रहे हैं? उन्होंने कहा कि ये पिछले दिनों ईडी के छापे के बाद चर्चा में आये सत्ता के एक मशहूर दलाल विशाल चौधरी के अरगोड़ा चौक के निकट के कार्यालय का वीडियो है। एक्का साहब वहां सरकारी फाइलें जिस तरह निपटा रहे हैं, इसे देखकर किसी भी आदमी को लज्जा आएगी। उन्होंने कहा कि जो महिला बगल में खड़े होकर ये फाइलें साइन करा रही हैं वो झारखंड सरकार की कर्मचारी नहीं, बल्कि दलाल विशाल चौधरी की प्राइवेट कर्मचारी है। बगल में जिसकी आवाज आ रही है वो विशाल चौधरी की आवाज बतायी जा रही है। विशाल किसी को फोन लगाकर पैसे के बारे में पूछ रहा है। उन्होंने कहा कि एक्का और विशाल अकेले नहीं है। ऐसे कई और दलाल, अफसर एवं सत्ताधारी लोग हैं जो मिल बैठकर टेंडर, ट्रांसफर आदि की फाइल पैसे लेकर अपने घरों से निपटा रहे हैं। इसकी विस्तृत जांच होगी तो इस सरकार और उसके अधिकारियों की हैरान करने वाली जानकारियां सामने आएंगी।



MARUTi nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB
COMPLETE
CTP UNIT
BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546